हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 22.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 237 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये

## आज से आईपीएल का आगाज, कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच उद्घाटन मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन यानी आईपीएल 2025 के शुरू होने में अब 24 घंटे का समय रह गया है। कल यानी शनिवार, 22 मार्च से आईपीएल 2025 का आगाज होगा। इस सीजन का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2025 की शुरूआत 22 मार्च से होगी, वहीं फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। आईपीएल 2025 में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इसमें लीग स्टेज में 70 मैच होंगे.। सभी 10 टीमें लीग स्टेज में 14-14 मैच खेलेंगी। आईपीएल 2025 के सभी मैच कुल 13 शहरों में खेले जाएंगे। आईपीएल 2025 के वेन्यू की बात करें तो वे इस प्रकार हैं- लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, विशाखापट्टनम, गुवाहाटी, बेंगलुरु, न्यू चंडीगढ़, जयपुर, कोलकाता और धर्मशाला।

**आईपीएल में बॉल पर थूक लगाने से पाबंदी हटी**

एक रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में गेंदबाजों को गेंद चमकाने के लिए थूक के इस्तेमाल की अनुमति दे दी गई है।



पांच साल पहले कोविड के दौरान ये पाबंदी लगाई गई थी। क्रिकेट की चर्चित वेबसाइट क्रिकइन्फो के मुताबिक गुरुवार को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) के साथ बैठक के दौरान आईपीएल टीमों के ज्यादातर कप्तानों ने इस फैसले का समर्थन किया। मई 2020 में कोविड के दौरान डॉक्टरी सलाह पर गेंद को चमकाने के लिए थूक के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाई गई थी। हालाँकि गेंद चमकाने के लिए खिलाड़ी को पसीना लगाने की अनुमति थी. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी ने सितंबर 2022 में इस पाबंदी को स्थायी बना दिया था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 को लेकर राजस्थान रॉयल्स की टीम पूरी तरह से जुट हो चुकी है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में खिलाड़ियों ने नेट प्रैक्टिस की। टीम के युवा सितारे ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अभ्यास सत्र में कप्तान रियान पराग के साथ युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और कुणाल सिंह राठौर ने जमकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। इन खिलाड़ियों ने नेट्स में तेज और स्पिन दोनों तरह की गेंदों का सामना किया और अपनी तकनीक को मजबूत किया। टीम प्रबंधन इस बार खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर खास सतर्क है। खिलाड़ियों के लिए नियमित स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कार्डियो सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। फिजियोथैरेपिस्ट और ट्रेनर्स खिलाड़ियों की फिटनेस को और बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं। आईपीएल 2025 को लेकर राजस्थान रॉयल्स के फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर प्रशंसक अपनी टीम का समर्थन कर रहे हैं।

## एक नजर

### उत्तराखंड में 110 मदरसों पर लगा ताला

**देहरादून :** धामी सरकार का उत्तराखंड में अवैध मदरसों के खिलाफ एक्शन लगातार जारी है। अब तक पूरे राज्य में 110 मदरसों को सील किया जा चुका है। गुरुवार को उधम सिंह नगर जनपद में 16 और हरिद्वार में दो अवैध मदरसों को सील कर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संदेश साफ है कि प्रदेश के मूल स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी धर्म की आड़ में अवैध गतिविधियों में संलिप्त होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले एक माह से उत्तराखंड प्रशासन अवैध मदरसों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। यह मदरसे बिना सरकार की अनुमति के संचालित किया जा रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। इसका व्यापक असर भी देखने को मिल रहा है। पूरे प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

### पाकिस्तान में मुठभेड़,10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुई मुठभेड़ में कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों का नेतृत्व कर रहे कैप्टन हसनैन अख्तर की जान चली गई। सेना की मीडिया विंग ने कहा कि सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर 20 मार्च को आतंकवादियों को घेरा। इस दौरान दोनों ओर से हुई गोलीबारी में 10 आतंकवादियों को मार गिराया गया। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि भीषण गोलीबारी में सुरक्षा बलों का नेतृत्व कर रहे कैप्टन हसनैन अख्तर की जान चली गई। 24 वर्षीय सैन्य अधिकारी अख्तर झेलम जिले के निवासी थे। मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने इलाका घेर रखा है और बाकी आतंकवादियों की तलाश की जा रही है।

### रांची से देवघर जाने वाली विमान सेवा अचानक हुई बंद

**रांची :** रांची से देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह खबर चिंता का विषय बन गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने रांची से देवघर के बीच प्रतिदिन चलने वाली विमान सेवा को अचानक बंद कर दिया है, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा के तरीके में बदलाव आ गया है। पहले यह विमान सेवा रोजाना दोपहर 12:50 बजे रांची से उड़ान भरती थी, और महज 50 मिनट से 1 घंटे में देवघर पहुंचा देती थी। यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए बेहद सुविधाजनक थी, क्योंकि वे एक ही दिन में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करके वापस लौट सकते थे।अब, इस विमान सेवा के रद्द होने के बाद श्रद्धालुओं को ट्रेन या सड़क मार्ग का सहारा लेना होगा, जिससे यात्रा का समय भी बढ़ जाएगा। यह बदलाव श्रद्धालुओं के लिए असुविधाजनक हो सकइंडिगो एयरता है, क्योंकि ट्रेन और बसों की यात्रा में अधिक समय और परेशानी हो सकती है। लाइंस ने इस सेवा को रद्द करने के पीछे ऑपरेशनल कारणों का हवाला दिया है, लेकिन यह निर्णय अचानक लिया गया है, जिससे यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

# राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उठा रहे ठोस कदम : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जीवन शैली में बदलाव, रहन-सहन, खान -पान, पर्यावरण और जेनेटिक कारणों से आज डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। हर घर में कमोबेश ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही है। अगर हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क नहीं हुए ,तो ऐसी बीमारियां हमारी जिंदगी के लिए खतरा बन सकती है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ की ओर से आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिसीज थ्रू हेल्दी डाइट्स पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




### जीवन शैली में बदलाव लाने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जिंदगी के लिए खतरनाक बनती जा रही कैंसर और हृदय रोग जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाने के साथ खान- पान में हेल्दी डायट्स के इस्तेमाल एवं ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियों (फिजिकल एक्टिविटीज) पर फोकस करने की जरूरत है। अगर हम लापरवाही बरतते हैं तो आगे चलकर ऐसी बीमारियों के इलाज में काफी खर्च करना पड़ सकता है, वहीं पूर्ण स्वस्थ होने की गारंटी भी नहीं दी जा सकती है।

### पूरे राज्य का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तरह-तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही है। ये बीमारियां कैसे और किन लोगों को अपनी चपेट ले रही है, इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर विशेष जोर है, ताकि बीमारी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव हो सके । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है, ताकि लोगों को होने वाली बीमारी की पहचान के साथ उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

### राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग बीमारियां व्याप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई ऐसे हिस्से हैं, जहां लोगों में विशेष तरह की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती है। सिमडेगा जैसे जिलों में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम है, तो साहिबगंज और संथाल के हिस्सों में कालाजार का प्रभाव ज्यादा है ।ऐसी और भी कई बीमारियां हैं, जो क्षेत्र विशेष में विशेष रूप से लोगों को हो रही है। ऐसे में क्षेत्र विशेष तथा वहां व्याप्त बीमारियों को चिन्हित कर उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है, ताकि उन इलाकों में रहने वाले लोगों और उनकी आने वाली पीढियां को ऐसी बीमारियों से बचाया जा सके।

### अपने खान-पान में मिलेट्स का करें उपयोग, जंक फूड्स से रहें दूर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई-नई बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इसके पीछे कहीं ना कहीं सबसे बड़ी वजह हमारा खान-पान है । आज ज्यादा से ज्यादा जंक फूडस का इस्तेमाल बच्चों को बीमार बना रहा है और आगे चलकर उन्हें कई गंभीर बीमारियां भी हो रही है । अगर हमें अपने को स्वस्थ रखना है, तो अपने खान-पान में लोकल इंडिजिनस फूड्स ( मिलेट्स) लेना होगा। बच्चों को जंक फूड्स की बजाय हेल्दी डाइट्स दें। आज हमें अपने फूड हैबिट्स में बदलाव लाना बेहद जरूरी है।

### जन्म के साथ होने वाली बीमारियों की जांच के साथ इलाज की व्यवस्था होनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बच्चों में जन्म के साथ कई बीमारियां हो जाती है। बीमारियों का अगर समय पर इलाज नहीं हुआ तो बच्चे की स्थिति काफी खराब हो सकती है । ऐसे में जरूरी है कि नवजात में होने वाली बीमारियों की प्रॉपर जांच के साथ उसका तुरंत समुचित इलाज होना चाहिये। इस दिशा में भी हमारी सरकार ने कई ठोस कदम उठाया हैं, ताकि बच्चों को रोग मुक्त रख सकें।

### यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की भागीदारी काफी सराहनीय

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के दूर- दराज के इलाकों में रहने वाले गरीब ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भागीदारी रही है। आज राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है। हमारा प्रयास है कि जंगल, पहाड़ों, तलहटी और सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी इलाज की अच्छी सुविधा उपलब्ध करा सकें और इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कई रोगों के उन्मूलन की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र महतो, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन समेत कई और विधायक गण, यूनिसेफ की आस्था अलंग एवं डॉ कनीनिका मित्रा तथा अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

## ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल का मुआवजा देगी झारखंड सरकार : शिल्पी नेहा तिर्की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मूसलधार बारिश और ओलावृष्टि के बाद किसानों को हुए फसल नुकसान का आकलन शुरू हो गया है। कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फसल नुकसान के मुआवजे के भुगतान को लेकर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी से वार्ता की है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच प्रखंडों के अधिकारियों ने फसल नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। मंत्री ने अधिकारियों को फसल नुकसान का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। इसके बाद, प्रखंड और अंचल के पदाधिकारियों को तीन दिनों के अंदर जिला मुख्यालय में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश और ओलावृष्टि में किसानों ने खेतों में फसल को भारी नुकसान होने की लगातार शिकायत की है। रिपोर्ट के आधार पर किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा राशि जल्द से जल्द भुगतान करने की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया गया है। आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वस्त किया है कि सरकार किसानों को मुआवजा देने के लिए जल्द ही उचित कदम उठाएगी।

### मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट जाकर वित्त मंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली




**रांची :** झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार को विशेष विमान से दिल्ली ले जाया गया है। एयरपोर्ट स्थित स्टेट हैंगर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले 19 मार्च की रात अचानक वित्त मंत्री की तबीयत बिगड़ गयी थी। सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें ऑर्किड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली स्थित मेडिका में रेफर कर दिया है।

## बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के खिलाफ छत्तीसगढ़ के रायपुर कोर्ट में मामला दर्ज

एजेंसी

**रायपुर :** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के खिलाफ छत्तीसगढ़ के रायपुर कोर्ट में मामला दर्ज हुआ है। यह मामला अधिवक्ता फैजान खान ने विमल पान मसाला, फेयर एंड हैंडसम और रमी के विज्ञापनों को भ्रामक बताते हुए बॉलीवुड एक्टर शाहरूख खान के खिलाफ रायपुर कोर्ट में केस दर्ज कराया है। अधिवक्ता फैजान खान का आरोप है कि शाहरुख खान जैसे बड़े अभिनेता उन उत्पादों का विज्ञापन कर रहे हैं, जो युवाओं को गलत दिशा में ले जा सकते हैं। उन्होंने खासतौर पर विमल पान मसाला, फेयर हैंडसम क्रीम और ऑनलाइन बेटिंग ऐप्स के विज्ञापनों का जिक्र किया है। इस मामले में



अधिवक्ता फैजान खान और अधिवक्ता विराट वर्मा के बहस के बाद रायपुर की दंडाधिकारी कृति कुजूर के न्यायालय ने तुरंत संज्ञान लिया और सिविल केस नंबर 99/2025 के तहत मुकदमा रजिस्टर किया है। उनके खिलाफ भ्रामक विज्ञापन कर युवाओं को गुमराह करने का का आरोप लगाया गया है। इस मामले में 29 मार्च को सुनवाई होगी। अधिवक्ता फैजान खान ने आज बताया कि शाहरुख खान पर आरोप है कि वे सेलिब्रिटी हैं, लेकिन इस तरह के भ्रामक विज्ञापनों से देश के युवा-बच्चे भ्रमित होकर कैंसर, गरीबी जैसी बीमारियों के लिए प्रेरित हो रहे हैं। अधिवक्ता फैजान खान ने गूगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (यूट्यूब इंडिया), अमेजन इंडिया (प्राइम वीडियो), नेटफ्लिक्स इंडिया, एम्स लिमिटेड (फेयर एंड हैंडसम), आईटीसी लिमिटेड (विमल पान मसाला), हेड डिजिटल वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड (ए23 रमी) के खिलाफ भी केस दर्ज कराया है। इन सभी पर उन्होंने आरोप लगाया है कि इनके द्वारा प्रसारित विज्ञापन युवाओं और बच्चों को प्रभावित कर रहे हैं और उनके स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता फैजान खान को शाहरुख खान को फोन से गत 5 नवंबर-2024 को जान से मारने के साथ ही 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग करने के आरोप में पिछले वर्ष नवंबर माह में मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिवक्ता फैजान के खिलाफ मुंबई के बांद्रा पुलिस थाने में बीएनएस की धारा 308 (4)351 (3)(4) के तहत मामला दर्ज है। जांच के दौरान अधिवक्ता फैजान ने बताया था कि उसका फोन गुम हो गया था। इसकी जानकारी भी उसने रायपुर के खमारडीह थाने में दर्ज कराई थी।

## एम्स ने स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में एक मानक स्थापित किया है : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भारत मंडपम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के 49वें दीक्षांत समारोह में कहा कि एम्स नई दिल्ली ने स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में एक मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज स्नातक होने वाले डॉक्टर और शोधकर्ता हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि एम्स गीता के कर्मयोग की चलती हुई प्रयोगशाला है। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न विषयों में कुल 1,886 डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें 77 पीएचडी स्कॉलर, 363 डीएम एवं एमसीएच विशेषज्ञ, 572 एमडी, 76 एमएस, 49



एमडीएस, 74 फेलोशिप, 172 एमएससी, 191 एमबीबीएस और 312 बीएससी शामिल हैं। एम्स में सराहनीय सेवाओं के लिए 8 डॉक्टरों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। 28 छात्रों और डॉक्टरों को पदक और पुस्तक पुरस्कार जबकि 9 को प्रशंसा पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एम्स एक गौरवपूर्ण मेड-इन-इंडिया सफलता की कहानी है और यह पूरे देश में अनुकरणीय मॉडल है। यह विशेष रूप से कोविड-19 जैसी महामारी के समय में पथप्रदर्शक अनुसंधान में सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा, एम्स की जिम्मेदारी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और अनुसंधान से परे है। यह एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देने तक फैली हुई है जहां हर हितधारक की आवाज सुनी जाती है, जहां संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाता है और जहां उत्कृष्टता आदर्श है। आज स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य सेवा में प्रगति के साथ जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है।

एक नजर

## वज्रपात से दो मवेशी की मौत, मुआवजे की मांग

**बड़कागांव :** शुक्रवार को लगातार सुबह से बारिश एवं वज्रपात के कारण बड़कागांव प्रखंड के पश्चिमी पंचायत निवासी डुगर महतो की दो मवेशियो की मौत वज्रपात सी हो गई। किसान डुगर महतो ने बताया की हर दिन की तरह मैं बड़कागांव चोरका नदी के किनारे मवेशियों को रखे हुए था, लेकिन वज्रपात के कारण मेरी दोनों मवेशी मर गए । जिससे मुझे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। मैं एक किसान हूं, जीविकोपार्जन के लिए कृषि पर निर्भर हूं, मेरे बैलों की मौत हो जाने कारण अब मैं खेती-बाड़ी कैसे करूं, चिंता सता रही है। मामले को लेकर पश्चिमी पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ताकि किसान को आर्थिक सहयोग मिल सके और वह फिर से अपनी परिवार का जीविका चलाने के लिए आर्थिक संकट का सामना ना करें।

## पाण्डेयबारा में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को सीओ ने किया जब्त

**चौपारण :** जिला प्रशासन के द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन रोकने के लिए प्रखंड प्रशासन को शख्त निर्देश दिया गया है। लेकिन बालू तस्कर प्रशासन के आँख में धूल झोंककर लगातार बेधड़ले से बालू तस्करी कर रहे हैं। जिसकी सूचना प्रखंड प्रशासन को लगातार मिल रही है। इसी क्रम में क्षेत्र के भ्रमण में निकले सीओ सजंय यादव ने पाण्डेयबारा चौक के समीप एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर परिवहन करते पाया। जिसे जब्त कर चौपारण थाना को सुपुर्द कर दिया गया। इस सम्बन्ध में सीओ संजय यादव ने कहा कि नियम संगत कारवाई होगी। वही छापामारी की सुचना बालू तस्करों को मिलते ही सभी ट्रैक्टर जहां-तहां छुपा दिए। बता दें हजारीधमना एवं पेटादरी बड़ाकर नदी से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर द्वारा सिंघरावां एवं पाण्डेयबारा क्षेत्र में बेधड़ले से बालू तस्करी किया जाता है।

## भाजपा नेता गणेश यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से की शिष्टाचार मुलाकात



**बरही :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बरही मध्य जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव ने रांची में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान गणेश यादव ने बुके देकर रघुवर दास का स्वागत किया और कहा कि भाजपा संगठन में उनकी वापसी से कार्यकताओं को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी कार्यकर्ता उनके नेतृत्व को स्वीकार कर रहे हैं और इससे संगठन और मजबूत होगा। मुलाकात के दौरान बरही के पूर्व प्रमुख गिरधारीलाल यादव और भाजपा नेता संजय कुशवाहा भी उपस्थित रहे।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह की पुण्यतिथि पर होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**बरही :** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा उनके आवास पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 23 मार्च 2025 रविवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे चौपारण स्थित निवास स्थान पर आयोजित होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने सभी सम्माननीय मित्रों, सहयोगियों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

# कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर और शिक्षा से वंचित न रहे : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** समग्र शिक्षा अभियान पलामू के तत्वावधान में डालटनगंज के दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, डीपीआरओ डॉ असीम कुमार, डीएसई संदीप कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रमिला देवी, सचिव राजेंद्र पाण्डेय व उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। एडीपीओ संजय कापरी ने सम्मेलन में प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में मुखिया के कार्य और दायित्वों पर प्रकाश डाला। मौके पर डीसी शशि रंजन ने मुखिया से संवाद कर विद्यालय को सुदृढ़ करने में उनके प्रयास और होने वाली कठिनाईयों के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कुछ प्रयासों की सराहना भी की । उन्होंने मुखिया का आह्वान करते हुए कहा कि अच्छा कीजिएगा तो अच्छा होगा। विद्यालय को पानी-बिजली के साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर और शिक्षा से वंचित न रहे। साथ ही विद्यालय में बागवानी, किचेन गार्डन और अनुशासन हो ताकि शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण बने। उन्होंने विद्यालय भवन की कमी दूर करने एवं अतिक्रमण हटाने संबंधी समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। दूसरे सत्र में डीडीसी शब्बीर अहमद ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 63 मुखिया को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए उनसे दिलचस्पी लेकर काम का निष्पादन करने एवं अभिलेखों के संधारण पर बल दिया। डीएसई संदीप कुमार ने लोक भागीदारी में मुखिया की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जिस पंचायत के मुखिया सजग हैं, वहां के विद्यालय का सही संचालन हो रहा है। डीपीआरओ डॉ असीम कुमार ने वर्तमान समय में शिक्षा में सूचना तकनीक के उपयोग को जरूरी बताया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बाल विवाह रोकने एवं अनेक लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनोज मिश्र, उज्ज्वल मिश्र, राजेश कुमार, क्रांति कुमार, राजीव चौबे, शादाब खान, विकास दूबे, आमोद कुमार, रामसरेख पाण्डेय, विजय शुक्ला सहित अन्य शामिल थे।

## झारखंड विधानसभा में उठा तिलैया जलाशय से विस्थापितों का मुद्दा



प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में तिलैया जलाशय से विस्थापित परिवारों की समस्याओं को लेकर तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, जमाबंदी पर्चा न मिलने और सरकारी योजनाओं से वंचित रहने को लेकर कई अहम सवाल उठाए। विधायक मनोज यादव ने सरकार से सवाल किया कि क्या यह सही है कि 1951-52 में तिलैया जलाशय निर्माण के दौरान हजारीबाग जिले के बरही अंचल के नाथुवामारन चचरो, पडीरमा, माधोपुर गांव के लोगों को विस्थापित कर कोलंगा, बसरिया (पंचमाधव), लचुडीह, गाजो, हरला में पुनर्वासित किया गया, लेकिन अब तक उन्हें जमाबंदी पर्चा नहीं मिला है? इसके अलावा विधायक श्री यादव सवाल किया है कि क्या यह सही है कि 2016 में जारी विभागीय संकल्प संख्या-820 के तहत भू-अर्जन से प्रभावित विस्थापित परिवारों को पुनर्वास स्थल और आवंटित भूमि का स्वामित्व देने का निर्देश दिया गया था क्या यह सही है कि विस्थापित परिवारों को जमाबंदी पर्चा नहीं मिलने से वे सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। जिसके जवाब में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री ने स्वीकार किया कि दामोदर घाटी निगम से विस्थापित कुल 38 रैयतों को शुद्धि पत्र जारी किया गया है। इसमें मौजा-बसरिया में 0.56 एकड़ भूमि के लिए 4 शुद्धि पत्र और मौजा-कोलंगा में 40.5852 एकड़ भूमि के लिए 34 शुद्धि पत्र जारी किए गए हैं। हालांकि, अधिकांश प्लॉट वन भूमि के रूप में अधिसूचित होने के कारण जमाबंदी प्रक्रिया में कठिनाई आ रही है।

## प्रखंड मुख्यालय में पीडीएस डीलर को एक दिवसीय प्रशिक्षण का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के अध्यक्षता में तथा प्रमुख फुलवा देवी एवं मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार के उपस्थिति में प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला ट्रेनर छत्रधारी कुमार ने ी पोस मशीन से संबंधित जानकारी सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को दिया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने आपूर्ति विभाग से संबंधित सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें ससमय राशन वितरण एवं केवाईसी करना मुख्य रूप से निर्देशित किया गया । जिन लाभुकों का शत प्रतिशत केवाईसी से नहीं हो पा रहा है उनके कारण सहित सूची उपलब्ध करने के लिए 21 मार्च 2025 से लेकर 28 मार्च 2025 तक केवाईसी सप्ताह मनाने का विभागीय आदेश का पालन करने हेतु निर्देश दिया गया। जिनका ई केवाईसी 31 मार्च 2025 तक नहीं होता है उनका नाम श्वेता राशन कार्ड से हट जाएगा। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के द्वारा सभी जन वेतन प्रणाली विक्रेता को निर्देश दिया कि लाभुकों को सभी विक्रेता समय से राशन दे जिससे गरीब कार्डधारी को परेशानी ना हो और ई केवाईसी समय पर संपन्न करावे का निर्देश दिया। प्रमुख फुलवा देवी ने कहा राशन वितरण समय पर करे लाभुको को परेशानी ना । कार्यक्रम का संचालन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर राज ने किया। उपस्थित सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने में सतेंद्र गुप्ता रामेश्वर राम, चरण राम ,प्रकाश राम ,राजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, योगेश्वर रविदास, कुंदन कुमार ,कुमार तारम रंजन,तिलेश्वरी देवी ,उर्मिला देवी,करुणा देवी आदि उपस्थित रहे।

## सदर विधायक ने रामनवमी जुलूस में डीजे पर रोक क्यों सदन में मुखर रूप से उठाए सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी महापर्व और भव्य शोभायात्रा को लेकर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने रामनवमी जुलूस में डीजे बजाने पर लगाई जा रही प्रशासनिक पाबंदी का विरोध करते हुए इसे आस्था और परंपरा पर प्रहार बताया। विधायक ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी एक अंतरराष्ट्रीय पर्व है, जिसे देखने देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान करीब 4 लाख से अधिक राम भक्त सड़कों पर निकलते हैं, लेकिन प्रशासन हर वर्ष डीजे बजाने की अनुमति देने में आनाकानी करता है, जिससे श्रद्धालुओं में असंतोष रहता है।

सरहुल, कर्मा पूजा में डीजे की अनुमति तो रामनवमी में क्यों नहीं

सदर विधायक ने सवाल उठाया कि झारखंड में अन्य धार्मिक पर्वों जैसे सरहुल, कर्मा पूजा में डीजे बजाने की छूट दी जाती है, तो फिर रामनवमी के दौरान ही इस पर रोक क्यों लगाई जाती है उन्होंने कहा कि यह भेदभाव पूर्ण नीति धार्मिक भावनाओं को आहत करती है और इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

राजकीय महोत्सव और कार्निवल के रूप में मनाने की मांग

विधायक ने सदन के माध्यम से मांग की कि हजारीबाग की रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया जाए और इसे कार्निवल के रूप में मनाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति भव्य झांकियां निकाली जाएं और डीजे बजाने की छूट मिले, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और उल्लास में कोई कमी न आए। 100 वर्षों से अधिक का गौरवशाली इतिहास सदर विधायक ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी का 100 वर्षों से भी अधिक पुराना गौरवशाली इतिहास है। इसे भव्य रूप से मनाने की परंपरा को बनाए रखना आवश्यक है, ताकि यह पर्व अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को बरकरार रख सके। उन्होंने सरकार से मांग की हजारीबाग की रामनवमी को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं साथ शोभायात्रा के दौरान डीजे बजाने की अनुमति दी जाए।

## शहीद स्थल लोटा में शाहिद रघुनाथ महतो की मनायी गयी जयंती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली 21 मार्च को भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी चूआड विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो जयंती पर सिल्ली प्रखंड के लोटा गढ़तेतर में वीर शहीद रघुनाथ महतो की जयंती मनाया गया। शहीद स्थल पर माल्यार्पण किया गया एवं साथ ही साथ उपस्थित वक्ताओं के द्वारा वीर सहित रघुनाथ महतो के जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया एवं वीर शहीद के तारों से पूरा शहीद स्थल गूंज उठा। मौके पर जन्म जयंती वीर शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति लोटा सिल्ली के सदस्य गण एवं समाज के बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर परमानंद महतो विकास महतो मिथुन चंद महतो टोटेमिक कुडमी कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष रघुनाथ महतो केंद्रीय सदस्य घनश्याम महतो, एवं कार्तिक चंद्र महतो, शंकर महतो, उपेंद्र महतो, ललित रजक, मानिक, अजय, कृष्णा, शशि रंजन महतो, नंदलाल महतो, जितेंद्र नाथ महतो, रंजीत महतो,आदि शामिल हुए।

# रामनवमी के सफल संचालन के लिए रामभक्त अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : प्रशांत कुमार प्रधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग की रामनवमी 2025 के संचालन को लेकर महासमिति अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें बसंत यादव विजयी हुए महासमिति अध्यक्ष पद के लिए चार रामभक्तों ने अपनी दावेदारी पेश की थी जिसमें बसंत यादव को 116 मत विशाल बाल्मीकि को 61 मत , दिलीप यादव को 30 मत एवं मीत यादव को 16 मत प्राप्त हुआ इस तरह बसंत यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 55 मतों से हराया । चुनाव परिणाम आते ही रामभक्तों का उत्साह देखते बन रहा था । रामनवमी महासमिति अध्यक्ष पद पर विजयी बसंत यादव ने कहा कि यह जीत हजारीबाग के रामभक्तों की जीत है मैं हजारीबाग के रामनवमी की परम्परा का निर्वहन करते हुए बेहतर से बेहतर संचालन के लिए प्रतिबद्ध हूं। हजारीबाग की रामनवमी हजारीबाग को अलग पहचान देता है और इस पहचान और प्रतिष्ठा को कायम रखूंगां। वहीं रामनवमी संरक्षण समिति सह चुनाव संचालन समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने हजारीबाग रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव को बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की जिम्मेवारी जिस आशा और विश्वास के साथ हजारीबाग के लोगों ने दिया है उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने कार्यों और कर्तव्यों के साथ महासमिति का सहयोग और मार्गदर्शन करेगी आगे उन्होंने हजारीबाग के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि रामनवमी के सफल संचालन के लिए रामभक्त अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव संचालन समिति ने पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराया जिसमें बसंत यादव ने जीत दर्ज किया लेकिन यह जीत बसंत यादव के साथ साथ सनातन धर्म की जीत है हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी में सभी लोग की भागीदारी सुनिश्चित है सभी रामभक्त बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रामनवमी की भव्यता को बढ़ाने में अपना योगदान दें। मौके पर निशांत कुमार प्रधान ज्योति कुमार सिन्हा, सहित संरक्षण समिति के दर्जनों पदाधिकारी , सदस्य एवं हजारों रामभक्त उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में हो रहे 'नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस




**अनगड़ा :** चैंपियनशिप 2024-25' के दूसरे दिन सातवें चक्र के खेल की समाप्ति के बाद जीएम इनियन पीए और जीएम राजा ऋत्विक शीर्ष पर, जबकि एजीएम विग्नेश बी, जीएम कार्तिक, जीएम प्रणेश एम, जीएम निखिल, आईएम कौस्तव कुंडू, जीएम नीलोत्पल दास दूसरे स्थान पर और आईएम हर्षवर्धन और आईएम आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। सातवें चक्र के बाद जीएम इनियन पीए ने एजीएम विग्नेश बी को, जीएम ऋत्विक आर ने आईएम हर्षवर्धन को, जीएम के. वेंकटरमण ने आईएम आदित्य को, जीएम प्रणेश एम ने जीएम संबित पांडा को एवं जीएम निखिल ने जीएम नितिन को हराया। इस दौरान जीएम एल. आर. श्रीहरि एवं आईएम आरुण्यक घोष के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। इस अवसर पर आयोजन संयोजक मनीष कुमार, सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार समेत कई अधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह मुख्य संरक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## रघुनाथ महतो के विचारधारा से ही झारखंड का कल्याण संभव : देवेंद्रनाथ



**अनगड़ा :** निमडीह चुवाड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो का जयंती आज संपूर्ण राज्य में मनाया गया। पैतृक गांव नीमडीह प्रखंड के घुटियाडीह में 287वीं जयंती मनाया गया। जयंती समारोह में झारखंड के अतिरिक्त पश्चिम बंगाल और ओडिशा के सामाजिक प्रतिनिधि पहुंचे। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो अपने कार्यकताओं के साथ जन्म स्थली पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। देवेंद्र नाथ महतो ने रघुनाथ महतो के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके संघर्ष को बताया गया। एवं उनके वंशज परिवार से मुलाकात किया। इस दौरान सामाजिक रीति-रिवाज संस्कृति आदि पर भी चर्चा किया गया। जयंती के उपलक्ष पर एम जी एम हॉस्पिटल के सहयोग से 50 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। मौके पर संगठन के ईचागढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी तरुण महतो,फुलचंद महतो, वशिष्ठ,अभिषेक, सपन आदि पहुंचे। साथ ही बताते चलें कि इससे पूर्व देवेंद्र नाथ महतो लोवाडीह चौक रांची एवं शहीद रघुनाथ महतो के शहादत स्थल लोटा किता सिल्ली पहुंच कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय कविता दिवस का हुआ आयोजन




**सरिया (गिरिडीह) :** शुक्रवार को सरिया कॉलेज, सरिया में हिंदी विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कविता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रमोद कुमार ने किया। इन्होंने कहा कि यह दिवस मनाने का मुख्य उदेश्य पूरे विश्व में कवियों की सृजनात्मकता को बढ़ावा देना व इनकी क्षमता को सम्मान देने के साथ-साथ नवांकुर कवियों को कविता लेखन के प्रति प्रोत्साहित करना भी है। इन्होंने विभिन्न कविताओं का पाठ कर सभा को भाव विभोर किया। वहीं अंतर्राष्ट्रीय वानकी दिवस के अवसर पर भी एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष परिचर्चा की गई। जिसमें काफी संख्या में छात्र-छात्राओं शिरकत की।इस अवसर पर प्रो रघुनंदन हजाम, प्रो रविंद्र कुमार मिश्रा , डॉ आशीष कुमार सिंह, प्रो अलका रानी जोजो, प्रो चायरा निशा, डॉ श्वेता,नेहा कुमारी समेत काफी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भारतीय कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा की बैठक 22-23 को



**हजारीबाग :** भारतीय कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 22 और 23 मार्च को हजारीबाग में एंजल हाई स्कूल ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की गई है। इस बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों से समाज के कार्यकारिणी सदस्य भाग लेंगे। बैठक की मेजवानी झारखंड कलवार कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा के संग्रकचक ब्रजकिशोर जायसवाल (बादल बाबू) के नेत्रत्व में होगी। बैठक का उद्देश्य समाज के उत्थान, एकजुटता, शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श करना है। इस अवसर पर झारखंड कलवार कलचुरि जायसवाल संवर्गिये महासभा के राष्ट्रीय प्रान्तिये कार्यकारि अध्यक्ष सुबोध कुमार जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नेताओं, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक के दौरान विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं, शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, महिला सशक्तिकरण तथा समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नीतियों पर चर्चा की जाएगी। भारतीय कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा समाज की एकता एवं विकास के प्रति समर्पित है। बताया की इस बैठक के माध्यम से समाज के सभी सदस्यों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा।

## बसंत यादव बने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने दी बधाई



**हजारीबाग :** शुक्रवार को संपन्न हुए हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में बसंत यादव ने शानदार जीत हासिल की। उन्होंने 116 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। उनकी इस सफलता पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह जी ने उन्हें बधाई दी और महासमिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुन्ना जी ने कहा कि बसंत यादव की यह जीत महासमिति के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके नेतृत्व में समिति और अधिक प्रभावशाली तरीके से कार्य करेगी तथा हजारीबाग में रामनवमी उत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि वह सभी वर्गों को साथ लेकर महासमिति को और मजबूत करेंगे तथा सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देंगे।

## एक नजर

### सीता सोरेन समेत पांच लोगों पर केस दर्ज

**रांची :** पूर्व विधायक सीता सोरेन और उनके अंगरक्षक समेत 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मामला रीना घोष ने रांची की सीजेएम कोर्ट में दर्ज कराया है। रीना, देवाशीष घोष की बहन हैं, जो पहले सीता सोरेन के निजी सचिव थे। कोर्ट ने इस केस की सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की है। इस दिन शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया जाएगा। बता दें कि रीना घोष का आरोप है कि उनके भाई देवाशीष घोष पहले सीता सोरेन के निजी सचिव थे। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में जामताड़ा सीट से हार के बाद सीता सोरेन ने उन पर चुनाव में ज्यादा खर्च करने का आरोप लगाया और उनसे पैसे लौटाने का दवाब बनाने लगीं। 7 मार्च को देवाशीष को जबरन अगवा कर धनबाद के सरायढेला स्थित एक होटल में ले जाया गया। वहां हथियार दिखाकर उनकी गाड़ी की चाबी, जमीन के कागजात और एटीएम कार्ड छीन लिया गया।

### अवैध बालू परिवहन के खिलाफ हाईवा चालक पर एफआईआर

**रांची :** रांची जिला प्रशासन बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ा रुख अपना रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की रात डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के आदेश पर जिला खनन टास्क फोर्स ने श्याम नगर, झाबरी पेट्रोल टंकी के पास छापेमारी की। इस दौरान, परिवहन चालान की जांच करने के लिए एक बालू लदे हाईवा (संख्या जेएच01-डीएन0894) को रोकने की कोशिश की गयी। लेकिन चालक सोनाहातु की ओर भाग गया। जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन की टीम ने सिल्ली थाना में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। चालक पर सरकारी काम में बाधा डालने और खनन से जुड़े नियमों के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अवैध खनन की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि इसे पूरी तरह से रोका जा सके।

### मेन रोड सबका, समुदाय विशेष का कब्जा सही नहीं : सीपी सिंह

**रांची :** बजट सत्र में शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद पेयजल और स्वच्छता विभाग के बजट पर कटौती का प्रस्ताव रखते हुए भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सरकार पर पर्व-त्योहारों पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईद में मेन रोड के काली मंदिर चौक को बैरिकेटिंग कर सड़क जाम कर दिया जाता है। यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस का पुरुषार्थ एक समुदाय विशेष पर काम करता है, जबकि दूसरे समुदाय के खिलाफ पुलिस सिखंडी बन जाती है। उन्होंने कहा कि क्या सरकार एक दिन के लिए रातू रोड और हरमू रोड को दूसरे समुदाय की खातिर बंद करने की अनुमति देगी। विधायक ने कहा कि न्याय सबके साथ होना चाहिए, एकतरफा न्याय ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि राजधानी में सिटी एसपी की गाड़ी जला दी जाती है और कोरोना काल में डीएसपी की पिटाई कर दी जाती है। उस समय पर किसी ने चूं तक नहीं बोला। मेन रोड पर न हो कब्जा : बाबूलाल- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समुदाय विशेष से बात कर ईद पर मेन रोड पर कब्जा करने से रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सबका है। बाबूलाल ने कहा कि जब वे मुख्यमंत्री थे तो दोनों समुदायों के लोगों को बुलाकर बात करते थे। यही वजह है कि उनके कार्यकाल में लोग सड़क पर उतरकर उनका विरोध नहीं किया। वहीं उन्होंने हेमलाल मुर्मू की बातों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार गिराने में हेमलाल की भी भूमिका रही है। बाबूलाल ने कहा कि उनका यह सौभाग्य है कि वे राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं।

# अवैध बोरिंग कर पानी बेचनेवालों पर होगी कार्रवाई : योगेंद्र प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्य में अवैध बोरिंग कर पानी बेचनेवालों पर सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। इसे लेकर सरकार के ओर से एसओपी बनाया जाएगा। राज्य में भूगर्भ जल को अवैध तरीके से कोई नहीं निकाल पाएगा। यह बातें पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विभाग के बजट पर हुए वाद-विवाद के बाद उत्तर देते हुए कही। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पर केंद्रांश के रूप में 6500 करोड़ रुपए बकाया है, जिसे केंद्र नहीं दे रहा है। यदि वह पैसा केंद्र दे तो राज्य की सभी पेयजलापूर्ति से संबंधित लंबित योजनाएं पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में डिविजनवाइज खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का काम होगा। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित निर्देश अधिकारियों को दे दिया गया है। काम में शिथिलता और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे अधिकारी दंडित किए जाएंगे, गुरुवार को ही कुछ ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। मंत्री ने कहा कि लंबित राज्य की 19 शहरी जलापूर्ति योजनाओं को नगर विकास से हस्तांतरित कर पीएचईडी विभाग में किया जाएगा, जबकि इन शहरी क्षेत्रों में कर संग्रह का काम नगर विकास विभाग करता है। बावजूद इसके विभाग इन योजनाओं का काम पूरा कराएगा। उन्होंने कहा कि चापाकल चाहे किसी भी योजना मद से लगी हो खराब होने पर पर पेयजल विभाग उसे ठीक करेगा। मंत्री ने कहा कि उत्पाद विभाग में वित्त वर्ष 2024-25 के फरवरी माह तक कुल राजस्व संग्रह 2681 करोड़ रुपए हुआ है। वहीं उन्होंने गृह विभाग पर बोलते हुए विपक्ष पर पुलिस की पुरुषार्थ को कम करने का आरोप लगाया। मंत्री ने कहा कि पुलिस पूरी दक्षता के साथ काम कर रही है और शातिर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। उन्होंने बताया कि अब 95 प्रतिशत जटिल मामलों का खुलासा पुलिस ने किया है, जबकि खूंखार अपराधियों की कुंडली भी खंगाली जा रही है। पेयजल और स्वच्छता विभाग का 47 अरब 10 करोड़ दो लाख 56 हजार रुपए का अनुदान मांग पारित हो गया। विभाग के बजट पर कटौती प्रस्ताव को भाजपा के विधायक सीपी सिंह ने रखा था, लेकिन वे सदन में अनुपस्थित थे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कटौति प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया।

## हाईकोर्ट ने सीबीआई को आंसर शीट सील बंद लिफाफे में देने का दिया निर्देश





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हाईकोर्ट ने सीबीआई को वर्ष 2008 की डॉक्टर नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित आंसर शीट की कॉपी सील बंद लिफाफे में कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। जेपीएससी ने वर्ष 2008 में डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 16/2008 जारी किया था, इस विज्ञापन के जरिए 1070 डॉक्टरों की नियुक्ति हुई थी, लेकिन प्रार्थी की नियुक्ति नहीं हो पाई थी। डॉक्टर नकुल कुमार यादव ने कॉपी दिखाने की मांग की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन ने इस मामले की सुनवाई की। प्रार्थी का दावा है कि उसे 35 से ज्यादा मार्क्स मिला है, लेकिन जेपीएससी के मुताबिक डॉक्टर नकुल को 35 से कम मार्क्स मिले थे, जिसकी वजह से उनकी नियुक्ति नहीं की गई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने बहस की।

## बंदी के कारण दर्शन शास्त्र के अधिवेशन का बदला समय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग की ओर से शनिवार को आयोजित होनेवाला अधिवेशन का उदघाटन सत्र के समय में बदलाव किया गया है। उदघाटन सत्र अब बंदी की वजह से शाम पांच बजे से शुरू होगा। वहीं कार्यक्रम में होनेवाली व्याख्यान मालाएं शनिवार की जगह अब रविवार की सुबह 10 से शुरू होंगी। इसके बाद विभागीय पत्र पढ़े जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय दर्शन परिषद् का 69 वां तीन दिवसी राष्ट्रीय अधिवेशन 22 से 24 मार्च को रांची विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में लगभग 50 वर्षों के बाद आयोजित हो रहा है। इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा होंगे। अधिवेशन में लगभग 540 अभ्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अधिवेशन में देश के लगभग 17 राज्य और 124 विश्वविद्यालयों के विद्वान, दार्शनिक, शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। वहीं कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक प्रोफेसर, 150 से अधिक सहायक प्रोफेसर तथा 300 से अधिक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर कई विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपति भी शामिल होंगे, जिनमें प्रो रजनीश शुक्ला वर्धा विश्वविद्यालय, प्रो कुसुम रानी पूर्व कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, पूर्व प्रति कुलपति प्रो आभा सिंह पटना विश्वविद्यालय, प्रोफेसर आरसी सिन्हा, प्रो पूनम सिंह सहित कई गणमान्य शामिल हैं। कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को ही कई प्रतिभागी पहुंच गए हैं जिन्हें विभिन्न होटल और गेस्ट हाउस में ठहराया गया है। अधिवेशन में पहली बार इतनी भारी संख्या में विद्वानों का समागम रांची में हो रहा है। कार्यक्रम के आयोजन में रांची विश्व विद्यालय के सचिव डॉ अजय कुमार सिंह विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग और आयोजन सह सचिव डॉ सविता मिश्रा हैं। वहीं अधिवेशन में डॉक्टर पुष्पा सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह, देवाशीष मंडल, मलखान सिंह मुंडा, दिव्यानी, रौनक, प्रिया दुबे, कालाचंद सहित अन्य, सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।


## जननी योजना में अनियमितता का आरोप, मंत्री बोले-जांच जारी है

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक राज सिन्हा ने जननी सुरक्षा योजना में 50 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया। शुक्रवार को उनके सवाल का जवाब देते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि योजना में गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच जारी है। कोडरमा एवं गोड्डा जिलों में अनियमितता के चलते संबंधित अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष-2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुल-99925 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। कुल 3212 मोतियाबिंद कैंप आयोजित किए गये, जिसमें लाभुकों की संख्या 241062 है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 5905711 बच्चों का स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) किया गया है। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल-842297 महिला लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष-2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत महिलाओं के बंध्याकरण के लिए कुल-3114.42 लाख राशि खर्च की गयी। मोतियाबिंद कैंप एवं ऑपरेशन मद में कुल 1452.05 लाख राशि खर्च की गयी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) के लिए कुल-739.1 लाख राशि खर्च की गयी। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल 4686.78 लाख राशि खर्च की गयी। कोडरमा एवं गोड्डा जिले में जननी सुरक्षा योजना के तहत बरती गयी अनियमितता से बंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 50 करोड़ की वित्तीय अनियमितता हुई है, जिसमें जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, महिला बंध्याकरण और मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर राशि खर्च कर दी गयी है। बजट सत्र के दौरान विधायक हेमलाल मुर्मू ने अपनी सरकार के मंत्री को घेरा। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग और गेट बनाने से नहीं होगा, रिनपास को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलाएं। प्रभारी निदेशक के भरोसे ही चल रहा है। रांची को मेंटल हॉस्पिटल के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब तो टेली मेडिसिन भी नहीं हो रहा है, दवा भी उपलब्ध नहीं है। इस पर इरफान अंसारी ने कहा कि टेलीमेडिसिन की सुविधा देंगे, तुरंत चमत्कार नहीं हो सकता। सभी जिले में दवा उलब्ध है।

## रांची सहित कई जिलों में बारिश से गिरा 10 डिग्री तापमान, लौटी ठंड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी सहित झारखंड के कई जिलों में शुक्रवार को तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि बारिश के बाद मौसम साफ और काफी सुहावना हो गया। लेकिन बादल छाया रहा। बीच-बीच में धूप भी निकली। बारिश होने से रांची में तापमान लगभग 10 डिग्री गिरकर 34 से 24 डिग्री पहुंच गया। तापमान गिरने से ठंड फिर से लौट आई और लोगों को फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े। मौसम विभाग ने 22 और 23 मार्च को भी विभिन्न जिलों में बारिश, तेज हवा चलने तथा ओलावृष्टि को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 22 मार्च को राज्य दक्षिणी जिले पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां, मध्यवर्ती हिस्सा रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग और उत्तर-पूर्वी जिलों देवघर, धनबाद, दुमका समेत अन्य इलाकों में इससे जुड़े इलाकों में गर्जन और 40-50 किमी की गति से हवा चलने की सम्भावना है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 23 मार्च को दक्षिण-पूर्वी उत्तर-पूर्वी हिस्सों में गर्जन और 30-40 कि गति से हवा चलने को लेकर भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## विश्व वानिकी दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर झारखंड जैव विविधता पर्षद, रांची के पीसीसीएफ सह सदस्य सचिव संजीव कुमार की अध्यक्षता में पलाश भवन, डोरंडा में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न जैव विविधता प्रबंधन समिति के मुखिया, उपमुखिया, छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सदस्य सचिव संजीव कुमार ने सभी को विश्व वानिकी दिवस की शुभकामनाएं दीं और वनों में उपलब्ध जैव विविधता के माध्यम से रोजगार के अवसरों में रुचि लेने और जागरूक होने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस दिशा में जैव विविधता पर्षद हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। कार्यक्रम में वनों से प्राप्त खाद्य पदार्थ जैसे कंद, लता, फल आदि और उनके कृषि पर प्रभाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान वनों और जैव विविधता का जीविकोपार्जन से सीधा संबंध होने पर एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। सदस्य सचिव ने बताया कि तसर, लाह, बांस और जड़ी-बूटियों के क्षेत्र में बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड की खास तसर ईकोरेस, जो अब केवल दुमका और गिरिडीह तक सीमित रह गई है, विलुप्ति की कगार पर है। इस तसर की खेती को बढ़ावा देकर जीविकोपार्जन का मजबूत स्रोत बनाया जा सकता है। संजीव कुमार ने यह भी जानकारी दी कि सारंडा में उपलब्ध तसर विश्व का सबसे बड़ा स्रोत है। वहां की आदिवासी महिलाएं इसकी खेती कर लाखों रुपये कमा रही हैं। इसी तरह, बांस की खेती और हस्तशिल्प उद्योग को भी बढ़ावा देकर आजीविका के अवसरों को विकसित किया जा सकता है।

**बांस हस्तशिल्प के कारीगर हुए सम्मानित**

बांस हस्तशिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रांची के दाहु ग्राम के महावीर मेहली, तेजनारायण गंजु, रमेश चंद्र कुम्हार, जहाना प्रवीण, नीतु तिर्की, अनीता तिर्की, अरुण कुमार महली, दिनेश तिग्गा, आकाश कुमार महतो, उम्मे अम्मारा और मनीषा शंकर को पर्षद द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इन कारीगरों ने अपने पंचायत के अन्य लोगों को भी जैव विविधता संरक्षण और रोजगार बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### हरमू कॉलोनी में जलमीनार निर्माण का विरोध

**रांची :** हरमू कॉलोनी में प्रस्तावित जलमीनार निर्माण को लेकर स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह निर्माण क्षेत्र के इकलौते मैदान पर किया जा रहा है, जो बच्चों के खेलने, शादी-विवाह और सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोग होता है केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस विरोध को उचित ठहराते हुए प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करने की अपील की है। सेठ ने शुक्रवार को कहा कि हरमू कॉलोनी के लोग चाहते हैं कि यहां जलमीनार का निर्माण ना होकर, अन्य स्थान पर किया जाए। इसलिए जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस निर्माण को तुरंत रोका जाए। उन्होंने कहा कि हरमू स्थित लाल बहादुर शास्त्री मार्ग में यह एक मात्र मैदान है, जहां बच्चे खेलते हैं। शादी विवाह और अन्य सामाजिक आयोजन होते हैं। वैसे भी वहां पहले से हेल्थ सब सेंटर बनाने का प्रस्ताव है। जलमीनार का निर्माण हिंदपीढ़ी के लोगों को पानी देने के लिए निर्माण किया जा रहा है। पानी की सप्लाई हिंदपीढ़ी में होनी है तो फिर इसका निर्माण भी हिंदपीढ़ी में ही किया जाना चाहिए। हरमू में प्रशासन जबरन काम कर रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। इस कार्य का विरोध करने पर प्रशासन वहां के बुजुर्ग, महिलाएं वहां के स्थानीय लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर रही है। जनभावनाओं को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची के उपायुक्त से बात कर जलमीनार के काम को रोकने, स्थानीय लोगों को परेशान नहीं करने को कहा है।

### विधानसभा में नर्सिंग कॉलेज पर गरमाई बहस, दो मंत्रियों में तीखी नोकझोंक


**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही 11:05 बजे शुरू हुई। इस दौरान सरकार के दो मंत्री, सुदिव्य कुमार सोनू और डॉ. इरफान अंसारी आपस में उलझ गए। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सदन में सवाल किया कि गोड्डा में अब तक एक भी नर्सिंग कॉलेज नहीं खुला है। उन्होंने पूछा कि वहां नर्सिंग कॉलेज कब तक शुरू होगा और क्या उसका भवन पहले से तैयार है। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज नहीं है। मैं बहुत जल्द गोड्डा को नर्सिंग कॉलेज की सौगात दूंगा। उन्होंने कहा कि छह माह के अंदर करवाने की कोशिश करेंगे। अगर भवन बन गया हो तो। विधायक प्रदीप यादव बहुत टर्म से विधायक रहे है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से कहा कि सदन में कटाक्ष की भाषा नहीं होनी चाहिए। इस पर इरफान ने जवाब दिया कि सोनू जी बहुत जानकार हैं और हर चीज में कूदने लगते हैं। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि यह सदन है। यह किसी की व्यक्तिगत संपत्ति नहीं है। विधायक प्रदीप यादव ने इस मामले पर कहा कि सुदिव्य सोनू ने सदन की मर्यादा का ख्याल रखते हुए अपना वक्तव्य दिया है। इस सवाल को टालिये मत, सीधे जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने सुदिव्य कुमार सोनू को धन्यवाद दिया। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में हजारीबाग मिशन ग्राउंड का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार यह मानती है कि मिशन ग्राउंड खास महल की जमीन है। लेकिन उसे अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जा रहा है। इसके जवाब में मंत्री दीपक बिरुआ ने सदन को जानकारी दी कि मिशन ग्राउंड का मामला अदालत में लंबित है। अदालत का फैसला आने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन को बताया कि मिशन ग्राउंड की जमीन पर जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है, उनमें कुछ पदाधिकारी भी शामिल हैं। लंबे समय से अदालत में इस मामले को टाला जा रहा है। सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। विधायक ने यह भी मांग की कि मिशन ग्राउंड को अतिक्रमण मुक्त कर इसे सजाया-संवारा जाये। क्योंकि यह ग्राउंड हजारीबाग शहर के लिए महत्वपूर्ण है।

### गणगौर पूजा एक अप्रैल को, अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत



**रांची :** गणगौर व्रत को सौभाग्य तृतीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन सुहागिन पति की लंबी उम्र और अपने सुख-सौभाग्य के लिए व्रत करती हैं। हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को गणगौर का त्योहार मनाया जाता है। पंडित मनोज पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि गणगौर तीज का व्रत एक अप्रैल को रखा जाएगा। तृतीया की शुरुआत 31 मार्च को शाम 4.42 बजे शुरू हो जाएगी। गणगौर तीज के दिन ही भगवान शिव ने माता पार्वती और पार्वती ने महिलाओं को सौभाग्यवती का वरदान दिया था। इस दिन का खास महत्व है। सुहागिनें व्रत धारण से पहले रेणुका (मिट्टी) की गौरी की स्थापना करती हैं और उनका पूजन किया जाता है।

### रघुनाथ महतो के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता: सुदेश कुमार महतो



**रांची :** झारखंड के वीर सपूत एवं महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो ने मानभूम से लेकर धालभूम नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई का नेतृत्व किया था। जब झारखंड के नायकों की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की चर्चा होती है, तो इस सूची में 1769 का शहीद रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुआड़ विद्रोह का नाम सबसे पहले आता है। 'अपना गांव-अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज' नारे का उद्घोष करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत शहीद रघुनाथ महतो के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय शहीद रघुनाथ महतो की माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। ज्ञात हो कि 1765 में बंगाल, बिहार एवं ओडिशा की दीवानी हासिल करते ही अंग्रेज मनमाने ढंग से कृषि राजस्व, जबरन कर वसूलने तथा मालगुजारी बढ़ाने लगे। शोषण एवं जुल्म के खिलाफ शहीद रघुनाथ महतो ने किसानों, ग्रामीणों एवं आम जनमानस को संगठित किया तथा विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष का नया अध्याय लिखा। सुदेश महतो ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के काले कानूनों के खिलाफ जनमानस को संगठित कर चुआड़ विद्रोह का शंखनाद करनेवाले प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद रघुनाथ महतो को इतिहास के पन्नों में संक्षिप्त परिचय दिया गया। हम इस परिचय को बड़ा करने हेतु प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। मौके पर युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य मिलना ही पर्याप्त नहीं, अपने लोगों के हितों के लिए हमें लड़ते रहना होगा। झारखंडियों को आगे ले जाना ही हमारी पहली और आखिरी कोशिश होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, संजय मेहता, हरीश कुमार, ओम वर्मा, चेतन कुमार, अजीत कुमार, अमित यादव आदि ने भी शहीद रघुनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एक नजर

### चंदनकियारी में महायज्ञ में 351 कन्याओं ने लिया भाग

**चंदनकियारी** : प्रखंड के अलुवारा-माचाटांड़ स्थित हरिहरधाम में गुरूवार को पांच दिवसीय श्री श्री 108 मारूति नंदन महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ यज्ञ शुरू किया गया । कलश यात्रा में महिलाएं समेत 351 कन्याओं ने भाग लिय । श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए दामोदर नदी के दल घटिया घाट से हरहरि धाम पहुंचे जहां विधि पूर्वक कलशों को लेकर पुन यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया । इस अनुष्ठान में आचार्य शत्रुघ्न पांडेय, कथा वाचक योगी शंभु नाथ महाराज द्वारा पुराण कथा किया जाएगा। मौके पर मुख्य यजमान पंकज दुबे सपत्निक बेला दुबे, प्रकाश दुबे, निमाई उपाध्याय, मुखिया रोबिन दास वैष्णव, परमेश्वर दास वैष्णव, विजय महली, हरे कृष्ण दुबे, नारायण महतो, गोबिंद साव, भगतु साव,विवेकानंद दुबे,रमेश महतो, दिनेश महतो, चंदन दुबे, लंकेश्वर तुरी,विकास तुरी, जयदेव आदि थे ।

### गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर 2 सी में नई प्री प्राइमरी शाखा का हुआ उद्घाटन



**बोकारो** : गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, जनवृत 2 सी, शाखा ,गुरुद्वारा परिसर का भव्य उद्घाटन बोकारो गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल जनवृत 5 बी ,बोकारो इस्पात नगर के गुरुद्वारा परिसर ,सेक्टर 2-सी में अपनी नई प्री प्राइमरी शाखा का भव्य उद्घाटन किया । समारोह में गुरु प्रबंधक समिति के अन्य सदस्यों के साथ झ साथ संस्थान के अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह ,गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सचिव श्री एस ०पी ०सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य श्री जगमोहन सिंह , गुरदीप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल ,बोकारो के प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती , गुरुद्वारा प्रबंधक समिति चास के प्राचार्य अभिषेक कुमार , केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल ,बोकारो के उप प्राचार्य सी ० पी ० सिंह, गुरुद्वारा के सचिव इकबाल सिंह और प्रभारी श्रीमती सुधा ,श्रीमती देवेंत , प्रतिमा मल्लिक, प्रेस और मीडिया के सदस्य, गुरुद्वारा के शुभचिंतक और कई अन्य शिक्षक और गैर शिक्षण कर्मचारी भी मौजूद थे। उद्घाटन समारोह विद्यालय प्रार्थना के साथ शुरू किया गया। जिसके बाद प्रतीकात्मक रूप से रिबन काटा गया और दीप प्रज्वलित किया गया` अपने संबोधन के दौरान ,जी०जी०ई ०एस ० के अध्यक्ष तरसेम सिंह और जी०जी०ई एस के सचिव एस पी सिंह ने नई शाखा के प्रति अपनी आशा व्यक्त की तथा इस बात पर बल दिया कि यह युवा शिक्षार्थियों के लिए एक मजबूत शैक्षिक आधार तैयार करेगी ।

# बोकारो के जारंगडीह में कोयला चोरी को लेकर सुरक्षाकर्मियों और चोरों के बीच झड़प, कई घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो में कोयला चोरों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प। कोयला की अवैध धंधे में संलिप्त लोगों ने की झड़प। मामला बोकारो के बीटीपीएस थाना क्षेत्र के जारंगडीह की। बताते चले की आज सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मी और कोयला चोरों के बीच जोरदार झड़प हो गई जिसमे कई घायल हो गए।कोयला चोरों का मनोबल इतना बढा हुआ है कि सुरक्षा विभाग की गस्ती दल के सामने से ही कोयला चोर चोरी की घटना को अंजाम दे देता है और थाना भी महज कुछ ही दूरी पर है। आज जब कोयला चोरों को रोकने के लिए





सुरक्षाकर्मियों गई तो कोयला चोरों के द्वारा उनके साथ झड़प की गई। जिस दौरान कई सुरक्षा कर्मी चोटिल हुए है । चोटिल हुए सुरक्षा कर्मियों में धनेश्वर यादव,रामनाथ राय, मंटू सिंह,अकरम बताएं जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में सीसीएल जारंगडीह सुरक्षा विभाग ने झड़प करने वाले के खिलाफ बीटीपीएस थाना में मामला दर्ज किया है। अब सवाल उठता है जब भी पुलिस प्रशासन द्वारा छापामारी की जाती है तो कुछ टन कोयला जब्त किया जाता है। मगर किसी पर कोई मामला दर्ज नहीं की जाती है। बोकारो के बेरमो के बीटीपीएस थाना क्षेत्र के जारंगडीह कांटा घर से कोयला चोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। मोटरसाइकिल से अवैध रूप से कोयला ढुलाई होती रहती है और आज सुरक्षा बलों के साथ झड़प देखा गया।

## एक दुसरे धर्म का सम्मान करने से समाज में बढ़ता है आपसी प्रेम : बीके



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जय झारखंड मजदूर समाज एवं सखा सहयोग सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति के सदस्य एवं जय झारखण्ड मजदूर समाज के महामंत्री एवं समिति के संरक्षक सह महामंत्री आदरणीय बी के चौधरी जी के नेतृत्व में प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी रमजाने पाक के मौके पर दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन यूनियन कार्यालय सेक्टर - 9 में किया गया इस कार्यक्रम मे सेंकड़ों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने शिरकत करते हुए नमाज अदा किया, साथ में फल, शर्बत, नमकीन के साथ इफ्तार का आनंद लिया, मौके पर महामंत्री श्री बी के चौधरी ने कहा कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, जय झारखण्ड मजदूर समाज एवं सखा सहयोग सुरक्षा समिति इस प्रकार का आयोजन करता रहा है, जिससे सामाजिक सौहार्दता, एवं आपसी भाईचारा, सर्व धर्म समन्वय को मजबूती प्रदान किया जाता है, आज हमारी संगठन सामाजिक दायित्व के निर्वाहन में बढ़ चढ़कर वर्ष 1990 से क्रियाशील है।

## मजदूर के मसीहा सह पूर्व डिप्टी मेयर स्वर्गीय नीरज सिंह की आठवी पुण्यतिथि मनायी गयी


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर सह मजदूर नेता स्वर्गीय नीरज सिंह की आठवी पुण्यतिथि तेतुलमारी सुभाष चौक स्थित जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय में सिजुआ क्षेत्रीय कमिटी ने सभी लोगो ने स्वर्गीय नीरज सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दो मिनट का मौन रखकर आठवी श्रद्धांजलि समारोह मनायी। स्व नीरज सिंह अमर रहे,मजदूर का हितेषी आपके जैसा कोई नही का नारा लगाया,केंद्रीय उपाध्यक्ष सारंगधार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि स्वर्गीय नीरज ने कोयलांचल के मजदूरों व अधिकारियों के दिलो में राज करने वाले एक मात्र नेता थे।श्रधांजलि कार्यक्रम के दौरान सिजुआ क्षेत्रीय सचिव सह क्षेत्रीय



सलाहकार सदस्य दिवाकर सिंह ने कहा कि स्वर्गीय नीरज सिंह मजदूर के मशीहा थे। वे मजदूर के चहेते व सबदिल अजीज थे, प्रबंधन के साथ भी उनके सिद्धांत व कार्यशैली के मुरीद थे। स्वर्गीय सिंह ने शोषित पीड़ित आउटसोर्सिंग मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी दिलाकर मजदूर के दिल में बस गये थे। जिसके कारण आज भी मजदूरों के दिलो में वास करते है। श्रधांजलि समारोह में जमसंघ के मो ताहिर,ब अरुण दुबे, संतोष मिश्रा, रविकांत मिश्रा, राजदेव राम, अनिरुद्ध सिंह, दिलीप राम, रबिंद नोनिया, सुजीत कुमार, सत्यनारायण तिवारी, अनिल सिंह, रूदल पासवान, तेजबहादुर, दिनेश कुम्हार, जितेन्द्र राय, मनजीत राय, संजय पांडे, ज्ञानेश्वर, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बोकारो में बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : पेटरवार प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोडरमा में बालिका मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार महतो ने बाल तस्करी के खिलाफ सभी स्टेकहोल्डर को एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। साथ ही गांव में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। सहायक शिक्षक सुनीता कुमारी ने बाल विवाह के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए मिलजुल कर इसे समाप्त करने की और आगे बढ़ाने की बात कही। सुनील कुमार टुडू ने बाल मजदूरी के बारे जानकारी देते हुए कहा कि बाल मजदूरी, बाल तस्करी तथा बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है । कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहयोगिनी के रवि कुमार राय ने कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत यदि किसी भी बच्चों के साथ दुर्व्यवहार होता है तो तत्काल पुलिस को सूचना देना है। तथा टोल फ्री नंबर पर किसी भी समय कॉल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा। इस दौरान कॉमिक्स बुक्स के माध्यम से बच्चों के बीच जागरूकता का कार्य किया गया तथा बाल तस्करी के खिलाफ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## विश्व कविता दिवस पर जनसंचार विभाग में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में शुक्रवार को विश्व कविता दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न कविता प्रस्तुत की। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने कहा कि विश्व कविता दिवस का उद्देश्य न केवल कविता के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना है, बल्कि यह साहित्य प्रेमियों को एक साथ लाकर कविता के प्रभाव और उसके सामाजिक संदर्भ को भी उजागर करना है। आगे उन्होंने कहा कि जनसंचार विभाग हमेशा से छात्र छात्राओं में उत्साह लाने और कौशल को विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है जिससे विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है साथ ही विभिन्न प्रकार के अभिव्यक्ति कौशल को निखारने का अवसर मिलता रहता है। कार्यकम में विभाग के शिक्षक डॉ विकास चंद्र ने बताया हमारी कोशिश छात्र छात्राओं को कविता, शायरी व साहित्यिक अभिव्यक्तियों से जोड़े रखने और कविता के प्रति जागरूकता फैलाने की हैं। धन्यवाद ज्ञापन के दौरान सहायक प्रोफेसर श्री हर्षित कच्छप ने कविता की महत्ता पर चर्चा की। कार्यक्रम में कविता पाठ में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं में विभाग की स्कॉलर अंजली व छात्र छात्राओं में बजरंग,लक्ष्मण, दुलाल, बहादुर, विजय, ईशा, विकास, शिवानी, रिशु, प्रीति, आरुही, प्रतीक, शौरभ, शबा, पूजा, राजकुमार सहित विभाग के विभिन्न छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## आर्मी जवान ने प्रेम प्रसंग में चलाई गोलियां, गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पत्थरकट्टा साइट में 19 मार्च की देर रात 4-5 राउंड फायरिंग की गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। चास मुफस्सिल थाना प्रभारी अमित कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो पल्सर बाइक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में आर्मी जवान गुड्डू महतो, धर्मेंद्र कुमार राय और निमाई महतो शामिल हैं। पुलिस ने धर्मेंद्र कुमार राय के पास से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना प्रेम प्रसंग के कारण हुई। गुड्डू महतो की ममेरी बहन के साथ विजय गोराई का प्रेम संबंध था। इसकी जानकारी मिलने



पर गुड्डू ने नाराज होकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। तीनों आरोपियों को उसी रात गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि इस घटना से जुड़े अन्य पहलुओं का भी खुलासा हो सके।

# नशे से दूर को लेकर अलग-अलग स्तरों पर कार्यशाला का करें आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने शुक्रवार को नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री मनोज स्वर्गियारी, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ंडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री मुकेश मछुआ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सीटी डीएसपी श्री आलोक कुमार, ड्रग निरीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री अतुल कुमार चौबे, कृषि पदाधिकारी आदि उपस्थित



थे। बैठक में उपायुक्त ने जिला में नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों व युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। इस क्रम में नशा करनेवालों द्वारा नशे के विभिन्न तरीकों के इस्तेमाल व उनकी उपलब्धता पर चर्चा की गई और नशीली चीजों पर रोक लगाने हेतु आवश्यक अभियान चलाये जाने का निदेश पुलिस विभाग को दिया गया। नशीली वस्तुओं के बिक्री पर नियंत्रण लगाने हेतु आवश्यक निदेश सिविल सर्जन प्रतिनिधि एवं ड्रग इंस्पेक्टर को दिया गया। उपायुक्त ने इसके लिए क्षेत्र में अभियान चलाने को कहा। उन्होंने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने को कहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशा के प्रति आवश्यक रूप से जागरूक करने, कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विभागों के आंतरिक सूचना तंत्र को विकसित करने का निर्देश दिया। कृषि पदाधिकारी को क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने, नशीले पदार्थों की खेती नहीं होने को लेकर सतर्कता बढ़ाने को कहा। कृषक मित्रों की क्षेत्र में विजिब्लिटी बढ़ाने को कहा।


## संक्षिप्त खबरें

### बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए गांधी स्मारक उच्च विद्यालय में सेमिनार संपन्न




**धनबाद** : बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण की सहयोगी संस्था झारखंड ग्रामीण विकास एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन द्वारा आज गांधी स्मारक उच्च विद्यालय महुदा में छात्रों एवं शिक्षकों के साथ एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में 250 छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लेकर बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण एवं बच्चों की सुरक्षा का शपथ लिया। सेमिनार में बाल विवाह अधिनियम, बाल यौन हिंसा, बाल तस्करी/बाल मजदूरी की जानकारी विस्तार से दिया। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड कॉर्डिनेटर चंदा कुमारी ने बच्चों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी देते हुए कहा कि जानकारी ही बचाव है, उन्होंने चाइल्ड लाइन न0,1098 की विस्तृत जानकारी दिया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो ने कहा कि बाल विवाह करना या कराना कानूनन अपराध है, बाल विवाह करने व कराने वाले समान रूप से दोषी है, बाल विवाह होने पर दो वर्ष जेल की जेल या एक लाख जुमार्ना का प्रावधान है। मौके पर प्राचार्या रेणु राय, रघुपति दसौंधी, दिवाकर महतो, संतोष कुंभकार, अबोध मिश्रा, राजन रवानी , विकास पाण्डेय, सोनी कुमारी, नेहा देवी, मंजू कुमारी, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

### बांसजोड़ा रेल लाइन पर गिरा बिजली का तार, रोकी गयीं ट्रेनें



**धनबाद** : धनबाद- चंद्रपुरा रेलवे लाइन के बांसजोड़ा रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे पोल संख्या डीके 7/38 के पास 25 हजार वोल्ट की ओएचइ तार अचानक टूट कर गिर गया। उससे चिंगारी उठने लगी। देखते ही देखते रेल की पटरियों पर करंट दौड़ गयी, जिससे वहां अफरातफरी मच गयी। रेलवे फाटक को बंद कर आवागमन को रोक दिया गया। उस लाइन में ट्रेन और मालगाड़ी, जो जहां थी, वहीं पर रोक दी गयी। गनीमत रही कि उस समय किसी ट्रेन का गुजरना इधर से नहीं हुआ, वरना बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। घटना के बाद रांची-धनबाद इंटरसिटी तथा मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन को कतरास में ही रोक दिया गया। वनांचल एक्सप्रेस को भी कतरास में 15 मिनट के लिए रोका गया। सूचना पर करीब डेढ़ घंटे बाद टावर वैगन मौके पर पहुंचा और तार की मरम्मत शुरू की। लाइन ऑफ कर ट्रेनों का आवागमन कराया गया। समाचार लिखे जाने तक काम चल ही रहा था। बारिश शुरू होते ही पोल से झूला ओएचइ तार, निकलने लगी चिंगारी। बताया जाता हैं कि रात के करीब साढ़े आठ बजे बारिश शुरू होते ही उक्त पोल के पास ओएचइ तार टूट कर झूल गया। विद्युत प्रवाहित तार झूल कर आपस में टकराते ही चिंगारी लहक उठी। करीब 15 मिनट तक चिंगारी लहकती रही। इसका प्रभाव दूसरे तरफ के पोल पर भी पड़ा। दूसरी तरफ की लाइन का ओवरहेड तार टूट कर झूल गया। इससे पटरियों पर चिंगारी दौड़ पड़ी। रेलकर्मी अचानक घटी घटना से हक्का-बक्का रह गये। दोनों तरफ के फाटक को बंद कर राहगीरों को इधर से गुजरने पर रोक दिया, फाटक बंद हो जाने से रात्रि पाली में ड्यूटी पर जा रहे बीसीसीएलकर्मियों के साथ अन्य राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोई अप्रिय घटना नहीं घटी : एसएम बांसजोड़ा स्टेशन मास्टर आरके पाठक ने बताया कि घटी घटना के बाद तत्काल बिजली कटवा दी गयी, ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं घटे।

### मां मथुरासिनी पूजनोत्सव के उपलक्ष्य पर निकाला गया शोभायात्रा



**धनबाद** : शुक्रवार को मथुरासिनी पूजनोत्सव के शुभ अवसर पर माहुरी वैश्य मंडल कतरास के द्वारा सूर्य मंदिर नदी किनारे से माहुरी समाज भवन राजगंज रोड तक एक भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें मुख्य रूप से बगघी में मां मथुरासिनी का दरबार, निशान यात्रा,शिव दरबार का झांकी,और ढोल नगाड़े गाजे बाजे आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा में महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल होकर काफी उत्साहित थे। शोभा यात्रा के स्वागत में सूर्य मंदिर समिति नदी किनारे के द्वारा चाय कि व्यवस्था,संकट मोचन मंदिर समिति के द्वारा पुष्प वर्षा कि व्यवस्था,काशी राम गुप्ता मधुकर गुप्ता के द्वारा पानी बोतल कि व्यवस्था,वार्ड पार्षद बिनायक गुप्ता के द्वारा शरबत पानी कि व्यवस्था, सत्येंदर गुप्ता (बब्लू)के द्वारा चॉकलेट कि व्यवस्था,लायंस क्लब कतरास के द्वारा चॉकलेट बिस्कुट पानी बोतल कि व्यवस्था कि गई। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता,गरिडीह महामंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता,धनबाद मंडल के मदन राम गुप्ता,और,मारवाड़ी समाज, गुजराती समाज,जैन समाज,केसरी समाज,सिख समाज और अन्य समाज के पदाधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से माहुरी वैश्य मंडल के सत्येंद्र गुप्ता,शालिनी सेठ,नीरज गुप्ता, संजय गुप्ता,दिलीप गुप्ता,विजय गुप्ता,आतिश गुप्ता,प्रिंस गुप्ता,बसंत गुप्ता,प्रमोद गुप्ता, रघुबीर गुप्ता,अजित गुप्ता,आशीष गुप्ता विकास गुप्ता शामिल थे।

### झुग्गी बस्ती के स्कूली बच्चों संग रोटरी सदस्यों ने मनाया जन्म दिवस



**बोकारो** : रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने झुग्गी बस्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय, को ऑपरेटिव कॉलोनी के बच्चों के साथ अपने सचिव रो. मुकेश अग्रवाल का जन्म दिवस मनाया। अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने बताया की स्कूली बच्चों के संग मुकेश ने केक काटा और बच्चों के बीच केक, टॉफी, बिस्कुट के पैकेट, फल और खिलौनों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कुमार अमरदीप ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग के साथ अपना विशेष दिन मनाने से वह दिन उत्सव बन जाता है और उसकी गरिमा बढ़ जाती है। सचिव मुकेश अग्रवाल ने जन्मदिन का केक बच्चों के संग काटते हुए कहा कि इस माहौल में बच्चों को परिवार जैसा माहौल मिलता है और उनके कुछ कल खुशी से बीतेंगे। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा की रोटरी क्लब चास मानव सेवा के लिए जाना जाता है। संजय बैद ने कहा कि कमजोर वर्ग के बच्चों के साथ केक काटकर रोटरी क्लब चास ने समाज को एक बड़ा संदेश दिया है।

## प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा अव्वल

**पटमदा :** प्रखण्ड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट का प्रतियोगिता संकुल संसाधन केंद्र पटमदा में संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के मध्य विद्यालयों एवं कस्तूरबा विद्यालय ने हिस्सा लिया। सभी स्कूलों ने अलग-अलग नवाचार एवं विज्ञान प्रदर्शनी के लिए अलग-अलग प्रोजेक्ट बनाया था। जिसमें प्रथम उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा एवं द्वितीय मॉडल स्कूल पटमदा तथा तीसरा केजीबीपी स्कूल बांगुडदा हुए। प्रथम पुरस्कार पाने वाले उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा को जिला स्तर पर प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए 24 मार्च को जमशेदपुर जाना होगा। निर्णायक मंडली में विवेकानंद दारिपा, डोली दे, स्नेहलता कुमारी एवं अवनी महंती उपस्थित थे। +2 उच्च विद्यालय बांगड़दा के शिक्षक विवेकानंद दरिपा ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को निखारने के लिए इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता हैं।

# लाभुकों का शत-प्रतिशत ई-केवाइसी कराने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रथ हुए रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से लाभान्वित लाभुकों का शत-प्रतिशत इ-केवाइसी समय पर पूर्ण कराने के लिए जिले में 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। .राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग सुनिश्चित किये जाने का आदेश जारी किया गया है। जिसमें शहरी सहित सभी प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को राशन कार्डधारी के घर जाकर शत प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है। ये जागरूकता रथ के माध्यम से लाभुकों को ई-केवाईसी कराने के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त ने जिले के सभी कार्डधारियों से अपील किया कि आप अपने नजदीकी डीलर के पास जाकर अपना ई-केवाईसी जरुर करायें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया गया कि सभी लाभुकों का ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। इसलिए ई-केवाईसी का कार्य समय पर पूर्ण कराने के लिए 21 से 27 मार्च तक जिले मे ई-केवाईसी सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जो मजदूर अन्य राज्यों में काम कर रहे हैं, वह वहीं के जन वितरण प्रणाली विक्रेता से सम्पर्क स्थापित कर ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करेंगे।

## विधायक मद योजना से संबंधित समीक्षा की हुई बैठक



**पाकुड़ :** ज़िले में आज शुक्रवार को जिला पंचायत राज पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में 06–महेशपुर विधायक मद योजना से संबंधित एक समीक्षा बैठक आहूत किया गया। बैठक में 06–महेशपुर विधायक निधि योजना से संबंधित अभिकर्ता, लिपिक, कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता को महेशपुर विधायक निधि योजनान्तर्गत डी०सी० विपत्र एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र से संबंधित चर्चा की गई और निर्देश दिया गया कि महेशपुर विधायक निधि योजना से संबंधित जितने भी कार्य किए जा रहे हैं उसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर अभिकर्ता, लिपिक, कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित थे।

## बड़े गर्म जोशी के साथ झमाझम बारिश में भी अटका शाखा का चुनाव संपन्न



**पाकुड़ :** झारखंड कुशवाहा चासा सेवा समिति कोडरमा,प्रधान कार्यालय डोमचांच का 22 वां त्रैवार्षिक चुनाव का शाखा अटका का चुनाव 20 मार्च को शिव पार्वती के प्रांगण लक्षी बागी अटका में रंजीत मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। केंद्र से आए सभी सम्मानित पदाधिकारी का भव्य स्वागत किया गया। समिति का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक,आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु समर्पित है। चुनावी सभा के दौरान कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। मुख्य चुनाव प्रभारी बलराम भारती, सहायक चुनाव प्रभारी संजीत कुमार मेहता, केंद्रीय समिति के सभापति, संरक्षक अंकेक्षक,महामंत्री,उप महामंत्री,क्षेत्रीय मंत्री,व्यवस्थापिका सभा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं विभिन्न शाखा के मंत्री एवं सभापति की उपस्थिति में अटका शाखा समिति का चुनाव झमाझम बारिश के दौरान बड़े गर्म जोश के साथ संपन्न हुआ। चुनावी सभा में सर्वसम्मति से व्यवस्थापिका सभा सदस्य के लिए आरती देवी शकुंतला देवी मुकेश कुमार मेहता द्वारिका प्रसाद मेहता,अर्जुन प्रसाद मेहता का चयन किया। वहीं शाखा सभापति गोविंद प्रसाद मेहता, उपसभापति अनीता देवी मंत्री विजय मेहता उप मंत्री प्रमोद कुमार कोषाध्यक्ष अरुण मेहता शिक्षा मंत्री सन्नी कुमार सदस्य के लिए यशोदा देवी,रंजीत कुमार मेहता,रमेश कुमार मेहता,दशरथ मेहता,नेमचंद मेहता,विश्वनाथ मेहता,त्रिवेणी मेहता तथा गटी महतो बहादुर मेहता का चयन किया गया संगठन मजबूत के लिए शांति सुरक्षा दल का भी चयन किया गया। चयनित शाखा समिति के पदाधिकारी एवं शांति सुरक्षा दल के सभी सदस्यों को अपने–अपने पद की गोपनीयता का शपथ दिलाया गया।

# पाकुड़ में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान में सात दंपति फिर से हुए एक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाकुड़ द्वारा 17 मार्च से शुरू होकर 21 मार्च, 2025 तक चलने वाले पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान में 13 (तेरह) मामलों का समाधान किया गया और अदालतों में कानूनी लड़ाई लड़ रहे सात जोड़ों को फिर से मिलाया गया। एक मामले में महिला ने अपने पति पर दहेज के लिए अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए पारिवारिक न्यायालय में मामला दर्ज कराया था और गुजारा भत्ता की मांग की थी। सुलह-समझौते की कार्यवाही में काफी देर तक चले मान-मनौव्वल और उसके बाद मध्यस्थों की लंबी मध्यस्थता के बाद दंपत्ति साथ रहने के लिए राजी हो गए। उन्होंने अपने 01 साल और 06 महीने के बेटे के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह फैसला लिया। दूसरे मामले में एक महिला ने भरण-पोषण के लिए मामला दायर किया था। उनकी शादी 22.03.2024 को ही हुई थी। यह एक प्रेम विवाह था जिसे लड़के के माता-पिता स्वीकार नहीं कर रहे थे। लेकिन बाद में विद्वान प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, पाकुड़ द्वारा लंबे समय तक सुलह के बाद उन्होंने सोचा कि यह मामला मध्यस्थता के लिए भेजा जाना उचित है। मध्यस्थता के दौरान अंततः लड़के के माता-पिता उसे अपनी बहू के रूप में स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए। तीसरे मामले में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ भरण-पोषण का मामला दायर किया था, जो 04 साल से अलग रह रहा था। दो बच्चे होने के बावजूद पत्नी ने अपने मायके जाने से इनकार कर दिया, लेकिन पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश के मार्गदर्शन में विशेष मध्यस्थता अभियान के दौरान दंपति ने मामले को सुलझाने के लिए सहमति व्यक्त की और अपने बच्चों के साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

## क्रिकेट खेल रहे बच्चे काजू का फल समझ खा कर हुआ मूर्छित

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने एक पेड़ से फल समझ तोड़ खाकर हुआ मूर्छित। मिली जानकारी के अनुसार बादल कुमार उम्र 14 वर्षीय पिता पवन मंडल, रोहन मंडल उम्र 7 वर्षीय पिता सुगरी मंडल, आदित्य मंडल उम्र 10 वर्षीय पिता सुगरी मंडल, आशीष कुमार उम्र 7 वर्षीय पिता सीपन मंडल, सभी सकरीगली जमनी फाटक के रहने वाले बीते गुरुवार की शाम को 4:00 बजे के लगभग सकरीगली जमनी फाटक रेलवे लाइन के पास क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने एक पेड़ से काजू का फल समझ तोड़ कर खा लिया और घर जाने के बाद सभी मूर्छित हो गया। जहां परिजनों ने मूर्छित बच्चों को आनन-फानन में उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ऋतुराज ने सभी बच्चों का उपचार किया।

# औषोधिय गुणों से परिपूर्ण है झारखंड में बहुतायत पाये जाने वाले पलाश वृक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** झारखंड में बहुतायत रूप से पाये जाने वाले पलाश वृक्ष औषोधिय गुणों से परिपूर्ण है। यह वृक्ष उष्ण कटीबंधिया जलवायु क्षेत्र में ही सिर्फ पाया जाता है। पलाश औषोधिय गुणों के साथ प्राकृतिक सुंदरता को मदहोश करती है। नव यौवना वसंत ऋतू में पलाश के वृक्ष में लदा सिंदूरी रंग के मनमोहक फुल मौसम को और भी यौवन बना देती है। प्राकृतिक सौंदर्य में चार चांद लगाने वाले इस फुल की वृक्ष का हर अंग में औषोधिय गुण समाहित है। फुल, फल, जड़, पत्ता व तना में अलग अलग गुण है। वैद्य इस वृक्ष से कई प्रकार के दवा बनाते हैं। पलाश के औषोधिय गुण ग्रामीण क्षेत्र में होली का रंग अधिकांश लोग पलाश फुल से बनाते हैं। इसके रंग में कई दुष्प्रभाव नहीं है बल्कि औषोधिय गुण है। पलाश के फूलों में कई गुण समाहित है। आयुर्वेद में इनके कई गुणों का उल्लेख मिलता है। फुल को सुखाने के बाद भींगोकर इसका पानी पीने से पेट के कीड़े दूर करने में सहायक, डायबिटीज को नियंत्रित करती है, बवासीर में आराम मिलता है, कामोत्तेजक हैं, आंतों में अल्सर को दूर करते हैं, पेशाब खुलकर आता है, किडनी की सेहत अच्छी रहती है, आंतों की गर्मी को कम करते हैं। फूलों का इस्तेमाल सौंदर्य प्रसाधनों में भी किया जाता है। इसका जड़ कृमि नाशक है। पत्ते व्यवसायिक रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

## सीओ और खनन इंस्पेक्टर ने किया क्रशर खदानों का निरीक्षण



**पटमदा :** पटमदा अंचल क्षेत्र के कमलपुर थाना क्षेत्र में स्थित संचालित क्रशर मिल और खदानों का निरीक्षण पटमदा अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र दास जिला खनन इंस्पेक्टर ,थाना प्रभारी दीपक ढाकुर कमलपुर के द्वारा संयुक्त रूप से ओड़िया बानकुचिया गेरूवाला , समरजोबडा, चिरूडीह आदि गांवों में स्थित क्रेशर मिल एवं खदानों की जांच की गई जांच की गई।इस क्रम में सीओ ने बताया कि कोई भी अवैध खदान एवं क्रेशर मिल की पहचान नहीं हो पाई। यह कार्रवाई उपायुक्त अनन्या मित्तल के द्वारा ग्रामीणो के द्वारा दांदुडीह में एक उद्घाटन समारोह के दौरान मौखिक शिकायत के आधार पर किया गया।

# श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ को लेकर निकाली कलश शोभा यात्रा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/मंडरो:** मिजाचौकी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ को लेकर पहले दिन शुक्रवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा में वृंदावन की कथा वाचिका देवी अनीता (रक्षा) व मुख्य यजमान हृदय नारायण चौधरी व उनकी धर्म पत्नी देवी रेशमी आदि शामिल थे। कलश शोभा यात्रा में करीब 611 कलश के साथ महिलाएं, युक्तियां पीला वस्त्र धारण कर शामिल हुई। कलश शोभा यात्रा कथा स्थल से निकल महादेवरण शिव मंदिर से जल भरकर मिजाचौकी बाजार होते हुए नीमगाछी, गांधीनगर रेलवे फाटक होकर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंचा। आयोजन समिति के कृपानाथ चौधरी ने बताया कि रोजाना देवी अनीता श्रीमद् भागवत कथा प्रस्तुत करेंगी। इसके साथ झांकी आदि भी प्रस्तुत किया जाएगा।

# अमड़ापाड़ा अंचल के आलूबेड़ा बंगला के परगैनत पद पर नियुक्ति हुए प्रेम प्रकाश हेम्ब्रॉम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार की अधिसूचना संसूचित द्वारा दिए गए निर्देश एवं उक्त अधिसूचना द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक प्रमंडलीय आयुक्त, संथाल परगना प्रमंडल दुमका की अध्यक्षता में आयुक्त के सभागार कक्ष में बैठक हुई जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में संथाल सिविल रूल्स एवं संथाल परगना न्याय विनियमन 1893 के प्रावधानों को वर्तमान परिपेक्ष में संथाल परगना में प्रचलित पारम्परिक एवं कानूनी न्याय प्रक्रिया पर विचार विमर्श किया गया। संथाल क्षेत्र में जनजातीय समिति के लिए न्याय प्रणाली की प्रभावशीलता एवं व्यावहारिकता को ध्यान में रखकर संथाल सिविल कोर्ट एवं लोकल ट्रैवल काउंसिल के बीच समन्वय स्थापित करने के बिंदु पर विचार विमर्श किया गया। संथाल परगना न्याय प्रणाली में विधिक संशोधनों की संभावना एवं संथाल परगना के प्रासंगिक कानूनी मुद्दों पर राज्य सरकार के नीतिगत निर्णयों पर परिचर्चा की गई। बैठक में उपस्थित अपर समाहर्ता द्वारा उपरोक्त बिंदुओं पर अपना-अपना सुझाव दिया गया। बैठक में उपस्थित मांझी, परगैनत एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भी अपनी-अपनी राय दी गई। सभी लोगों से विचार विमर्श एवं परामर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी जिलों के उपायुक्त अपने-अपने जिलों में 10 अप्रैल 2025 तक अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जानकार मांझी/ ग्राम प्रधान, सरकारी अधिवक्ता एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक आयोजित करेंगे एवं उनकी राय /सुझाव प्राप्त कर बिंदुवार प्रतिवेदन प्रमंडलीय आयुक्त को समर्पित करेंगे। प्राप्त सुझाव /प्रतिवेदनों की प्रमंडल स्तर पर समीक्षा की जाएगी। तदोपरांत राज्य सरकार के नीतिगत निर्णय हेतु समेकित प्रतिवेदन सरकार को भेजा जाएगा। बैठक समाप्ति के उपरांत पाकुड़ जिला के अपर समाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रमंडल आयुक्त के कर कमलों द्वारा प्रेम प्रकाश हेंब्रम, पिता- स्व० पाइसिल हेंब्रम, ग्राम- पचुवाड़ा, अंचल-अमड़ापाड़ा, जिला- पाकुड़ को अमड़ापाड़ा अंचल के आलूबेड़ा बंगला के लिए परगैनत पद का नियुक्ति पत्र दिया गया।

## विश्व वानिकी दिवस पर मॉडल कॉलेज में पौधरोपण का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** मॉडल कॉलेज, राजमहल एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, साहिबगंज के संयुक्त तत्वावधान में विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 35 फलदार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह ने की। प्राचार्य डॉ. रंजीत सिंह ने वन विभाग के डीएफओ प्रबल गर्ग और उनकी टीम का आभार जताते हुए कहा कि उनके द्वारा 35 फलदार पौधे प्रदान किए गए, जिनमें चीकू, नींबू, कटहल, चेरी, अमरूद सहित कई अन्य वृक्ष शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और शुद्ध वातावरण प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम में बाबा ओम प्रकाश प्रजापति, वन विभाग के राजा पासवान, कॉलेज के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## अवैध माइनिंग परिवहन के खिलाफ सख्त हुआ प्रशासन



**पाकुड़, लिट्टीपाड़ा :** ज़िले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बीडीओ सह सीओ संजय कुमार व थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने शुक्रवार को अवैध माइनिंग परिवहन के खिलाफ अभियान चलाकर साहिबगंज –गोविंदपुर एक्सप्रेस हाइवे पर डहरलंगी व गढ़द्वारा के समीप दो ओभर लोडेड बालू ट्रेक्टर को जब्त किया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया की एक ट्रैक्टर जिसका नंबर जेएच यू 1882 व दूसरा ट्रेक्टर में नम्बर नही है को जांच के लिए रोकने पर चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। दोनों ही ट्रेक्टर में बालू ओभर लोड था। गाड़ी जब्त करने के पश्चात दोनों ट्रेक्टर के मालिक ने माइनिंग चालान नही प्रस्तुत किया। बीडीओ संजय कुमार के लिखित आवेदन पर दोनों ही ट्रेक्टर मालिक व वाहन चालक पर ओभर लोड व बिना माइनिंग के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पटमदा :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पटमदा प्रखंड कमिटी के सदस्यों ने शुक्रवार को पार्टी के प्रखंड कार्यालय रांगाटांड में भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो के 287 वां जयंती पर उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आगामी 23 मार्च को पटमदा प्रखण्ड के ओड़िया पंचायत स्थित बनडीह मोड़ में एक कार्यालय उद्घाटन हेतु जे एल के एम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो के आगमन की तैयारी बैठक सम्पन्न हुआ। पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पटमदा वासियों में उत्साह का माहौल है। मौके पर जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो, जिला प्रवक्ता फनि महतो, प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, प्रताप महतो,पटमदा प्रखंड सचिव मृत्युंजय महतो,फुलचंद मुर्म, हांसु सहिस,बिकल महतो,सैकत महतो,कैलाश महतो, उत्तम महतो,योगेश्वर महतो, सुनील महतो, पंचानन महतो एवं आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव कार्य में लगे वाहनों का अभी तक नहीं मिला भुगतान



**बरहरवा :** विधानसभा चुनाव 2024 में कार्य के बाद भी वाहन मालिकों का भुगतान अभी तक नहीं होने पर बीडियो सन्नी कुमार दास को शुक्रवार को वाहन मालिकों ने आवेदन सौंपा। आवेदन पर वाहन मालिकों ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 को हम सभी वाहन मालिक अपना अपना वाहन विधानसभा चुनाव में कार्य के लिए दिए थे। जहां इतने दिन समय बीत जाने के बावजूद भी अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। जिससे हम सभी वाहन मालिकों को भुगतान लेने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने बीडियो सन्नी कुमार दास से विधानसभा चुनाव में कार्य किए गए वाहनों का भुगतान जल्द से जल्द करने का मांग किया है। मौके पर वाहन मालिक रामप्रवेश सिंह, हेमंत कुमार सिंह, राजेश कुमार भगत, सहित अन्य वाहन मालिक उपस्थित थे।

# जनता का समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पदाधिकारी को आमजन की शिकायतों के प्रति उदासीनता नहीं बरतनी चाहिए और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त महोदय के समक्ष रखा। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान के प्रति नागरिकों को आश्वस्त किया। उन्होंने सभी आवेदनों की समीक्षा एवं प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतें विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित थीं। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि समाधान प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाए और निष्पादन की प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को सौंपी जाए। उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनहित के मामलों को गंभीरता से लें और पारदर्शिता के साथ समस्या निवारण सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# प्रस्तावित औद्योगिक गलियारे के विरुद्ध आदिवासी जान दे देंगे मगर जमीन नहीं देंगे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोरियो :** प्रस्तावित औद्योगिक गलियारे के विरोध में मांझी परगना सरकार के बैनर तले बोरियो प्रखंड कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन सह रैली निकाली गयी। डाक बंगला से निकल कर प्रखंड मुख्यालय पहुंची। इस दौरान रैली में शामिल लोगों ने हेमंत सोरेन के विरोध में नारेबाजी की। रैली सह विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पथरा के ग्राम प्रधान नरसिंह मरांडी ने किया। इस दौरान करीब 24 अलग-अलग गांव के ग्रामीण अपने पारंपरिक हथियार और डुगडुगी, नगाड़े के साथ शामिल हुए। ग्राम प्रधान नरसिंह मरांडी ने कहा कि सरकार अपने फायदे के लिए आदिवासियों की जमीन धोखे से हड़पना चाहती है। औद्योगिक गलियारा के नाम पर हेमंत सरकार आदिवासियों से धोखाधड़ी कर जमीन छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों और सरकारी कर्मियों को वेतन देने के लिए सरकार के पास पैसे नहीं है। इसीलिए हम आदिवासियों की जमीन किसी उद्योगपति को बेचकर हमारी ही बहन बेटियों को मंईयां सम्मान योजना की राशि देगी। कहा सरकार हमें योजना की राशि न दें। लेकिन हम अपनी जमीन किसी भी हाल में नहीं देंगे। कहा कि आदिवासियों की जमीन ही उनकी संस्कृति और परंपरा है। इस पर सरकार की नजर है, हम अपनी जान दे देंगे, पर जमीन नहीं देंगे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**Short e-Procurement Tender Notice**

**(2nd Call)**

**Tender Reference No: - SPUF/MID/KODERMA/F2-11/2024-25**

**Letter no:-174** **Date: - 21.03.2025**

**Details of Works:-**

| Group No. | Name of Block | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जयनगर | पी०सी०सी० जयनगर में सम्पर्क पथ निर्माण | 24.830 | 03 Months |
| 2. | डोमचांच | डोमचांच प्रखंड अंतर्गत [illegible] पंचायत के महुआमहाडी से ध्वजा तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण | 18.454 | 03 Months |
| 3. | डोमचांच | प्रखंड डोमचांच पंचायत पुरनाडीह रमेश साव घर से बसुनी पुरी घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण | 15.769 | 03 Months |
| 4. | डोमचांच | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटीडीह प्रखंड डोमचांच में चैत्यालय के बगल बने पुल पर दोनों तरफ सुरक्षा दीवार/गार्डवाल निर्माण कार्य | 17.943 | 03 Months |
| 5. | कोडरमा | ग्राम लोहासिंघर में मेन रोड से शमशान घाट तक गार्डवाल एवं पी०सी०सी० पथ निर्माण | 24.204 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 26.03.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 03.04.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 03.04.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 05.04.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-eemr-jhr@nic.in |

Note: 1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

**PR 348927 Minor Irrigation(24-25).D**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Koderma.**

## ग्लेशियर संरक्षण जल संकट का प्रभावी समाधान

दुनिया के सामने स्वच्छ जल की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। जल प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जल के महत्व एवं उसकी बढ़ती समस्याओं के समाधान की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये ही प्रतिवर्ष विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। यह कोरा एक वार्षिक उत्सवभर नहीं है, बल्कि आन्दोलन है, जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित यह दिवस वैश्विक जल चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, जिसमें स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, स्वच्छता और पानी की कमी शामिल है। इस वर्ष की जल दिवस की थीम है ग्लेशियर संरक्षण, जो जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों से दुनिया के जमे हुए जल संसाधनों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देती है। ग्लेशियरों का पिघलना तेज हो रहा है, जिससे जल चक्र बाधित हो रहा है और अरबों लोगों के लिए जीवन के अस्तित्व से जुड़े जल की सुरक्षा को खतरा है।

विश्व जल दिवस संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में स्थापित, यह वैश्विक जल मुद्दों को संबोधित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता की याद दिलाता है, खासकर जब दुनिया भर में 2.2 बिलियन लोगों के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल तक पहुंच नहीं है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पहले से कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं। अरबों लोगों के लिए पिघले पानी का प्रवाह बदल रहा है, जिससे बाढ़, सूखा, भूस्खलन और समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। अनगिनत समुदाय और पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के खतरे में हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कटौती तथा सिकुड़ते ग्लेशियरों के अनुकूलन के लिए स्थानीय रणनीतियां आवश्यक हैं। इस वर्ष के विश्व जल दिवस अभियान का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना के केंद्र में ग्लेशियर संरक्षण को रखने के लिए मिलकर काम करना है।

दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। औद्योगिक कचरे की वजह से रोजाना पानी के बड़े स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। पीने के पानी या साधारण पानी की कमी के द्वारा होने वाली संभावित समस्या के बारे में आम लोगों को जानने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना चाहिये। जल जीव मंडल में पारिस्थितिकी संतुलन को बनाये रखता है। पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, सीवेज के निपटान, उत्पादन प्रक्रिया आदि बहुत उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्वच्छ जल बहुत जरूरी है।

जल जीवन के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जिन पाँच तत्वों को जीवन का आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

### सूडोकु नवताल- 7377

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7376 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# अतीत की गोद में सोए तालाब और बावड़ियां : बस पानी ही नहीं, कहानियों का खजाना

डॉ. सत्यवान सौरभ



अगर हम तालाबों और बावड़ियों को सिर्फ.पानी जमा करने की जगह समझते हैं, तो शायद हम उनके साथ न्याय नहीं कर रहे। ये सिर्फ. जल-स्त्रोत नहीं, बल्कि सदियों की कहानियों, रहस्यों, परंपराओं और लोककथाओं के ज़िंदा गवाह हैं। पुराने तालाब और बावड़ियाँ इतिहास की किताब के वह पन्ने हैं, जिन पर समय की बूंदें टपकी हैं। अब जब हम पानी के संकट से जूझ रहे हैं, तब इन प्राचीन जल स्त्रोतों की अहमियत और भी बढ़ जाती है। आधुनिक टैंकर और बोरवेल के भरोसे रहने की बजाय अगर हम फिर से बावड़ियों और तालाबों को ज़िंदा करें, तो शायद आने वाली पीढ़ियाँ भी हमारी तारीफ करेंगी (और शायद तालाबों के किनारे बैठकर अपनी नई कहानियाँ रचेंगी)। तालाब और बावड़ियाँ हमारे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परिदृश्य का अभिन्न अंग रही हैं। वे न केवल जल-संग्रहण के साधन थे, बल्कि समाज के सामूहिक जीवन, कला, स्थापत्य और आध्यात्मिक गतिविधियों से भी जुड़े हुए थे। आज के दौर में जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुका है। जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित शहरीकरण और भूजल के अत्यधिक दोहन ने पानी की उपलब्धता को प्रभावित किया है। ऐसे में प्राचीन जल संरचनाओं, जैसे तालाब और बावड़ियों का पुनरुद्धार और संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। तालाब और बावड़ियाँ हमारे पूर्वजों की अद्भुत जल प्रबंधन प्रणाली का हिस्सा रहे हैं। वर्तमान जल संकट को देखते हुए, इनका पुनरुद्धार और संरक्षण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह न केवल जल उपलब्धता बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी बचाएगा। यदि हम सामूहिक रूप से प्रयास करें, तो इन ऐतिहासिक जल स्त्रोतों को फिर से जीवंत किया जा सकता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।

अतीत की यादों में समाये तालाब और बावड़ियाँ केवल जल-स्त्रोत नहीं थे, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक भी थे। ये जल संरचनाएँ प्राचीन भारतीय समाज की जल प्रबंधन प्रणाली का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा थीं, जो हमें हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता और पर्यावरण के प्रति उनके सम्मान की याद दिलाती हैं। तालाब गाँवों और नगरों के जीवन का केंद्र हुआ करते थे। वर्षा जल संचयन, कृषि सिंचाई, मवेशियों की प्यास बुझाने और सामाजिक मेलजोल के लिए इनका उपयोग किया जाता था। तालाबों के किनारे मंदिर, घाट और धर्मशालाएँ बनाई जाती थीं, जहाँ लोग आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने आते थे। कई स्थानों पर ये तालाब त्योहारों और मेलों का केंद्र भी बनते थे। प्राचीन भारत में जल को केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि पूजनीय तत्व माना जाता था। इसलिए, जल स्त्रोतों को संरक्षित करने के लिए वैज्ञानिक और कलात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया। राजाओं, रानियों, समाजसेवियों और मंदिर समितियों ने बड़े पैमाने पर तालाब और बावड़ियों का निर्माण कराया। इनका उद्देश्य जल संचयन के साथ-साथ सामाजिक समृद्धि और आध्यात्मिक शांति को बढ़ावा देना भी था। पुराने तालाबों के पास बैठकर अगर आप जरा ध्यान दें, तो आपको उनकी लहरों में इतिहास की हलचल महसूस होगी। कभी ये गाँव-शहरों की जान हुआ करते थे। गाँवों में तालाब के किनारे बुजुर्ग किस्से सुनाते, बच्चे खेलते और महिलाएँ पानी भरते हुए अपनी कहानियों की गहराइयों में खो जातीं। ये सिर्फ. जल संरचनाएँ नहीं थीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल के सबसे अहम केंद्र थे। बावड़ियाँ विशेष रूप से स्थापत्य कला का बेहतरीन उदाहरण थीं। इनका निर्माण इस प्रकार किया जाता था कि गर्मी के मौसम में भी पानी ठंडा बना रहे। राजस्थान और गुजरात में बनी बावड़ियाँ आज भी अपनी जटिल नक्काशी, मेहराबों, स्तंभों और मूर्तियों के कारण आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बावड़ियाँ (सीढ़ीदार कुएँ) विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य भारत में लोकप्रिय थीं। राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में अनेक प्राचीन बावड़ियाँ देखने को मिलती हैं, जिनकी स्थापत्य कला अद्भुत होती थी। ये केवल जल संग्रहण का साधन नहीं थीं, बल्कि गर्मियों में ठंडी छाँव में बैठने और यात्रियों के लिए विश्राम स्थल का कार्य भी करती थीं।

प्रसिद्ध बावड़ियों में चाँद बावड़ी (अभनेरी, राजस्थान) और रानी की वाव (पाटण, गुजरात) अपनी अद्वितीय सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं। तालाब और बावड़ियाँ जल संचयन और भूजल पुनर्भरण का महत्त्वपूर्ण माध्यम थीं। जलवायु परिवर्तन और जल संकट के इस दौर में यदि हम इन पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन करें, तो यह न केवल भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि बाढ़ जैसी समस्याओं को कम करने में भी सहायक होगा। आधुनिक शहरीकरण और बढ़ती उपेक्षा के कारण कई तालाब और बावड़ियाँ सूख चुके हैं या अतिक्रमण का शिकार हो गए हैं। कई जल स्त्रोत गंदगी और कचरे से भर चुके हैं, जिससे न केवल उनका ऐतिहासिक महत्त्व समाप्त हो रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सरकार और स्थानीय समुदायों को मिलकर पुराने जल स्त्रोतों की सफाई करनी चाहिए। पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए ठोस कानूनी नीतियाँ बनाई जानी चाहिए। गांवों और शहरों में सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि लोग इन धरोहरों को संजोने में सक्रिय भाग लें। इन ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे लोग इनके महत्त्व को समझें और संरक्षण के लिए प्रेरित हों।

वर्तमान में कई शहर और गाँव पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है क्योंकि वर्षा जल का संचयन सही तरीके से नहीं हो रहा है। यदि तालाबों और बावड़ियों को पुनर्जीवित किया जाए, तो वे भूजल को फिर से भरने में मदद कर सकते हैं, जिससे नदियों और कुओं का जल स्तर संतुलित रहेगा। कई क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा के कारण बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में सूखा पड़ता है। यदि पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण किया जाए, तो वर्षा जल को संग्रहित करके सूखे के दौरान इसका उपयोग किया जा सकता है। साथ ही, यह जल निकासी की भी एक प्रभावी प्रणाली बन सकती है। तालाब और बावड़ियाँ न केवल जल का स्त्रोत हैं, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। ये जलाशय पक्षियों, मछलियों और अन्य जलीय जीवों के प्राकृतिक आवास होते हैं। यदि इन्हें पुनर्जीवित किया जाए, तो जैव विविधता को भी संरक्षित किया जा सकता है।

# ऋषभ हैं सभ्यता और संस्कृति के पुरोधा पुरुष

ललित गर्ग

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ यानी भगवान ऋषभदेव विश्व संस्कृति के आदि पुरुष, आदि संस्कृति निमार्ता थे। वे प्रथम सम्राट और प्रथम धर्मतीर्थ के आद्य प्रणेता थे। उनकी निर्मल जीवनगाथा हजारों वर्षों से जनजीवन को प्रेरणा प्रदान करती रही है। जैन, बौद्ध और वैदिक परम्परा में ही नहीं, विश्व की अन्य संस्कृतियों में भी उनकी यशोगाथा गायी गई है। भगवान ऋषभदेव ने भारतीय संस्कृति में असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प रूपी जीवनशैली दी, आज हमारा जीवन उसी पर आधारित है। इन छह कर्मों के द्वारा उन्होंने जहां समाज को विकास का मार्ग सुझाया, वहीं अहिंसा, संयम और तप के उपदेश द्वारा समाज की आंतरिक चेतना को जगाया। उनकी जन्म जयन्ती कोरा आयोजनात्मक माध्यम न होकर एक प्रयोजनात्मक उपक्रम है, जिसमें हम भारतीय संस्कृति को दिये उनके योगदान को स्मरण करते हुए अपने जीवन को आदर्श बना सकते हैं।

भगवान ऋषभदेव वर्तमान अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर हैं। तीर्थंकर का अर्थ होता है-जो तीर्थ की रचना करें। जो संसार सागर यानी जन्म मरण के चक्र से मुक्ति दिलाकर मोक्ष प्रदत्त करें। ऋषभदेव को ह्यआदिनाथह्न भी कहा जाता है। वे भगवान विष्णु के अवतार थे। जन-जन की आस्था के केन्द्र तीर्थंकर प्रभु ऋषभदेव का जन्म चैत्र कृष्ण नवमी को अयोध्या में हुआ। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। वे जानते थे कि नहीं जानना बुरा नहीं मगर गलत जानना, गलत आचरण करना बुरा है। इसलिए उन्होंने सही और गलत को देखने, समझने, परखने की विवेकी आंख दी जिसे सम्यक दृष्टि कहा जा सकता है। यह वह समय था जब भोगभूमि का काल पूर्ण होकर कर्मभूमि का काल प्रारंभ हो गया था। भोगभूमि में दस कल्पवृक्ष होते थे जो मनुष्य की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करते थे। मनुष्य को कोई काम नहीं करना पड़ता था। धीरे-धीरे काल के प्रभाव




से यह कल्पवृक्ष लुप्त होते गए और मनुष्य के सामने भूख प्यास, गर्मी सर्दी और बीमारियों की समस्याएं आने लगी। प्रजा अपने राजा नाभिराय के पास गई और उपाय पूछा तो राजा ने प्रजा को युवराज ऋषभ के पास भेज दिया। युवराज ऋषभ ने संसारी रहते हुए प्रजाजनों को शस्त्र, लेखनी, विद्या, व्यापार, खेती एवं शिल्प इन छह कार्यों को करना सिखलाया। उन्होंने जनता को इन छह कार्य के द्वारा आजीविका पैदा करने के उपदेश दिए। इसीलिए वे युगकर्ता, सृष्टि के पालनहार और सृष्टि के ब्रह्मा कहलाए। इस रचना के द्वारा ऋषभदेव ने प्रजा का पालन किया। इसलिए उन्हें प्रजापति भी कहा गया। महाराज नाभि के यहां ऋषभ रूपी दिव्य बालक का जन्म हुआ। उसके चरणों में वज्र, अंकुश आदि के चिन्ह जन्म के समय ही दिखाई दिये। बालक के अनुपम सौन्दर्य को जिसने भी देखा वह मोहित हो गया। बालक के जन्म के साथ महाराज नाभि के राज्य में सम्पूर्ण ऐश्वर्य, सुख-शांति एवं वैभवता परिव्याप्त हो गयी। नाभि के राज्य में अतुल ऐश्वर्य को देखकर इन्द्र को ईर्ष्या हुई। उन्होंने इनके राज्य में वर्षा बंद कर दी। भगवान ऋषभदेव ने अपनी योगमाया के प्रभाव से इन्द्र के प्रयत्न को निष्फल कर दिया। इन्द्र ने अपनी भूल के लिए क्षमा माँगी। ऋषभ के सौ पुत्र हुए। उनमें सबसे बड़े पुत्र का नाम भरत था। उसी के नाम पर हमारे देश का नाम भारतवर्ष प्रसिद्ध हुआ। ऋषभ ने पुत्रों को मोक्षधर्म का अति सुंदर उपदेश दिया। तदनन्तर ऋषभ अपने बड़े पुत्र भरत को राज्यभार सौंपकर दिगम्बर वेष में वन को चले गये। ऋषभ जब शासक बने, अनूठा थी उनकी शासन-व्यवस्था। क्योंकि उनके लिये सत्ता से ऊंचा समाज एवं मानवता का हित सर्वोपरि था। उन्होंने कानून कायदे बनाए। सुरक्षा की व्यवस्था की। संविधान निर्मित किए। नियमों का अतिक्रमण करने वालों के लिए दण्ड संहिता भी तैयार की। सचमुच वह भी कैसा युग था। न लोग बुरे थे, न विचार बुरे थे और न कर्म बुरे थे। राजा और प्रजा के बीच विश्वास जुड़ा था। बाद में जब कभी बदलते परिवेश, पर्यावरण, परिस्थिति और वैयक्तिक विकास के कारण व्यवस्था में रुकावट आई, कहीं कुछ गलत हुआ, मनुष्य का मन बदला तो उस गलत कर्म के लिए इतना कह देना ही बड़ा दण्ड माना जाता कि हाय! तूने यह क्या किया? ऐसा आगे मत करना, धिक्कार है तूने ऐसा किया। ये हाकार, माकार और धिक्कार नीतियां अपराधों का नियमन करती रहीं। आज की तरह उस समय ऐसा नहीं था कि अपराधों के सच्चे गवाह और सच्चे सबूत मिल जाने के बाद भी अदालत उसे कटघरे में खड़ा कर अपराधी सिद्ध न कर सके। निर्दोष व्यक्ति न्याय पाने के लिए दर-दर भटके और अपराधी धड़ल्ले से शान-शौकत के साथ ऐशो आराम करे।

सत्ता के नाम पर युद्ध तो सदियों में होते रहे हैं मगर ऋषभ के राज वैभव छोड़कर संन्यस्त बन जाने के बाद सिंहासन के लिए भाई-भाई भरत बाहुबली में जो संघर्ष हुआ वह ऐतिहासिक प्रसंग भी आज के संदर्भ में एक सीख है। आज भी सत्ता और स्वार्थ का संघर्ष चलता है। सब लड़ते हैं पर देश के हित में कम, अपने हित में ज्यादा। लेकिन न तो आज ऋषभ के 98 पुत्रों की तरह समस्या के समाधान पाने की जिज्ञासा है कि हम किसको मुख्य मानकर उनसे अंतिम समाधान मांगे और न ही कोई ऐसा ऋषभ है जो अंतहीन समस्याओं के बीच सबको सामयिक संबोध दे। राज्य प्राप्ति के प्रश्न पर जब भरत बाहुबली के बीच अहं और आकांक्षा आ खड़ी हुई तो ऋषभ ने शस्त्र युद्ध को नकारा और आत्मयुद्ध की प्रेरणा दी, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है।

भगवान ऋषभदेव को सभ्यता और संस्कृति की विकास यात्रा का प्रणेता माना जाता है, उनका अवतरण आदिम युग का परिष्कारक बना। वे पुरुषार्थ चतुष्टयी के पुरोधा थे। अर्थ और काम संसार की अनिवार्यता है तो धर्म और मोक्ष जीवन के चरम लक्ष्य तक पहुंचाने वाले सही रास्ते। उन्होंने प्रयोगधर्मा ऋषि बनकर जगत की भूमिका पर जीवन के बिखराव की व्यवस्था दी तो अध्यात्म के परिप्रेक्ष्य में धर्म की जीवंतता प्रस्तुत की। समाज व्यवस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। ऋषभ की दण्डनीति और न्यायनीति आज प्रेरणा है उस संवेदनशून्य व्यक्ति के लिए जो अपराधीकरण एवं हिंसक प्रवृत्तियों की चरम सीमा पर खड़ा है। व्यक्तित्व बदलाव का प्रशिक्षण ऋषभ की बुनियादी शिक्षा थी। ऋषभ ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं जबकि उन सबके अभाव में संत चेतना के पास अच्छाइयां और आदर्श चले आते हैं, क्योंकि उसके पास धर्म की ताकत, चरित्र की तेजस्विता है।

ऋषभ ने संसार और संन्यास दोनों की जीया। ये पदार्थ छोड़ परमार्थ की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने कर्मबंध और कर्ममुक्ति का राज प्रकट किया। वे संन्यस्त होकर वर्ष भर भूखे-प्यासे घूमते रहे। प्रतिदिन शुद्ध आहार की गवेषणा करते रहे। यह जानते हुए भी कि भूख और प्यास मेरी कर्मजनित नियति है। यह पुरुषार्थ उनकी सहिष्णुता, समता, संयम और संकल्प की पराकाष्ठा का सबूत था। वर्ष भर के तप की पूणार्हुति जब राजकुमार श्रेयांस द्वारा दिए गए इक्षु रस के सुपात्र दान से हुई तो वह दिन, वह दान, वह दाता, वह तप अक्षय बन गया। भावशुद्धि की प्रकर्षता का वह क्षण सबके लिए प्रेरणा बन गया और उसे अक्षय तृतीया पर्व के रूप में जैन धर्म के अनुयायी एक वर्ष की तपस्या करके मनाते है।

# संकट में पाकिस्तान : अंदर-बाहर हर तरफ हाहाकार



संजय सक्सेना

पड़ोसी देश पाकिस्तान चौतरफा मुसीबतों से घिरता जा रहा है। चीन की दोस्ती उसे डूबों रही है तो भारत और अफगानिस्तान से दुश्मनी उसे भारी पड़ रही है। अमेरिका में भी ट्रम्प सरकार आने के बाद वहां से पाकिस्तान पर मेहरबानियों का सिलसिला थम गया है। पाकिस्तान के अंदरूनी हालात भी कम खराब नहीं है। एक तरफ पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके,सिंध प्रांत की जनता पाकिस्तान सरकार के खिलाफ जहर उगल रही है,वहीं ब्लूचिस्तान प्रांत की विद्रोही जनता तो पाकिस्तान की अखंडता के लिये ही खतरा बन गया है।यहां के लोग पाकिस्तान से अलग पूर्ण आजादी चाहते हैं। इसके चलते बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और पाकिस्तान सेना के बीच लगातार संघर्ष होता रहता है। हद तो तब हो गई जब 11 मार्च 2025 को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया, जिसमें लगभग 440 यात्री सवार थे। इस हमले में बीएलए ने ट्रेन को रोककर यात्रियों को बंधक बना लिया और सुरक्षाबलों पर हमला किया, जिससे 21 यात्रियों और 4 अर्धसैनिक बलों के जवानों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में 33 आतंकवादियों को मार गिराया और बचे हुए यात्रियों को सुरक्षित छुड़ा लिया।

इस घटना के बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई, जिसमें सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आतंकवाद के खिलाफ रणनीतिक राजनीतिक संकल्प और बेहतर शासन की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तानी सेना ने इस हमले के लिए भारत को दोषी ठहराया, हालांकि उन्होंने इसके समर्थन में कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं किया। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया है।


ट्रेन हाईजैक के बाद, बलूच विद्रोहियों ने बलूचिस्तान के नोशकी इलाके में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर एक और बड़ा हमला किया, जिसमें कई सैनिक हताहत हुए। यह घटना बलूच विद्रोहियों की बढ़ती गतिविधियों को दशार्ती है, जो बलूचिस्तान में अधिक स्वायत्तता और संसाधनों पर नियंत्रण की मांग कर रहे हैं। इन घटनाओं के मद्देनजर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने देश को सख्त राष्ट्र बनाने और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बेहतर शासन और राजनीतिक संकल्प की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 18 मार्च, 2025 को अपने एक बयान में पाकिस्तान को एक कठोर राज्य में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष देश के अस्तित्व के लिए एक लड़ाई है। जनरल मुनीर ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की एक उच्चस्तरीय बैठक में की, जो बलूच आतंकवादियों द्वारा एक यात्री ट्रेन का अपहरण करने के कुछ दिनों बाद बुलाई गई थी , जिसके परिणामस्वरूप 25 यात्रियों की मौत हो गई थी।

मुनीर ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष हमारे और हमारी भावी पीढ़ियों के अस्तित्व की लड़ाई है। उन्होंने बेहतर शासन और पाकिस्तान को एक ह्लकठोर राज्य बनाने का आह्वान किया और पूछा, हम कब तक एक नरम राज्य की शैली में अनगिनत लोगों की जान कुर्बान करते रहेंगे? जनरल मुनीर ने कहा, स्थायी विकास के लिए, राष्ट्रीय शक्ति के सभी तत्वों को सामंजस्य के साथ काम करना होगा।

बात बलूचिस्तान, के भौगोलिक और राजनैतिक परिदृश्य की कि जाये तो यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत, लंबे समय से देश के लिए एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बना हुआ है। यहां के अलगाववादी आंदोलन, प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण की मांग, और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप पाकिस्तान की स्थिरता के लिए खतरा बने हुए हैं। दरअसल, 1947 में भारत से अलग मुसलमानों के लिये पाकिस्तान देश बनने के बाद, बलूचिस्तान के कलात राज्य ने पाकिस्तान में विलय से इंकार कर दिया था। हालांकि, 1948 में पाकिस्तानी सेना ने इस पर कब्जा कर लिया, जिससे बलूच राष्ट्रवादियों में असंतोष बढ़ा। तब से, बलूचिस्तान में कई बार विद्रोह हुए हैं, जिनमें 1950, 1960, 1970 और 2000 के दशक शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में, बलूच अलगाववादी समूहों की गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2015 से 2024 के बीच, इन समूहों द्वारा किए गए हमलों की संख्या चार गुना बढ़कर 171 हो गई है। इन हमलों में लगभग 590 लोग मारे गए हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना के जवान भी शामिल हैं। गौरतलब हो बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, जिसमें गैस, सोना, और तांबा शामिल हैं। हालांकि, स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इन संसाधनों का लाभ उन्हें नहीं मिलता, बल्कि पाकिस्तान के अन्य प्रांतों को मिलता है। यह आर्थिक असंतोष अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देता है।

## दैनिक पंचांग

**22 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शनिवार** 2025 वर्ष का 81 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 05.24 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** मूल 03.24 बजे रात्र को समाप्त। **योग** व्यतीपात 18.36 बजे को समाप्त। **करण** बालव 16.59 बजे तदनन्तर कौलव 05.24 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 38' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872291 **जूलियन दिन** 2460756.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 21 **विशेष** बासौदा, शीतला अष्टमी, कालाष्टमी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.14 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृष | 08.54 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.52 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 13.06 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 15.22 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.34 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.45 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.59 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.15 बजे से |
| | | मकर | 02.20 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कुंभ | 04.07 बजे से |
| | | मीन | 05.40 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को श्रद्धा सुमन अर्पित

**झुमरीतिलैया** : कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर की वंदना सभा में आज लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ लोकमाता के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू, प्रभारी मनोज कुमार सिंह और बालिका शिक्षा प्रमुख अर्चना सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। उपस्थित भैया बहनों के द्वारा लोकमाता के जीवन पर प्रकाश डाला गया। पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा की लोकमाता का जीवन हम सबों के लिए प्रेरणा स्रोत है। इनके द्वारा किया गया न्याय आज भी सबों के द्वारा श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। अपने पुत्र की परवाह किए बिना इन्होंने गौ माता के पक्ष में जो न्याय दिया वह इतिहास के पन्नों पर आज भी दर्ज है। मौके पर उपस्थित बालिका शिक्षा प्रमुख अर्चना सिंहा ने लोकमाता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की अपनी संस्कृति के प्रति उनका प्रेम हम सबों का प्रेरणा स्रोत है। आभार ज्ञापन चंद्र कावेरी निहाल के द्वारा संपन्न हुआ, जबकि मंच संचालन शर्मिष्ठा साहा के द्वारा किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य प्रदीप कुमार, विजय मिश्रा, नीरज सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, उमाशंकर कुमार, पवन शर्मा आदि आचार्य जी एवं दीदी जी उपस्थित थे।

### रामनवमी महासमिति में दूसरी बार महिला अध्यक्ष बनी सुषमा सुमन

**झुमरीतिलैया** : दुर्गा मंडप बेल टांड़ में रामनवमी महासमिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में लगातार दूसरी बार सुषमा सुमन को महिला अध्यक्ष चुना गया।बैठक महावीर मोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सुषमा सुमन ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगले साल जिस तरह कार्यक्रम हुआ था। इस बार उससे और बेहतर कार्यक्रम करने का कार्य करूंगी। इस बार भी साभी बहनों को स्पेशल ट्रेनिंग दिया जाएगा,जो झंडा चौक पर अपना कर्तव्य दिखायेगी।मौके पर रमेश सिंह, डॉक्टर जेपीएन बरनवाल, चंदन मोदी,दिलीप मोदी, सुभाष मोदी,सूर्यनारायण मोदी, पूर्व जिला न्यायाधीश अर्जुन मोदी, संतोष यादव, प्रकाश राम, चंदन चक्रवर्ती,ईश्वर मोदी,मनोज चंद्रवंशी, राहुल यादव, सिद्धि प्रसाद, सोनिका देवी, विजय मोदी, सौरभ यादव,महेंद्र यादव,गौरी शंकर मोदी आदि मौजूद थे। मौके पर प्रदीप कुमार सुमन ने कहा कि महिला टीम का प्रशिक्षक इस बार फिर से कोलकाता से बुलाया जाएगा। और स्पेशल ट्रेनिंग सभी बहन बेटियों को सिखाया जाएगा।

### राजय वर्मा अध्यक्ष सचिव बने अनूप सेठ

**झुमरी तिलैया** : शहर के ताराटांड़ रोड स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में श्री सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति, रोड, तारा टांड के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बासंती दुर्गा पूजा को भव्य रूप से मनाने को लेकर एक आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नंदकिशोर गुप्ता एवं सुरेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से की। बैठक में गत वर्ष की पूजा के आय-व्यय की समीक्षा की गई और आगामी वर्ष की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में समिति के नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमे अध्यक्ष राजय कुमार वर्मा, सचिव अनूप कुमार सेठ, कोषाध्यक्ष राज कुमार आर्य को चुना गया। अन्य पदों पर भी समिति ने कर्मठ सदस्यों चुनते हुए उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सेठ, उपसचिव अनिल कुमार, उप कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार पांडेय मीडिया प्रमुख अमित कुमार और अभिषेक रंजन, जागरण प्रमुख सत्येंद्र सिन्हा चुने गए। वही समिति के संरक्षक मंडल में नंद किशोर गुप्ता, सुरेश प्रसाद, नरेंद्र प्रकाश आर्य, नवल किशोर प्रसाद, उदय सिंह, अजय वर्मा, विनय लोहानी, मुरली साव, जान प्रकाश आर्य आदि के मार्गदर्शन में पूजा की तैयारियां होंगी।

# माँ मथुरासिनी महोत्सव की निकली शोभायात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** 25वें मां मथुरासिनी महोत्सव की शुरूआत श्री माहुरी भवन से शोभायात्रा के साथ हुई,जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। महोत्सव की शुरूआत समाज के वरिष्ठ सदस्य यदुनंदन प्रसाद लोहानी द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद माँ मथुरासिनी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सुसज्जित वाहन में माँ का दरबार आकर्षण का केंद्र था। इस वर्ष आयुषी-निक्की बरबिगहिया ने यजमान के रूप में पूजा-अर्चना की,जिसे पंडित अखिलेश पांडेय ने विधिवत संपन्न कराया। ध्वज लेकर आगे बढ़े पंच सेवक, भक्ति से गूंजा नगर शोभायात्रा में सबसे आगे पंच सेवक ध्वज लेकर चल रहे थे, जिनमें नवयुवक समिति के सदस्य पियूष लोहानी,हर्ष कुटरियार,सागर भदानी, सागर सेठ,हिमांशु सेठ शामिल थे। इन पंच सेवकों को ध्वज सांसद प्रतिनिधि कृष्णा ब्रहपुरिया,निवर्तमान वार्ड पार्षद आशीष भदानी, रीता लोहानी, सुनील ब्रहपुरिया और रजत बड़गवे ने सौंपा। शोभायात्रा को महामंडल उपाध्यक्ष रवि कपसीमे और वरिष्ठ सदस्य सुनील ब्रहपुरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। घोड़े के रथ पर विराजमान माँ,भक्तों ने की पुष्पवर्षा माँ मथुरासिनी के स्वरूप में सीता लोहानी घोड़े के रथ पर सवार थीं, जिन पर रूपा कंडवे, अनुपमा भदानी, सीमा आर्य, कविता आर्य,ममता भदानी और सरिता कपसीमे ने फूलों की वर्षा की।

**शहर के मुख्य मार्गो से गुजरी शोभायात्रा**

शोभायात्रा श्री माहुरी भवन से निकलकर गौरी शंकर मोहल्ला, झंडा चौक, स्टेशन रोड,श्री हनुमान मंदिर, ओवरब्रिज होते हुए नया पोस्ट ऑफिस स्थित श्री गुरु प्रसाद आश्रम पहुंची। इस दौरान महिलाएं पीली और लाल साड़ियों में जबकि पुरुष पीले कुर्तों में नजर आए,जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

**भक्तों के लिए सेवा शिविर,भजनों से भक्त हुए मंत्रमुग्ध**

भक्त प्रह्लाद चौक पर श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जूस व फल वितरण की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा के दौरान भक्ति गीतों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। भजन गायक राकेश कपसीमे, सत्यम वैशकियार,बिनोद चौरसिया, पूनम सेठ,मनोज माथुर और मुन्ना भदानी ने एक के बाद एक भक्ति गीतों से समां बांध दिया। राकेश कपसीमे ने माँ मथुरासिनी की कृपा जिस पे हो जाए, जीवन उसका धन्य हो जाए।

## नाबालिग को अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में तीन वर्ष सश्रम कारावास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** स्पेशल पोक्सो 22 /2023 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो अदालत के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने नवल किशोर मोदी उर्फ.नवल किशोर बरनवाल, 58 वर्ष , पिता- स्वर्गीय जगदीश प्रसाद, वार्ड नंबर- 25,तिलैया जिला - कोडरमा, को नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं अश्लील वीडियो दिखाने के मामले में दोषी पाया और सजा सुनाई। न्यायालय ने अंडर 12 पोक्सो एकट के तहत दोषी पाते हुए 2 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 00 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही न्यायालय ने 363 भादवि के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 2000 जुमार्ना लगाया । जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 354 भादवि के तहत 2 वर्ष की सजा सुनाई और 2 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 माह अतिरिक्त सजा भूतनी होगी। 509 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 2 वर्ष की सजा सुनाई सभी सजाऐ साथ-साथ चलेगी। बताते चलें कि नाबालिग लड़की की पिता के के लिखित आवेदन पर तिलैया थाना में थाना कांड संख्या 153/2023दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिव शंकर राम, एवं अधिवक्ता जयप्रकाश नारायण ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

## सकारात्मक सोच से ही व्यक्ति में गुनो का विकास होता है : सुरेश जैन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** रोटरी सभागार में व्यक्तित्व निखार विषय पर एक परिचर्चा रखी गई जिसमें मुख्य वक्ता समाजसेवी रोटेरियन सुरेश जैन ने अपने मोटिवेशनल स्पीच में आकर्षक व्यक्तित्व विषय पर चर्चा की उन्होंने कहा कि जीवन को सुखमय एवं संतुष्ट बनाने के लिए व्यक्ति का आकर्षक व्यक्तित्व आवश्यक है अच्छी दोस्ती सेल्फ कॉन्फिडेंस सकारात्मक सोच के साथ ही व्यक्ति के अंदर गुनो का विकास होता है तभी मनुष्य के व्यक्तित्व में निखार आता है मनुष्य का जीवन इकोसिस्टम की तरह है आप जैसा सोचेंगे जैसा बोलेंगे वैसा ही आपको दूसरों से मिलेगा इसलिए हमेशा अच्छा व्यवहार करना चाहिए प्यार देने से ही प्यार मिलता है अपनी पर्सनालिटी को यदि हम अट्रैक्टिव एवं खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो अपनी कमियों को दूर करना होगा कथनी और करणी में फर्क नहीं होना चाहिए कमिटमेंट से ही दूसरों का विश्वास मिलेगा दिखावा ज्यादा दिन तक नहीं चलता है आंतरिक सच्चाई ही काम आती है आज सर्वप्रथम राष्ट्रगान से सभा की शुरूआत हुई अध्यक्ष अमित कुमार ने आए हुए लोगों का स्वागत किया सचिव प्रवीण बरनवाल ने महत्वपूर्ण जानकारी दी रोटरी क्लब कोडरमा की असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा को पटना में आर्यावर्त सहोदया स्कूल परिसर संगठन के द्वारा शिक्षा सुमेरू राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया इसके लिए अध्यक्ष एवं सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि रोटरी जीवन जीने की कला सिखाता है इस तरह के मोटिवेशनल स्पीच कार्यक्रम से सदस्यों में सकारात्मक सोच एवं जरूरतमंदों के प्रति सेवा की भावना बढ़ती है, सचिव प्रवीण मोदी ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में अहम भूमिका निभाई, रोटेरियन सुरेश सेठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन कैलाश चौधरी, राम रतन महर्षी, विकाश सेठ , रितु सेठ, संतोष सिन्हा, शिल्पी गुप्ता नवीन आर्या, सिमरनजीत सिंह, मोहक सुल्तानिया, शैलेश दारूका, रश्मि बरनवाल, रश्मित कौर, आरती आर्या , कमल शेट्टी, प्रतीक जैन संदीप सिन्हा आशीष छाबड़ा आदि कई सदस्य उपस्थित थे।

## होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने एवं ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने पर दुकान को की गई सील





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** शंभू प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के निदेर्शानुसार कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत संगम फर्नीचर गिरिडीह बाई पास रोड स्थित दुकान को सील किया गया । उक्त दुकान को नगर पंचायत कोडरमा से नोटिस दी गई थी, परन्तु उनके द्वारा पत्र का किसी प्रकार से कोई उत्तर नहीं दिया गया है और ना ही होल्डिंग टैक्स तथा ट्रेड लाइसेंस बनवाया गया है, इसके लिए उन्हें कई बार मौखिक तौर पर सूचित किया गया था, उक्त मकान के मालिक संतोष कुमार एवं शत्रुघ्न प्रसाद को भी होल्डिंग टैक्स भुगतान के लिये कई बार नोटिस दिया गया एवं घर में डिमांड चस्पा भी किया गया परंतु संगम फर्नीचर के संचालक एवं मकान मालिक के द्वारा सरकारी आदेश का अवहेलना करते हुए दुकान का संचालन कर रहे है, उक्त के अलोक में आज संगम फर्नीचर गिरिडीह बाई पास रोड कोडरमा को सील किया गया । म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 455 एवं झारखंड म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस रूल 2017 की कंडिका 2 के तहत, किसी भी आवासीय या व्यावसायिक परिसर में बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के व्यापार संचालित करना कानून का उल्लंघन है।

दंड का प्रावधान इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 455, 600 एवं झारखंड म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस रूल 2017 की कंडिका 19, 20 के अंतर्गत ट्रेडर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस शूल्क के साथ-साथ बिजनेस को बंद एवं सील किया जा सकता है एवं अतिरिक्त दंड भी लगाया जाएगा। अन्य सभी दुकानदारों एवं संस्थानों को निर्देश दिया जाता है कि अपने प्रतिष्ठानों, दुकानो, संस्थानों का होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार दुकान/ संस्थानों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

## गौ सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं : केटीपीएस परियोजना प्रमुख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** शहर के यदुटांड़ स्थित श्री कोडरमा गौशाला परिसर में ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी और केटीपीएस के परियोजना प्रमुख मनोज ठाकुर गौ दर्शन एवं गौशाला के भ्रमण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौ सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं है। गौशाला में दुधारू गाय के साथ साथ बूढ़ी गाय की सेवा प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि कोडरमा गौशाला गौ काष्ट, गो धन के साथ-साथ दूध, गौ काष्ट, जैविक खाद की बिक्री कर आर्थिक घाटे को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। समाज के लोगों को गौशाला से जुड़कर गौ सेवा, गौशाला को सहयोग एवं समर्पण का लाभ उठाना चाहिए। वहीं इस दौरान नगर परिषद के सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने कहा गौशाला में गायों को खुला छोड़ने की नई व्यवस्था काफी सराहनीय है। यहां का गोपाष्टमी मेला अद्वितीय रहा है और बचपन से ही गौशाला का समय-समय पर भ्रमण किया हूं। गौशाला की उपलब्धि देखकर मन काफी प्रसन्न है। विश्व हिंदू परिषद के अरविंद सिंह ने कहा कि गौशाला के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। गौ सेवा कर हम समृद्धि की ओर बढ़ सकते हैं। गौशाला की दो रोटी योजना काफी प्रफुल्लित करती है। जो लोग घर में गौ पालन नहीं कर पाते हैं उन्हें इस योजना से जरूर जुड़ना चाहिए। वहीं आरएसएस के दिलीप सिंह ने कहा कि वर्तमान गौशाला समिति की टीम उत्साहवर्धन से काम कर रही है। स्वस्थ समाज के लिए टीम भावना सर्वोपरि होती है संघ भी इनके कार्यों में सहयोग करेगी। मौके पर गौशाला समिति के सह सचिव अरुण मोदी, कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ, कार्यकारिणी सदस्य संजय अग्रवाल, सज्जन शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# रिश्वत लेकर दिया गया अबुआ आवास, तीन लाभुकों से वापस ली जाएगी राशि : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** अबुआ आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजना गरीबों को छत देने के लिए बनाई गई है। लेकिन मुखिया और पंचायत सचिव की ओर से रिश्वत लेकर गरीबों का हक छीनने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। मांडू प्रखंड के बड़का चुंबा पंचायत से जब यह शिकायत सामने आई तो डीसी चंदन कुमार ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने इस पूरे मामले की तहकीकात कराई और रिश्वत देकर अबुआ आवास का लाभ लेने वाले तीन लाभुको पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। तीनों लाभुकों आवंटित की गई राशि की रिकवरी की जाएगी। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने बताया कि बड़काचुंबा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना और इंदिरा आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त कर चुके लोगों को पुनः अबुआ आवास योजना के तहत लाभ दिया गया था। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू को पत्र लिखकर मामले की स्थल जांच कराई गई। इसमें पंचायत सचिव, लाभुक और मुखिया तीनों की मिलीभगत स्पष्ट हो गई। जांच में यह भी स्पष्ट हो गया की मोटी रकम लेकर योजना का लाभ दिया गया है। इस कारण वास्तविक व्यक्तियों को आवास नहीं मिल पा रहा है। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने बताया कि पूर्व में प्रधानमंत्री आवास प्राप्त व्यक्तियों दुखन प्रजापति पिता बैजनाथ प्रजापति जिसका आईडी.-जेएच 2465077 है। दुखन प्रजापति की पत्नी फुलकी देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है। जिसका आईडी 1972092 है। फुलकी देवी को तीन किस्त में 180000 का भुगतान विभाग ने किया है। उन्होंने बताया कि जगरनाथ प्रजापति पिता पारसनाथ प्रजापति जिसका आईडी जेएच 2504833 है। जगरनाथ प्रजापति की पत्नी संगीता देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है जिसका आईडी 2120977 है। संगीता देवी को दो किस्त में 80000 का भुगतान हुआ है। उन्होंने बताया कि वागेश्वरी देवी पति भोला करमाली को पूर्व में इन्दिरा आवास मिला था तथा पुनः वागेश्वरी देवी पति भोला करमाली को ही अबुआ आवास दिया गया है जिसका आईडी 2123159 है। बागेश्वरी देवी को दो किस्त में 80000 का भुगतान किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत फुलवरिया ग्राम बीघा में जमीनी विवाद को लेकर हुआ हंगामा



कोडरमा : नवलशाही थाना क्षेत्र पंचायत फुलवरिया ग्राम बीघा में जमीनी विवाद को लेकर हुआ हंगामा। वही बता दे कि महेंद्र मेहता का अबुया आवास आया है जो की। जो की बनाने नहीं दिया जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि मेरा जमीन है हम बने नहीं देंगे, / वहीं दूसरी तरफ डोमचांच सीईओ बनाने का आदेश दे दिया है, जो की बता दे महेंद्र मेहता जब अपना मिट्टी घर तोड़ करके बनाने गया घर, तभी इन लोगों मिथिलेश कुमार मेहता पिता अयोध्या मेहता,हरिलाल मेहता पिता स्वर्गीय छोटू महतो,रूपलाल मेहता पिता स्वर्गीय केवल महतो,कृष्ण कुमार मेहता पैदा स्वर्गीय बभनी मेहता, जितेंद्र कुमार मेहता पिता गोविंद मेहता,लाल कुमार मेहता पिता हरि मेहता,संजय मेहता पिता स्वर्गीय रीतीलाल मेहता,विजय मेहता स्वर्गीय केदार मेहता,डब्लू कुमार मेहता पिता सीताराममेहता,बिट्टू कुमार मेहता पिता सीताराम मेहता, के द्वारा बनाने नहीं दिया गया। इन लोगों को कहना है कि मेरा जमीन है हम नहीं बनने देंगे वहीं दूसरी की ओर, महेंद्र मेहता बता रहे हैं कि मेरा जमीन है हमें अबुआ आवास बनाने दो लेकिन नहीं बनने दिया जा रहा है, जो कि महेंद्र मेहता ने बताया कि हम भाड़े के मकान में रह रहे हैं , जो कि मेरा मिट्टी घर टूट गया तो अबुआ आवास आया है जो की बनाने नहीं दिया जा रहा है।

### डोमचांच बाजार में हुए बम ब्लस्ट मामले दो अभियुक्त गिरफ्तार



**डोमचांच (कोडरमा) :** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच बाजार में कुछ आसामाजिक तत्वो द्वारा बम फेंका गया था जिसमें एक गाय गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसे लेकर पीड़िता ममता देवी, पति स्व0-सुरेन्द्र राम, सा०-डोमचांच बाजार, थाना- डोमचांच, जिला- कोडरमा के द्वारा डोमचांच थाना में दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर कुल आठ 08) अपराधकर्मियो के विरूद्ध डोमचांच थाना कांड संख्या -11/25, दिनांक-10 फरवरी 2025 धारा-1912)/191(3)190/324(4)/ 325/ 109(1)352,/351(2) 3/4 ए 1908 कांड दर्ज किया गया। इस कांड के उदभेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कोडरमा के द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के द्वारा फरार चल रहे अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु मानवीय एवं तकनिकी सूचना के आधार पर लगातार विभिन्न जगहों पर छापामारी की गई। इस क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर काण्ड के मुख्य अपराधकमी रोहित मेहता उर्फ बलवा, पिता- हुलास मेहता, सा०- लेंगरापीपर, थाना- डोमचाँच, जिला-कोडरमा एवं आशीष मेहता उर्फ भेसवा, पिता खुबलाल मेहता साकिन मसनोडीह, थाना डोमचाँच, जिला कोडरमा को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में विधिवत्त अग्रतर कारवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि दोनों कि गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पु०अ०नि० ओम प्रकाश, स०अ०नि० कमल लाल तांती, रामजीत मुण्डा व सशस्त्र बल, डोमचाँच थाना की भूमिका रही।

### कोडरमा थाना परिसर में पुलिस रेस्ट हाउस का हुआ शुभारंभ



**कोडरमा** : अनुदीप सिंह भा०पु०से० पुलिस अधीक्षक महोदय, कोडरमा के द्वारा कोडरमा थाना परिसर में रिबन काटकर पुलिस रेस्ट हाउस का उद्घाटन किया गया। पुलिस रेस्ट हाउस का उद्देश्य झारखंड राज्य या अन्य राज्यों से आए पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं अन्य सरकारी कर्मी जब किसी सरकारी काम से आएं तो उन्हें ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो सके। रेस्ट हाउस उद्घाटन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय, कोडरमा के द्वारा रेस्ट हाउस निर्माण कार्य एवं कोडरमा थाना परिसर की साफ-सफाई में अहम योगदान देने वाले पुलिस पदाधिकारीयों / कर्मियों के मनोबल को ऊंचा बनाये रखने हेतु उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कोडरमा के अलावा अनिल कुमार सिंह, अनु०पु०पदा, कोडरमा, रतिभान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), कोडरमा, दिवाकर कुमार, परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, कोडरमा, सर्जेट मेजर, कोडरमा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी उपास्थित थे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 14 बच्चों में पाए गए फ्लोरोसिस के लक्षण



**रामगढ़ :** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को पतरातू प्रखंड के पब्लिक स्कूल, घुटवा में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर तूलिका रानी के नेतृत्व में लगे शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। यहां कुल 62 बच्चों के स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में 62 बच्चे की जांच डॉ पल्लवी कौशल, जिला कंसल्टेंट एवं सीएचओ स्नेहा कुमारी ने की। कुल 20 बच्चों में जांच के बाद लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार ने जांच के बाद 14 बच्चों में इस बीमारी कि पुष्टि की। शिविर में जांच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों और स्कुल के स्टाफ को दी गई। डॉ पल्लवी कौशल, जिला कंसल्टेंट एनपीपीसीएफ की ओर से बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोरोसिस तत्व के कारण होती हैं। साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खट्टे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में फ्लोरोसिस इक्टठा नहीं होता हैं।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी

**छोटी एसआईपी - सपनों को साकार करने का छोटा सा तरीका :**

**मुंबई/इन्दौर।**

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (÷चक्रूस्ट÷ / ÷कोटक म्यूचुअल फंड÷) ने आज ÷छोटी सिप (स्त्रूक या एसआईपी)÷ सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। छोटी सिप कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी। हाल ही में सेबी और एएमएफआई ने छोटी सिप (स्मॉल टिकट एसआईपी) की शुरुआत की, जिससे भारत के और अधिक लोगों को धन सृजन की यात्रा में शामिल होने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा, भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की बड़ी संभावना है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) नए निवेशकों को जोड़ने और उनकी म्यूचुअल फंड यात्रा शुरू करने का एक शानदार तरीका रहा है। छोटी सिप के लॉन्च के साथ, कोई भी नया निवेशक केवल ₹250 की न्यूनतम राशि से अपनी संपत्ति निर्माण की यात्रा शुरू कर सकता है। इसे हम कह सकते हैं - 'छोटी रकम, बड़ा कदम।'

यह पहल नए निवेशकों को 250 रुपये की न्यूनतम राशि के साथ सिप के माध्यम से निवेश करने में सक्षम बनाती है। छोटी सिप (छोटा सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के पीछे का उद्देश्य इस क्षेत्र में प्रवेश में आने वाली बाधाओं को कम करके, विशेष रूप से पहली बार निवेश करने वाले लोगों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को अधिक सुलभ बनाना है। निवेशक ने पहले उद्योग स्तर पर म्यूचुअल फंड (एसआईपी या एकमुश्त) में निवेश नहीं किया होगा। निवेशक को ग्रोथ ऑप्शन में निवेश करना चाहिए और मासिक आधार पर कम से कम 60 किस्तों के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। किस्तों का भुगतान केवल एनएसीएच (नैश) या यूपीआई ऑटो-पे के माध्यम से करना चाहिए।

यदि निवेशकों को संदेह है कि योजना उनके लिए उपयुक्त है या नहीं, तो उन्हें अपने वित्तीय विशेषज्ञों और कर सलाहकारों से परामर्श करना चाहिए। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) किसी भी रिटर्न/भविष्य के रिटर्न की गारंटी या वादा नहीं करता है।

# अडानी ग्रुप का केबल और वायर सेक्टर में एंट्री का ऐलान, कंपनियों में हड़कंप



**केईआई इंडस्ट्रीज, पॉलीकैब और हैवेल्स के शेयरों में आई भारी गिरावट**

**मुंबई।** अडानी ग्रुप अब नए बिजनेस में उतरने की तैयारी कर रहा है, इस खबर को सुनकर देश में मौजूद कई कंपनियां सकते में हैं। देश में केबल और वायर निर्माता कंपनियों केईआई इंडस्ट्रीज, पॉलीकैब और हैवेल्स के शेयरों में भारी गिरावट आ गई है, क्योंकि अडानी ग्रुप ने इस सेक्टर में काम शुरू करने का ऐलान किया है। अडानी ग्रुप ने एक नए ज्वाइंट वेंचर 'प्रणीता इकोकेबल्स' बनाकर इस वायर और केबल इंडस्ट्री में काम की शुरुआत करने जा रहा है।

एक कार्यक्रम में अडानी ग्रुप की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कच्छ कॉपर ने एक ज्वाइंट वेंचर कंपनी 'प्रणीता इकोकेबल्स लिमिटेड' का निगमन पूरा कर लिया है। कच्छ कॉपर और प्रणीता वेंचर्स दोनों के पास नवगठित कंपनी में 50 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी होगी। भारत के केबल और वायर मार्केट का साइज 2024 में 9.32 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान था और 2025 में इसके 10.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2032 तक 17.08 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में अडानी ग्रुप की इस सेक्टर में एंट्री से मार्केट शेयर बंट सकता है।

अडानी ग्रुप के केबल और वायर इंडस्ट्री में उतरने के ऐलान से इस सेक्टर की अहम कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई है, क्योंकि अब मार्केट में अडानी जैसा एक और बड़ा प्लेयर आ गया है। इससे पहले अल्ट्राटेक ग्रुप ने भी वायर और केबल इंडस्ट्री में एंट्री का ऐलान किया था। आज हैवेल्स, पॉलीकैब और केईआई इंडस्ट्री के शेयरों में भारत गिरावट देखने को मिली। पॉलीकैब के शेयर 8 फीसदी, हैवेल्स के शेयर 5 फीसदी तो केईआई इंडस्ट्री के शेयर 12 फीसदी टूटे।

# व्यवसाय के लिए उपयोग होने वाले ड्रोन पर लग सकती है 5 फीसदी

**इस समय ड्रोन पर जीएसटी दर उनके वर्गीकरण के हिसाब से अलग-अलग है**

**नई दिल्ली।**

जीएसटी काउंसिल अपनी अगली बैठक में कारोबार के लिए उपयोग होने वाले सभी तरह के ड्रोन पर समान रूप से 5 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला कर सकती है। सूत्रों के अनुसार यह फैसला ड्रोन के अलग-अलग वर्गीकरण को लेकर हो रहे भ्रम को दूर करने और उद्योग को स्पष्टता देने के लिए उठाया जा रहा है। बाजार के जानकारों के मुताबिक यह फैसला भारत के तेजी से बढ़ते ड्रोन उद्योग के लिए बड़ी राहत बन सकता है।

फिलहाल देश में लगभग 488 ड्रोन कंपनियां काम कर रही हैं, जिन्होंने अब तक करीब 518 मिलियन डॉलर का निवेश हासिल किया है। इस समय ड्रोन पर जीएसटी दर उनके वर्गीकरण के हिसाब से अलग-अलग है। कारोबार के लिए उपयोग होने वाले ड्रोन अगर एचएसएन कोड 8806 के तहत 'एयरक्राफ्ट' के रूप में आते हैं तो उन पर 5 फीसदी जीएसटी लगता है। वहीं अगर ड्रोन में कैमरा जुड़ा हो और उसे एचएसएन 8525 के तहत 'डिजिटल कैमरा' माना जाए, तो उस पर 18 फीसदी जीएसटी लगती है। इसके अलावा, व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए खरीदे गए ड्रोन पर एचएसएन 8806 के तहत 28 फीसदी तक जीएसटी लगती है। सरकार ने हाल के समय में ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं। कृषि, लॉजिस्टिक्स, पब्लिक सेफ्टी और कंस्ट्रक्शन जैसे क्षेत्रों में ड्रोन के इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, 'ग्रीन ज़ोन' में 400 फीट तक की ऊंचाई पर ड्रोन उड़ाने के लिए अब अनुमति की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 2023 में ड्रोन नियमों में संशोधन कर 'येलो ज़ोन' की परिभाषा को सरल किया

और माइक्रो व नैनो ड्रोन के नॉन-कमर्शियल इस्तेमाल के लिए भी छूट दी। सरकार ने 'नमो ड्रोन दीदी' योजना भी शुरू की है, जिसका मकसद महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को कृषि सेवाओं के लिए ड्रोन इस्तेमाल करने में सक्षम बनाना है।

# चेन्नई प्लांट का इस्तेमाल फोर्ड इंजन और पार्ट्स के निर्यात के लिए करेगा

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी कंपनी फोर्ड अपने चेन्नई स्थित प्लांट का इस्तेमाल इंजन और ऑटोमोबाइल पार्ट्स के निर्माण और निर्यात के लिए करेगी। जानकारी के मुताबिक, फोर्ड ने इस योजना को अंतिम रूप दे दिया है और इसका आधिकारिक ऐलान 2025 की दूसरी तिमाही में किया जाएगा। फोर्ड ने सितंबर 2021 में भारत में अपना कारोबार बंद कर दिया था। इसके बाद से ही चेन्नई के मराईमलाई स्थित प्लांट 2022 से बंद पड़ा है। हाल ही में इस प्लांट को फिर से शुरू करने की चर्चा जोरों पर थी, लेकिन अटकलें लगाई जा रही थीं कि अमेरिका में ट्रम्प सरकार की संभावित नीतियों और भारत में इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने की योजनाओं के कारण फोर्ड अपनी भारत वापसी की योजना रद्द कर सकता है। हालांकि, भारतीय सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि कंपनी की योजना अभी भी लागू होगी। फोर्ड ने 1995 में भारत में अपने ऑपरेशंस शुरू किए थे और एक समय पर उसके चेन्नई प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2 लाख वाहनों की थी, जबकि साणंद प्लांट में 2.4 लाख वाहनों और 2.7 लाख इंजनों का निर्माण किया जाता था। चेन्नई प्लांट में इकोस्पोर्ट और एंडेवर जैसी एसयूवी बनाई जाती थीं, जबकि साणंद प्लांट में एस्पायर और फिगो फ्रीस्टाइल का निर्माण होता था। अब फोर्ड अपनी भारत में मौजूद सुविधाओं का उपयोग नए तरीके से करेगी।

# वॉरेन बफेट अरबपतियों की सूची में छठे स्थान पर

## बर्कशायर हैथवे के शेयरों में आई 16 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के शेयर बाजारों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच मशहूर निवेशक वॉरेन बफेट ने इस साल की शुरुआत से अब तक उन्होंने 22.3 अरब डॉलर की कमाई की है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 164 अरब डॉलर तक पहुंच गई है।` जिससे वह दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। बफेट की यह बढ़त मुख्य रूप से उनकी निवेश कंपनी बर्कशायर हैथवे के शेयरों में आई 16 फीसदी की बढ़ोतरी के कारण हुई है। इस बीच अन्य शीर्ष अरबपतियों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। बर्कशायर हैथवे ने हाल ही में जापानी कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है, जबकि पिछले साल इसने बैंक ऑफ अमेरिका और एप्पल के अरबों डॉलर के शेयर बेच दिए थे। बफेट ने अपने निवेशकों को आश्वस्त किया है कि उनकी कंपनी भविष्य में भी बड़े स्तर पर इक्विटी में निवेश करती रहेगी। उनकी यह रणनीति शेयर बाजार में लंबे समय तक स्थिरता बनाए रखने और अधिक मुनाफा कमाने पर केंद्रित है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार वॉरेन बफेट अब दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उनसे ऊपर एलन मस्क, जैफ बेजोस, मार्क जुकरबर्ग, बर्नार्ड अर्नाल्ट और लैरी एलिसन जैसे दिग्गज अरबपति हैं। एलन मस्क अब भी 310 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं, जबकि जैफ बेजोस 217 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## एयर इंडिया 50 बड़े विमान खरीदने की तैयारी में

**नई दिल्ली।**

एयर इंडिया अमेरिकी कंपनी बोइंग और यूरोप की एयरबस से करीब 50 बड़े विमान खरीदने पर` विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया 30 से 40 बड़े विमान खरीदने की योजना बना रही है। इनमें एयरबस ए350 और बोइंग 777 एक्स मॉडल शामिल हो सकते हैं। यह संख्या 50 से भी ज्यादा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि अभी बातचीत चल रही है और कुछ भी तय नहीं है। एक सूत्र ने बताया कि पेरिस एयर शो (जून में) के करीब चीजें साफ हो जाएंगी। इसका मतलब है कि जून तक पता चल सकता है कि एयर इंडिया कितने हवाई जहाज खरीदेगी। पिछले साल एयर इंडिया ने 470 विमान खरीदने का समझौता किया था। इसके अलावा कंपनी ने पिछले साल भी एयरबस से 100 विमान खरीदने के लिए डील की थी। इनमें से ज्यादातर छोटे आकार के विमान थे। अब कंपनी की बड़े विमान यानी वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना है ताकि एयर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट में अपनी जगह बना सके। टाटा ग्रुप के हाथों में आने के बाद एयर इंडिया में कई बदलाव हो रहे हैं। पहले सरकार के नियंत्रण में एयर इंडिया की हालत खराब थी। लेकिन विमानों की डिलीवरी में देरी होने की वजह से एयर इंडिया की तरक्की में रुकावट आ रही है।

## देश में 2028 तक होंगे 77 करोड़ 5जी उपभोक्ता

**नई दिल्ली।**

देश में साल 2028 तक 5जी उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर करीब 77 करोड़ पहुंच जाएगी। अभी इनकी संख्या 29 करोड़ है। नोकिया की सालाना मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूरे भारत में 5जी डाटा के इस्तेमाल में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर, 2024 में प्रति ग्राहक औसत मासिक 5जी डाटा खपत बढ़कर 40 जीबी पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी और 5जी डाटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी पहुंच गई। 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डाटा खपत में वृद्धि हो रही है। एफडब्ल्यूए ग्राहक अब औसत यूजर्स की तुलना में 12 गुना अधिक डाटा का उपभोग कर रहे हैं। यह बदलाव आवासीय और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के कारण हो रहा है।

## दुनिया के हर इंसान पर 100 रुपये से ज्यादा का कर्ज रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

दुनिया की 800 अरब की आबादी के हिसाब से हर व्यक्ति पर करीब 104 रुपये का कर्ज है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ती ब्याज दरों के कारण कर्ज लेने वालों के लिए स्थिति मुश्किल हो रही है। सरकारों और कंपनियों को अब अपने निवेश को प्राथमिकता देनी होगी, ताकि उनका कर्ज प्रोडक्टिव साबित हो सके। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 से 2024 के बीच ब्याज लागत का सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सा 20 साल के सबसे निचले स्तर से अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

## एयर इंडिया 50 बड़े विमान खरीदने की तैयारी में

**नई दिल्ली।**

एयर इंडिया अमेरिकी कंपनी बोइंग और यूरोप की एयरबस से करीब 50 बड़े विमान खरीदने पर` विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया 30 से 40 बड़े विमान खरीदने की योजना बना रही है। इनमें एयरबस ए350 और बोइंग 777 एक्स मॉडल शामिल हो सकते हैं। यह संख्या 50 से भी ज्यादा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि अभी बातचीत चल रही है और कुछ भी तय नहीं है। एक सूत्र ने बताया कि पेरिस एयर शो (जून में) के करीब चीजें साफ हो जाएंगी। इसका मतलब है कि जून तक पता चल सकता है कि एयर इंडिया कितने हवाई जहाज खरीदेगी। पिछले साल एयर इंडिया ने 470 विमान खरीदने का समझौता किया था। इसके अलावा कंपनी ने पिछले साल भी एयरबस से 100 विमान खरीदने के लिए डील की थी। इनमें से ज्यादातर छोटे आकार के विमान थे। अब कंपनी की बड़े विमान यानी वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना है ताकि एयर इंडिया इंटरनेशनल मार्केट में अपनी जगह बना सके। टाटा ग्रुप के हाथों में आने के बाद एयर इंडिया में कई बदलाव हो रहे हैं। पहले सरकार के नियंत्रण में एयर इंडिया की हालत खराब थी। लेकिन विमानों की डिलीवरी में देरी होने की वजह से एयर इंडिया की तरक्की में रुकावट आ रही है

## डिपॉजिट लिमिट 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की जाए- पेमेंट्स बैंक

**नई दिल्ली।**

पेमेंट्स बैंकों ने केंद्र सरकार से एक खाते में अधिकतम डिपॉजिट सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने की मांग की है। यह मांग हाल ही में दिल्ली में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में की गई। बैठक में शामिल एक सूत्र के मुताबिक बैंकों ने सरकार के सामने यह सुझाव रखा। गौरतलब है कि अप्रैल 2021 में आखिरी बार यह सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 2 लाख रुपए की गई थी। इसके अलावा, पेमेंट्स बैंकों ने सरकार से यह भी अनुरोध किया है कि उन्हें माइक्रोफाइनेंस सेक्टर को लोन देने की अनुमति दी जाए। हालांकि, बैंकों ने लोन की अधिकतम सीमा तय करने की बात भी कही है ताकि उनकी आय के स्रोतों में विविधता लाई जा सके। अगर मंजूरी मिलती है तो यह मौजूदा लाइसेंसिंग सिस्टम से हटकर एक बड़ा कदम होगा, जिसमें पेमेंट्स बैंकों को सिर्फ सरकारी सिक्योरिटीज़ में निवेश करने की अनुमति है।

## तेल और गैस कंपनियों को विंडफॉल टैक्स से मिलेगी राहत

**नए कानून में नहीं लगेगा अप्रत्याशित कर लाभ**

**नई दिल्ली।**

तेल और गैस कंपे नियों को नए कानून के लागू होने के बाद अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) कर जैसे किसी भी नए कर को झेलना नहीं पड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा` कि नए विधेयक के पारित होने के बाद इस तरह का कर लगाना के ठिन काम हो जाएगा, क्योंकि कोई न कोई हम पर मुकदमा कर देगा। उन्होंने कहा कि तेल और गैस की खोज और उत्पादन में निवेश करने के इच्छुक निवेशक राजकोषीय स्थिरता चाहते हैं। नए कर, जो दरें कम होने पर कम या शून्य मार्जिन की भरपाई किए बिना, ऊंची कीमतों पर अर्जित लाभ को छीनने का प्रयास करते हैं, अक्सर बाधक होते हैं। भारत ने एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया और वह उन देशों की सूची में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती थी। पिछले साल दिसंबर में 30 महीने बाद इस कर को खत्म कर दिया गया था। पुरी ने कहा कि वैश्विक तेल कंपनियां भारत में निवेश की संभावना तलाश रही हैं। ब्राजील की पेट्रोब्रास अंडमान बेसिन की खोज के लिए ऑयल इंडिया के साथ बातचीत कर रही है। साथ ही ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) गहरे पानी की खोज में सहयोग के लिए एक्सॉनमोबिल और इक्विनोर जैसी बड़ी कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। नया कानून उन सभी (अंतरराष्ट्रीय तेल कंपनियों) के लिए भारत आने और देखने के लिए स्थितियां बना रहा है। यह विधेयक सरकार के सुधार एजेंडे का हिस्सा है, जिससे कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को खोजना और उत्पादन करना आसान हो जाएगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबार दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। आज सुबह हालांकि बाजार गिरावट के साथ खुला पर इसके कुछ समय बात ही इसमें उछाल आने लगा। सुबह 10 बजे के बाद बाजार ने अच्छी बढ़त बना ली और दिनभर बाजार में बढ़त रही। , दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 0.73 फीसदी करीब 557 अंक ऊपर आकर 76,905 अंक पर बंद हुआ जबकि एनएसई 0.69 फीसदी तकरीबन 160 अंक उछलकर 23,350 पर बंद हुआ।गत दिवस विदेशी निवेशकों ने 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की खरीदारी की थी। इसी कारण दुनिया भर से मिले खराब संकेतों के बाद भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा। इससे बड़े और छोटे रिटेल निवेशकों को खरीदारी के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि ब्रॉडर मार्केट ने बेंचमार्क इंडेक्स उछला। मिडकैप 1 फीसदी और स्मॉलकैप 2फीसदी से ज्यादा बढ़ा। निफ्टी बैंक 1 फीसदी से ज्यादा ऊपर आया। बैंक शेयरों की बात करें तो एसबीआई, पीएनबी, एचडीएफसी



बैंक, आईसीआईसीआई बैंक सभी के शेयर उछले इसके अलावा रेलवे, डिफेंस और सरकारी कंपनियों के शेयरों में भी उछाल रहा। आज ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी रही। बीएसई में 2,823 शेयर चढ़े जबकि1,213 शेयर टूटे। वहीं 126 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं इससे पहले आज सुबह अमेरिकी ट्रेड टैरिफ चिंताओं के बीच ही बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स लगभग 200 अंक की गिरावट लेकर 76,155 पर खुला। यह 74.30 अंक की गिरावट लेकर 76,273 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी 23,168.25 अंक पर लाल निशान में खुला। यह 12.10 अंक गिरकर 23,178 पर चल रहा था। वहीं अमेरिकी बाजार गुरुवार को फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों दरों को स्थिर रखने के बाद आई तेजी को बरकरार रखने में विफल रहे। एसएंडपी 500 0.22 फीसदी गिरकर 5,662.89 पर बंद हुआ, नैस्डैक कंपोजिट 0.33 फीसदी गिरकर 17,691.63 पर बंद हुआ और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.03 फीसदी गिरकर 41,953.32 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 0.27 फीसदी ऊपर रहा।

# इरेडा ने 1,247 करोड़ जुटाने लॉन्च किया पहला परपेचुअल बॉन्ड

**नई दिल्ली।**

सरकारी स्वामित्व वाले रिन्यूएबल एनर्जी फाइनेंशियर, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने घोषणा की कि उसने 1247 करोड़ रुपए जुटाने के लिए पहला परपेचुअल बॉन्ड लॉन्च किया है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में एजेंसी ने कहा कि बॉन्ड 8.4 फीसदी के वार्षिक कूपन रेट पर जारी किए गए हैं। कंपनी ने इसे अनुकूल बाजार स्थितियों का लाभ उठाते हुए अपने कैपिटल स्ट्रक्चर को अनुकूलित करने की दिशा में बड़ा कदम बताया है।इरेडा ने कहा कि यह ऐतिहासिक पहल मौजूदा सहायक बाजार स्थितियों का लाभ उठाते हुए कंपनी की पूंजी संरचना को अनुकूलित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इरेडा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा कि परपेचुअल बॉन्ड के जरिए कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करने से रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए फंडिंग बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे भारत के स्वच्छ और अधिक सस्टेनेबल भविष्य की ओर बढ़ने में तेजी आएगी। इरेडा के बोर्ड द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी उधार सीमा बढ़ाने का निर्णय लेने के तुरंत बाद परपेचुअल बॉन्ड की शुरुआत की है।कंपनी ने अपनी उधार सीमा 24,200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 29,200 करोड़ कर दी है।

अतिरिक्त धनराशि अलग-अलग वित्तीय साधनों के जरिए जुटाई जाएगी, इसमें टैक्सेबल बॉन्ड, परपेचुअल डेट इंस्ट्रूमेंट्स, बैंक लोन, इंटरनेशनल क्रेडिट लाइन्स, एक्सटर्नल कमर्शियल बॉरोइंग और शॉर्ट-टर्म लोन शामिल हैं। इरेडा ने यह भी घोषणा की कि उसे 19 मार्च को आयकर विभाग से 24.48 करोड़ रुपए का टैक्स रिफंड मिला है।

यह रिफंड आयकर आयुक्त द्वारा असेसमेंट ईयर 2011-12 के लिए दी गई आंशिक राहत से जुड़ा है।कंपनी ने कहा कि उसे 2010-11, 2012-13, 2013-14 और 2015-16 से 2018-19 सहित कई असेसमेंट साल के लिए करीब 195 करोड़ रुपए के टैक्स रिफंड का इंतजार है। इस घोषणा के बाद 20 मार्च को शुरुआती कारोबार के दौरान कंपनी के शेयरों में मामूली बढ़त दर्ज की। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं चल सकी क्योंकि बाद में शेयर 150.23 रुपए पर स्थिर कारोबार कर रहे थे।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने लॉन्च किया नया ईटीएफ

**- ईवी कंपनियों में 1,000 रुपए से शुरू कर सकते हैं निवेश**

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड ने शुक्रवार को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी ईवी और न्यू एज ऑटोमोटिव ईटीएफ का शुभारंभ कर दिया है। यह एक ओपन एंडेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड है जो`` निफ्टी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमो टिव इंडेक्स को ट्रैक करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस नए फंड के जरिए निवेशक ईवी सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। संबंधित घोषणा में इस एफएफओ के लॉन्च के साथ, यह बताया गया है कि निवेशक 2 अप्रैल 2025 तक इस न्यू फंड ऑफर में पैसा लगा सकते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के इस एनएफओ में निवेशक मिनिमम 1,000 रुपए से शुरुआत कर सकते हैं, और उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में निवेश कर सकते हैं। इस नए फंड में निवेश करने के लिए कोई लॉक इन पीरियड नहीं है और एग्जिट लोड भी शून्य है। निवेशकों को इस बात की भी जानकारी दी गई कि फंड के यूनिट्स की बिक्री पर ब्रोकरेज लागू होगा। फंड हाउस के मुताबिक, इस स्कीम के अंतर्गत कुल एसेट का 95 से 100 फीसदी हिस्सि निफ्टी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमो टिक इंडेक्स में शामिल कंपनियों की इक्विटी और उनके संबंधित सिक्योरिटीज में निवेश किया जाएगा। इसके साथ, शेष 0 से 5 फीसदपी तक का आवंटन मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में किया जा सकता है।

# राबड़ी बोलीं: नीतीश का दिमाग खराब, बेटे को सी.एम बनाएं

**पटना।** विधानसभा में शुक्रवार को नीतीश के राष्ट्रगान के अपमान करने के मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ। सदन के अंदर और बाहर विपक्ष ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। कार्यवाही शुरू होने से पहले सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर पोर्टिको में RJD के विधायकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी हाथ में बैनर लिए खड़े दिखे। PM के लाडले उट ने राष्ट्रगान का अपमान किया नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा- 'बिहार के लिए कल काला दिवस था। PM मोदी के लाडले CM ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। लाडले CM पर PM क्या कहेंगे। भारत माता की जय करने वाले बीजेपी के दोनों डिप्टी CM गायब हैं।' 'कल हम सब का सिर झुक गया है। इंडिया की राजनीति में पहली ऐसी घटना है,जहां राष्ट्रगान का अपमान हुआ है। PM मोदी ने एक ट्वीट तक नहीं किए। CM नीतीश कुमार को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। राष्ट्रगान को अपमान करने वाले को तीन साल की सजा होती है।' विधान परिषद में भी राष्ट्रगान के अपमान पर हंगामा हुआ। कार्यवाही के दौरान राबड़ी देवी का माइक बंद हो गया था। उन्होंने माइक चालू कराने की मांग की। राबड़ी ने कहा- 'अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का



दिमाग खराब है, तो उनको गद्दी छोड़नी चाहिए और अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। बेटा नहीं बनता तो किसी दूसरे अपने को कुर्सी सौंप दें।'विधान परिषद में विपक्ष की नारेबाजी के बीच विधान परिषद सभापति ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी है।विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में आए। स्पीकर विधायकों को शांत रहने के लिए कहते रहें लेकिन विपक्षी विधायक रिपोर्टिंग टेबल उलटने की कोशिश करने लगे। सदन में भारी बवाल के बीच 8 मिनट के अंदर सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्षी की नारेबाजी पर BJP विधायक पवन जायसवाल ने कहा- 'CM ने राष्ट्रगान का अपमान नहीं किया है। उनको कुछ याद आ गया होगा। राष्ट्रगान ध्यान में नहीं होगा तो दीपक कुमार को टोक दिया। फिर से वो राष्ट्र गान की मुद्रा में आ गए। विपक्ष का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। उनका मेडिकल बुलेटिन जारी करना चाहिए।' हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा- पहले अपने बेटे से माफी मंगवाएं। विपक्ष के नेता को राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान में अंतर पता नहीं है। पूरा परिवार करप्शन में डूबा है। पहले उनके बेटे माफी मांगे।'मंत्री अशोक चौधरी ने कहा- 'नीतीश कुमार से बड़ा देशभक्त देश में दूसरा नहीं है। बिहारी स्वाभिमान के लिए उन्होंने बिहार दिवस मनाना शुरू किया, इसे मुद्दा बनाया जा रहा, कभी कभार ऐसी बातें हो जाती हैं।' राष्ट्रगान रुकवाकर स्टेडियम घूमने निकले थे मुख्यमंत्री दरअसल, कल गुरुवार को सीएम पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

## रामनवमी जुलूस के लिए नई गाइडलाइन जारी

**रोहतास।** जिला प्रशासन ने रामनवमी पर्व को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने जुलूस और शोभायात्रा के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आदेश के अनुसार, जुलूस निकालने के लिए 1 अप्रैल तक आवेदन करना होगा। हर मुहल्ले को अलग-अलग लाइसेंस लेना जरूरी है। लाइसेंसधारियों को जुलूस में शामिल होने वाले सभी वॉलंटियर्स का पूरा विवरण देना होगा। वॉलंटियर्स के लिए जरूरी दस्तावेज उनका पूरा पता, आधार



कार्ड और पहचान पत्र है। लाइसेंसधारी वॉलंटियर्स को बैज और पहचान पत्र उपलब्ध कराएंगे। जुलूस को लाइसेंस में दी गई तिथि और समय पर ही निकालना होगा। निर्धारित रूट चार्ट का पालन करना अनिवार्य है। इससे पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती में आसानी होगी।

## रोहतास में किसान की वज्रपात से मौत

**रोहतास।** में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के छोटका पोखरा निवासी मोहम्मद सुभान के बड़े पुत्र मोहम्मद अनवर (35) के रूप में हुई है। घटना खरोज गांव के तेनुआ बधार में गुरुवार शाम की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मोहम्मद अनवर दोपहर में खाना खाने के बाद मवेशियों के लिए चारा लेने गए थे। इसी दौरान मौसम खराब हो गया और आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। मवेशियों के लिए चारा लाने गए थे मृतक के साला मोहम्मद सईद ने बताया कि अनवर रोज की तरह खेत में मवेशियों के लिए चारा लेने गए थे। जब वह देर तक घर नहीं लौटे तो परिवार ने खोजबीन शुरू की। गांव वालों ने खेत में एक व्यक्ति का शव देखा, जिसकी पहचान अनवर के रूप में हुई। सीओ गोल्डी कुमारी ने परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद मुआवजे का प्रावधान है और जांच के बाद यह राशि दी जाएगी। मृतक के घर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। खेत से मिला था शव सूर्यपुरा थाना पुलिसकर्मी अमरजीत ने बताया कि थाना को जानकारी प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति का शव खेत पड़ा है जहां पर जाकर थाना मामले की पूरी खोज बिन भी जारी किया इसके बाद शव को पोस्टपार्टम के लिए सासाराम लाया गया

## बक्सर में उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव

**बक्सर।** के डुमरांव में आज शाम 4 बजे से उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राज उच्च विद्यालय में होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न कलाकार शहनाई और संतूर जैसे वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति देंगे। वहीं इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। लंबे समय से महाविद्यालय खोलने की मांग कीडुमरांव के विधायक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की जन्मभूमि का प्रतिनिधित्व करना



उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में लगातार डुमरांव में कला महाविद्यालय खोलने की मांग उठाई जाती रही है। मुख्यमंत्री की समाधान यात्रा और प्रगति यात्रा के दौरान भी यह मुद्दा उठाया गया।जनता की लंबे समय से मांग थी कि बिस्मिल्लाह खान की जन्मस्थली पर कला महाविद्यालय बने। इसके लिए हरियाणा फॉर्म में 5 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। मुख्यमंत्री ने कला महाविद्यालय शुरू करने का निर्देश दे दिया है।पद्म भूषण और पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से हो चुके सम्मानित उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का जन्म 21 मार्च 1916 को डुमरांव में हुआ था। उन्होंने अपने चाचा अली बख्श से शहनाई की शिक्षा ली। उनकी शहनाई में गंगा-जमुनी तहजीब की झलक मिलती थी। स्वतंत्र भारत के पहले ध्वजारोहण पर लाल किले से उनकी शहनाई गूंजी थी।बनारस घराने की शैली में शहनाई वादन को नई ऊंचाई देने वाले उस्ताद को 2001 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्हें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिले। उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ने जीवनभर संगीत को समर्पित किया और 21 अगस्त 2006 को बनारस में उनका निधन हो गया। उनकी शहनाई की गूंज आज भी संगीत प्रेमियों के दिलों में अमर है।

## युवक को चाकू मारकर किया घायल

**समस्तीपुर।** जिले के रोसरा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के पास बदमाशों ने गुरुवार शाम एक युवक को चाकू मार कर जख्मी कर दिया। जख्मी युवक इसी थाना क्षेत्र के गोनवाड़ा गांव के सुधीर पासवान का बेटा सूरज कुमार पासवान (20) है। घटना की सूचना पर जुटे परिवार के लोगों ने युवक को तत्काल रोसड़ा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल से भी उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बदमाशों ने युवक को पेट में चाकू मारी है। घटना के संबंध में युवक ने बताया कि वह अपने छोटे भाई को रोसरा थाना क्षेत्र के भीड़हा गांव स्थित ननिहाल पहुंचाकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान शाहपुर चौक के पास पूर्व से घात लगाए बदमाशों ने उसे घेर लिया। पहले उसके साथ मारपीट की फिर उसके पेट में चाकू से वार किया। युवक के चिखने-चिल्लाने पर जब आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो बदमाश वहां से फरार हो गए। बाद में सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

## 58 टेट्रा पैक के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** RPF ने बरौनी क्लोन एक्सप्रेस से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। हाजीपुर के जदुआ वार्ड नंबर 39 निवासी विवेक कुमार को 58 टेट्रा पैक शराब के साथ पकड़ा गया है।आरोपी ने अनोखा तरीका अपनाया था। उसने दो बनियान पहन रखी थीं। पहली बनियान में व्हाइट टेप से शराब के टेट्रा पैक चिपकाए थे। इसके ऊपर दूसरी गंजी और शर्ट पहन ली थी। इस तरह वह शराब की खेप हाजीपुर ले जाने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद भेजा गया जेल गुरुवार को विशेष जांच अभियान के दौरान आरपीएफ को ट्रेन में एक युवक संदिग्ध लगा। पूछताछ में वह सही जवाब नहीं दे पाया।



आरपीएफ उसे थाने ले आई। यहां जब उसकी तलाशी ली गई तो शर्ट और गंजी के अंदर से शराब के टेट्रा पैक बरामद हुए।आरोपी के पास एक बैग भी था जिसमें सिर्फ कपड़े रखे थे। उसने कुछ देर तक आरपीएफ जवानों को भी गुमराह किया, लेकिन गहन पूछताछ में फंस गया। गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## पति की हत्या मामले में पत्नी और सास गिरफ्तार

**मधेपुरा।** के आलमनगर थाना क्षेत्र में 18 मार्च की रात एक युवक की हत्या कर शव को नवगछिया वासा के पोखर में फेंक दिया गया था। उसके शरीर और सिर पर चाकू से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। वहीं जांच के दौरान मृतक की पहचान उदाकिशनगंज थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर वार्ड सात निवासी करण कुमार (23) के रूप में हुई थी। इस मामले में मृतक के पिता रंजीत कुमार सिंह के बयान पर आलमनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसमें दुर्गेश सिंह समेत आठ नामजद और अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए मधेपुरा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर



उदाकिशुनगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जिसमें आलमनगर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें मृतक करण कुमार की पत्नी संगीता देवी और सास मनशाला देवी शामिल है। जांच में पता चला कि मृतक करण कुमार ने दो वर्ष पूर्व आलमनगर थाना क्षेत्र के गनियारी निवासी मनोज सिंह की बेटी संगीता देवी से लव मैरिज किया था। वह ससुराल में रहकर कंप्यूटर दुकान चलाता था। पति-पत्नी के बीच विवाद के कारण इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। गिरफ्तार आरोपी मनशाला देवी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वर्ष 2019 में उस पर शराब तस्करी का केस हुआ था। एसडीपीओ ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। दूसरे लड़के से था अफेयर दूसरी तरफ घटना के दिन मृतक के पिता ने बताया कि उनकी बहू का लौआलगान के किसी दूसरे लड़के से अफेयर था। जिसके कारण ससुराल वालों ने मिलकर मेरे बेटे की हत्या कर दी।

# केंद्रीय मंत्री के मामा को बदमाशों ने मारी गोली आरोपी गिरफ्तार

**बेगूसराय।** में गुरुवार रात मुजफ्फरपुर सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी के चचेरे मामा मालिक सहनी को गोली मार दी। घटना चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के कुंभी भगवती स्थान के समीप की है। मालिक सहनी को इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेगूसराय SP मनीष ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10:00 बजे मालिक सहनी की दुकान पर फायरिंग हुई थी। इस दौरान घुटने में एक गोली लगी। घटना की सूचना मिलते ही मंझौल DSP नवीन कुमार और चेरिया बरियारपुर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर घटना में शामिल 3 अपराधियों कुंभी गांव के निवासी देशु यादव उर्फ अमरेश कुमार, अमरजीत यादव और मगलू उर्फ सुशील कुमार पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में उपयोग किया गया हथियार और दो बाइक बरामद कर लिया गया है। बदमाशों के पास से मोबाइल भी बरामद किया गया है। आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। उधारी का पैसा




मांगने को लेकर बदमाशों ने गोली मारी थी। दरअसल, मालिक सहनी का कुंभी भगवती स्थान चौक के पास मिठाई, सुधा के प्रोडक्ट और कोल्ड ड्रिंक की दुकान है। दो दिन पहले मालिक सहनी का बेटा विक्रम जब दुकान पर था तो गांव के ही कुछ युवक आए और सामान लिया, जिसमें पैसे को लेकर दोनों में विवाद हुआ था।

एक बाइक पर सवार थे तीन बदमाशबीते रात करीब 10:00 बजे मालिक सहनी जब दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए और तीनों दुकान के बाहर रुके। बाइक पर पीछे बैठे दो युवक ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। एक गोली मालिक साहनी के दाएं पैर में लगी, जबकि बाकि गोलियां दुकान के काउंटर और फ्रिज में लगी है। गोली की आवाज सुनकर जब तक लोग दौड़े, तब तक सभी बदमाश फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना घायल के परिजन और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है।घायल मालिक सहनी कहना है कि गोली मारने वाले बदमाशों की हमने पहचान कर ली है। तीनों बदमाश गांव के ही हैं। हमसे कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ था। दो दिन पहले पैसे को लेकर मेरे बेटे से विवाद हुआ था, इस वजह से गोली मारी गई है। फिलहाल चेरिया बरियारपुर थाना की पुलिस सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है। गोली मारने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जा रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### एनकाउंटर,दही गोप हत्याकांड का मेन शूटर घायल

**पटना।** में गुरुवार की देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच एनकाउंटर हुआ है। जिसमें दही गोप मर्डर केस के मेन शूटर सोनू को गोली लगी है। पुलिस ने सोनू को अरेस्ट कर लिया, जबकि उसके साथी फरार हो गए। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली



थी कि दही गोप मर्डर केस का शूटर सोनू अपने साथियों के साथ मनेर के सुवर मरवा इलाके में आया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।दोनों ओर से 6 राउंड फायरिंग हुई है। पुलिस के मुताबिक बदमाशों की तरफ से 4 राउंड फायरिंग की गई। जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए 2 राउंड गोली चलाई। एक गोली कुख्यात सोनू के पैर में लगी।सोनू कुमार पटना के टॉप 10 अपराधियों की लिस्ट में शामिल है। उसके खिलाफ मनेर और दानापुर में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पटना पश्चिम के सिटी एसपी शरत आरएस ने शुक्रवार अहले सुबह इस एनकाउंटर की जानकारी दी।21 दिसंबर 2024 को दानापुर में श्राद्ध कर्म से लौट रहे दानापुर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ दही गोप और विकास पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। दही गोप श्राद्ध भोज में शामिल होने के बाद पेठिया बाजार में अपने सहयोगियों को छोड़कर अपनी कार से घर की ओर बढ़ रहे थे।इस बीच एक युवक ने उसे आवाज दी। वहां जाते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। 20 राउंड फायरिंग हुई थी। दही गोप के पेट और सिर में करीब 5 गोली लगी थी।दही गोप को बचाने गए विकास को भी अपराधियों ने गोली मार दी थी। दोनों खून से लथपथ करीब 15 मिनट तक सड़क पर पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने अस्पताल में दोनों को भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया था।दही गोप की भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। हत्या के अगले दिन इलाके में पेठिया और सदर बाजार के दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दी थी। पुलिस ने माहौल को देखते हुए फ्लैग मार्च भी किया था।डबल मर्डर में पुलिस ने राहुल जनरेटर और उसके साथी शुभम चड्ढा को अरेस्ट किया था, और मुख्य शूटर सोनू की तलाश थी।इसके साथ ही 10 दिसंबर 2024 को मनेर थाना क्षेत्र के महीनावा निवासी पॉलिटिकल पार्टी फ्छरढ के आईटी सेल में कार्यरत कुंदन कुमार की देर रात श्रीनगर मुख्य मार्ग पर लूटपाट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में भी सोनू आरोपी था।

### समस्तीपुर में गैस सिलेंडर में लीक से लगी आग

**समस्तीपुर।** जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के हंसौली गांव के वार्ड पांच मोहल्ला में गुरुवार शाम गैस सिलेंडर लीक होने से एक घर में आग लग गई। अगलगी कि इस घटना में एक बुजुर्ग महिला की भी जलकर मौत हो गई। वहीं घर का सारा सामान भी जलकर खाक हो



गया। हल्ला होने पर जुटे आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया। मृत महिला की पहचान गांव के स्वर्गीय इतवारी पासवान की पत्नी देवकी देवी (80) के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची उजियारपुर थाने की पुलिस ने महिला का शव जब्त कर गुरुवार रात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पति की मौत हो चुकी है, बेटा परदेश मेंघटना के संबंध में गांव के राकेश कुमार ने बतलाया कि बुजुर्ग महिला अकेले ही गांव में रहती थी। पति की मौत हो चुकी है जबकि बेटा परदेस में रहता है। लोगों ने बताया कि महिला शाम में खाना बना रही थी इसी दौरान गैस सिलेंडर लीक कर गया और ब्लास्ट हुआ । जिससे घर में भी आग लग गई । बुजुर्ग महिला की मौत हो गई । आसपास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी उजियारपुर थाने की पुलिस को दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को सदर अस्पताल भेजा है। उधर अगलगी की इस घटना में बुजुर्ग महिला घर में रखा कपड़ा अनाज आदि भी चल कर खाक हो गया। उजियारपुर थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बतलाया गैस सिलेंडर लीक होने से महिला की जुलस कर मौत हुई है। इस घटना में महिला के घर में भी आग लग गई थी जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बुझाया गया। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है घटना को लेकर एक जूडी केस दर्ज की जा रही है महिला के घर में कोई नहीं रहता था।

### मानवाधिकार आयोग महिला विंग का खुला कार्यालय



**गया।** जिले की महिलाओं के अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग महिला विंग का कार्यालय गुरुद्वारा रोड पर खोला गया। इस कार्यालय का नेतृत्व जिला अध्यक्ष करेंगी। यहां महिलाओं की शिकायतें सुनी जाएंगी और न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि यह कार्यालय पीड़ित महिलाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनेगा। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर असमानता और लैंगिक भेदभाव जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए यह केंद्र बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं के लिए यह कार्यालय मील का पत्थर साबित होगा। आयोग महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ट्रेनिंग भी देगा।महिला किसी भी समय समस्या साझा कर सकतीं इस अवसर पर समाजसेवी, महिला अधिकार कार्यकर्ता और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। राखी अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यालय हर पीड़ित महिला के लिए हमेशा खुला रहेगा। कोई भी महिला किसी भी समय यहां आकर अपनी समस्या साझा कर सकती है। महिलाओं की लड़ाई को मिलेगी नई ताकत गया में महिलाओं के लिए यह कार्यालय सिर्फ शिकायत दर्ज करने का केंद्र नहीं, बल्कि इंसाफ की लड़ाई का मंच बनेगा। यहां हर महिला को न्याय के लिए कानूनी मदद, काउंसलिंग और अन्य आवश्यक सहायता दी जाएगी। इस पहल से गया में महिलाओं की स्थिति मजबूत होगी और उनके हक के लिए एक नई लड़ाई लड़ी जाएगी।



# सिकंदर की रिलीज से पहले लाफ्टर शेफ्स में नजर आएंगे सलमान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म इस महीने के अंत में रिलीज होने वाली है। ऐसे में अब सलमान खान ने फिल्म का प्रचार भी शुरू कर दिया है। अब खबर आई है कि सलमान खान सिकंदर का प्रचार एक शो में करेंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान फिल्म को प्रमोट करने के लिए लाफ्टर शेफ्स-अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 2 में नजर आएंगे। इंडिया फोरम की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सलमान खान की आगामी एपिसोड में कुकिंग-आधारित शो लाफ्टर शेफ्स-अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में एक विशेष उपस्थिति होगी। हालांकि, इस बारे में अभिनेता या निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर का इंतजार है।

## इस दिन आएगा फिल्म का ट्रेलर

इससे पहले फिल्म के ट्रेलर पर अपडेट सामने आया था। सलमान खान की सिकंदर का ट्रेलर आठ दिनों के भीतर रिलीज होने वाला है। निर्माताओं ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बनाए रखने के लिए कई प्रोमो और दो टीजर जारी किए हैं। यहां तक कि फिल्म के दो गाने भी रिलीज हो चुकी हैं। अब खबर है कि फिल्म का ट्रेलर सिनेमाघरों में इसकी रिलीज से ठीक एक हफ्ता पहले जारी किया जाएगा।

## फिल्म की शूटिंग पूरी

आज निर्माताओं ने फिल्म का तीसरा गाना सिकंदर नाचे का टीजर भी जारी किया है। सलमान खान और एआर मुरुगादॉस ने सिकंदर के लिए पहली बार साथ काम किया है। सलमान ने अपने किक के निर्देशक साजिद नाडियाडवाला के साथ फिर हाथ मिलाया है। हाल ही में सलमान खान ने फिल्म का आखिरी सीन शूट किया था, जो इसका डांस नंबर ही था। फिल्म का संपादन पूरा हो चुका है और वीएफएक्स और बैकग्राउंड पर काम चल रहा है।

## कब रिलीज होगी फिल्म

सलमान खान ने फिल्म के लिए डबिंग भी शुरू कर दी थी। इस फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, सत्यराज और प्रतीक बब्बर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सलमान के साथ यह रश्मिका की पहली फिल्म है। यह फिल्म ईद 2025 के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली है।



# जगन शक्ति की मूवी में तमन्ना की एंट्री? साथ दिखेंगे अजय देवगन



निर्देशक जगन शक्ति की आगामी फिल्म में कथित तौर पर तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। वहीं इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और संजय दत्त की भी होने की उम्मीद है। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म हो सकती है। तमन्ना भाटिया मिशन मंगल फिल्म निर्माता जगन शक्ति द्वारा निर्देशित एक रोमांचक नई फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म में तीनों का एक्शन अवतार देखने को मिल सकता है।

कथित तौर पर इस फिल्म का नाम रेंजर रखा गया है। इसे लव फिल्म्स बना रही है, जिसके साथ अजय देवगन पहले दे दे प्यार दे फिल्म पर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में संजय दत्त विलेन की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग मार्च के आखिर में शुरू होगी। खबर के मुताबिक, फिल्म के डायरेक्टर जगन शक्ति ने तमन्ना भाटिया को मुख्य भूमिका के लिए चुना है। तमन्ना अप्रैल के पहले हफ्ते में अजय देवगन और संजय दत्त के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। यह फिल्म एक्शन और रोमांच से भरी होगी।

## मार्च के आखिरी में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

कथित तौर पर तमन्ना इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उनकी भूमिका अच्छी तरह लिखी गई है और इसमें एक खास मोड़ भी है। उन्होंने फिल्म के लिए अपनी कई तारीखें दी हैं और तैयारी शुरू कर दी है। तमन्ना ने डायरेक्टर जगन शक्ति के साथ स्क्रिप्ट पर भी कई बार चर्चा की है। फिल्म में कई बड़े कलाकार होंगे, लेकिन उनके नाम अभी छिपाए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को पूरे साल में अलग-अलग चरणों में शूट किया जाएगा और 2026 में सिनेमाघरों में बड़े स्तर पर रिलीज होगी। कथित तौर पर यह एक महंगी फिल्म होगी। फिल्म में नए तरह के सीस होंगे और अजय नई तकनीक से कुछ खास करने के लिए तैयार हैं।



# इम्तियाज अली बना सकते हैं रॉकस्टार 2

बॉलीवुड निर्देशक इम्तियाज अली कथित तौर पर अपनी फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बन सकता है। जब 2011 में रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार रिलीज हुई थी, तब दर्शकों ने इसे बेहद पसंद किया था। यही वजह है कि इस फिल्म का सीक्वल बन सकता है।

क्या बनेगी रॉकस्टार 2

रणबीर कपूर को दर्शकों ने फिल्म रॉकस्टार में जॉर्डन के करिदार में बेहद पसंद किया था। फिल्म की कहानी से लेकर इसका म्यूजिक दर्शकों के बीच काफी मशहूर हुआ। ओटीटी प्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज ने कहा है कि शायद अब सही वक्त है कि रॉकस्टार 2 बनाई जाए। सवाल यह है कि क्या यह सच में होगा और अगर हां, तो कब?

## रॉकस्टार को लेकर इम्तियाज का नजरिया

ओटीटीप्ले की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज ने हाल ही में एक इंटरव्यू में फिल्म रॉकस्टार को लेकर कहा, कभी ना नहीं कहना चाहिए। हो सकता है कोई नया आइडिया आए और मुझे लगे कि यह रॉकस्टार की कहानी को आगे बढ़ा सकता है। कभी-कभी कोई अजीब विचार भी दिमाग में आ जाता है। इम्ताज की इन बातों से लगता है कि वह रॉकस्टार 2 बना सकते हैं।

## क्या रणबीर कपूर रॉकस्टार 2 में होंगे?

रणबीर की फिल्म एनिमल में उनके किरदार में जॉर्डन जैसी तेजी देखने को मिली थी। जिस तरह उन्होंने भावनाओं को दिखाया, वह लोगों को बहुत पसंद आया। तो अगर स्क्रिप्ट अच्छी हुई, तो रणबीर जॉर्डन या किसी ऐसे ही किरदार के साथ वापसी कर सकते हैं। लेकिन मूल फिल्म में नरगिस फाखरी का किरदार मर गया था, तो उनका सीक्वल में लौटना मुश्किल है।

# गांधारी की शूटिंग हुई पूरी, अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर शेयर किए अनुभव



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री तापसी पन्नू जल्द ही एक शानदार फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसके सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। अपनी आगामी फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी होने को लेकर उन्होंने एक बड़ा अपडेट किया है, जिसे लेकर उनके फैंस में उत्साह देखने को मिल रहा है। आइए जानते हैं क्या है पूरी खबर।

## जब वह धारा के विपरीत जाती हैं

हाल ही में तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'गांधारी' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग पूरी होने का संदेश दिया है। साथ ही पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने फिल्म से जुड़े अनुभवों को शेयर किया है। इसमें तापसी ने लिखा कि अगर इच्छा शक्ति और धैर्य नाम का कोई फ्यूल होता है, तो उन्होंने इस फिल्म में देखा। इसके अलावा एक्ट्रेस ने कहा कि जब वह धारा के खिलाफ जाने का प्रयास करती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। अभिनेत्री ने लिखा कि जल्द ही वह 'गांधारी' लेकर आ रही हैं।

## मां के रोल में दिखेंगी अभिनेत्री

यह वीडियो एक्शन थ्रिलर फिल्म एक अलग तरह के प्यार को दर्शाएगा। फिल्म में मां और बच्चे के बीच गहरे संबंधों को यह फिल्म रेखांकित करेगी। पिछले कुछ महीनों पहले फिल्म को लेकर जारी हुए एक शॉर्ट वीडियो से यह जानकारी मिला थी।

## कनिका ढिल्लों के साथ आएंगी नजर


बता दें कि तापसी पन्नू और कनिका ढिल्लों 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में एक साथ काम कर चुकी हैं। इस फिल्म को कनिका ने ही लिखा है। अब एक बार फिर दोनों की जोड़ी इस फिल्म में नजर आएगी।

# निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं चिरंजीवी

निर्देशक अनिल रविपुडी ने इस संक्रांति के मौके पर वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म ने वैश्विक रूप से बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर संक्रांति के त्योहार को और भी ज्यादा खास बना दिया था। अब अनिल एक नए प्रोजेक्ट के साथ तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म में मेगास्टार चिरंजीवी नजर आने वाले हैं। ताजा खबरों के मुताबिक अनिल ने चिरंजीवी की अगली फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी कर ली है। खबर है कि अनिल ने इस फिल्म में एक खास फ्लैशबैक सीन तैयार किया है जो रायलसीमा की पृष्ठभूमि पर आधारित होगा। चिरंजीवी इसमें लंबे समय बाद सीमा बोली में बात करते नजर आएंगे जो फैंस के लिए एक बड़े तोहफे से कम नहीं होगा। फिल्म की शूटिंग जून के पहले हफ्ते से शुरू होने की उम्मीद है।

## इस दिन रिलीज होगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को साहू गरपति अपनी शाइन स्क्रीन्स बैनर तले प्रोड्यूस करेंगे। वर्क फंट की बात करें तो चिरंजीवी इन विश्वभरा के लिए भी काफी ज्यादा चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्देशन मल्लिदी वशिष्ठ ने किया है। फिल्म को इसी साल 9 मई को रिलीज करने की तैयारी है।





# स्टारकिड्स के समर्थन में उतरे हंसल मेहता

फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू करने के बाद से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। वजह है फिल्म को लेकर हो रही आलोचना। फिल्म में इब्राहिम के साथ एक और स्टारकिड खुशी कपूर भी नजर आई थीं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म की काफी आलोचनाएं हो रही हैं और सोशल मीडिया पर तो लोग नेटफ्लिक्स की टीम तक को खरी-खोटी सुना रहे हैं। तो वहीं फिल्म के दोनों कलाकारों को भी लगातार ट्रोल किया जा रहा है। अब दिग्गज फिल्ममेकर हंसल मेहता इन स्टारकिड्स के समर्थन में आए हैं और उन्होंने इन टिप्पणियों को लोगों का खराब टेस्ट बताया है।

## हंसल मेहता ने किया बचाव

बातचीत में निर्देशक-निर्माता हंसल मेहता ने नादानियां फिल्म की आलोचना और स्टारकिड्स के बारे में दर्शकों की राय पर कहा, मुझे लगता है कि लोग बहुत कठोर और गलत हैं। दुख की बात यह है कि क्या हमने इन्हें मौका मिलने से पहले, इन बच्चों की तैयारी देखी है? लोग जिस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं, वे बहुत ही खराब हैं। मुझे यकीन है कि ये टिप्पणियां इन नए बच्चों के लिए काफी दर्दनाक होंगी, लेकिन हम भूल जाते हैं कि एक समय में उनके माता-पिता ने भी बहुत ही अजीब शुरुआत की थी। बात बस इतनी है कि वे उस समय लोगों की नजरों में उतने नहीं थे, जितने अब सोशल मीडिया के कारण हैं।

## स्टारकिड होने से कोई अच्छा एक्टर नहीं हो सकता

हंसल मेहता ने इस बात पर जोर दिया कि फिल्मों को बनाने, निर्माण करने और निर्देशन के लिए जिम्मेदार लोगों को पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि कलाकार और उनकी टीम उन्हें लॉन्च करने से पहले पूरी तरह से तैयार हो। निर्देशक ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि कोई व्यक्ति सिर्फ अपने वंश के कारण या परिवार के कारण अच्छा एक्टर होगा।

## बड़े बैनर से लॉन्च होना चाहते हैं स्टारकिड

हंसल मेहता ने आगे कहा, स्टारकिड्स किसी बड़े बैनर से ही लॉन्च होना चाहते हैं, भले ही उनके पास कोई बड़ा और बढ़िया आइडिया हो या न हो। वो चाहते हैं कि कोई बड़ा इंसान उन्हें हर समय सलाह देता रहे। फिर जब मैं देखता हूं कि लोग उनका मजाक उड़ा रहे हैं, तो मुझे बहुत दुख होता है। मेरा उनसे बस यही कहना है कि वो अपना सिर नीचे रखें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। जैसे ही वे किसी चीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, चाहे वह बॉक्स ऑफिस पर कितनी भी अच्छी या बुरी क्यों न हो, उन्हें सम्मान मिलेगा। उनका पहला लक्ष्य अपने काम से सम्मान पाना होना चाहिए।

# मां बनने के बाद काम पर लौटने की तैयारी में दीपिका पादुकोण

हाल ही में दीपिका पादुकोण ने एक अंतराष्टीय इवेंट में खुलासा किया कि वह किस तरह जिम्मेदारियों और काम के बीच संतुलन बना रही थी। अभिनेत्री ने बताया कि वह पता लगा रही थी कि मां बनने के बाद बिना पश्चाताप के काम पर कैसे लौटें। उन्होंने मां बनने के बाद सिनेमाई परदे पर वापसी को लेकर कहा कि वह इससे जूझ नहीं रही थी, बल्कि समझ रही थी। दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं, वह जल्द ही फिर से काम पर लौटने वाली हैं। साल 2024 में अभिनेत्री आखिरी बार 'सिंघम अगेन' फिल्म में नजर आई थीं। इस बात से उन्होंने संकेत दे दिया है कि वह बहुत जल्द अपने अभिनय का जादू बिखेरती दिखेंगी।



# आइपीएल के पहले मैच में आज आमने-सामने होंगे केकेआर-आसीबी

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 सत्र का पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और उपविजेता रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। इस बार दोनो ही टीमें नये कप्तानों के साथ उतरेंगी। केकेआर की कप्तानी जहां आजिंक्य रहाणे करेंगे, वहीं आरसीबी की कमान रजत पाटीदार संभालेंगे। पिछले साल केकेआर ने जबरदस्त प्रदर्शन कर ट्रॉफी जीती थी। जिसे अब वह बरकरार रखना चाहेगी।

दोनों ही टीमों के रिकॉर्ड को देखें तो केकेआर इस मैच में आरसीबी पर भारी पड़ती दिख रही है। इसका कारण है कि केकेआर अपने घरेलू मैदान पर ये मुकाबला खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलेगा। रहाणे की कप्तानी वाली केकेआर काफी संतुलित है पर इसके बाद भी उसके लिए जीतना इतना भी आसान नहीं होगा क्योंकि आरसीबी काफी मजबूत टीम है। उसके पास विराट कोहली जैसा अनुभवी बल्लेबाजी है। पिछले साल केकेआर के लिए खेलने वाले फिल सॉल्ट भी इस बार आरसीबी से खेल रहे हैं और वह केकेआर की रणनीति अच्छी तरह से जानते हैं।

इसके अलावा आज तक एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी आरसीबी इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। आरसीबी को इस बार अपना सपना पूरा करने के लिए पहले ही मैच से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वहीं अंतिम ग्यारह की बात करें तो विराट के साथ साल्ट पारी शुरु कर सकते हैं। वहीं देवदत्त पडिक्कल नंबर तीन पर जबकि पाटीदार नंबर चार पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टीम जितेश शर्मा, क्रुणाल पांड्या और भुवनेश्वर कुमार को भी अंतिम ग्यारह में शामिल कर सकती है। टीम को हालांकि अनुभवी बल्लेबाज फॉफ डूप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल की कमी खलेगी।

रहाणे के लिए इसलिए भी परेशानी है क्योंकि इस बार कोच के तौर पर टीम के पास गौतम गंभीर नहीं हैं। साल्ट के नहीं होने से टीम पारी की शुरुआत सुनील नरेन और क्विंटन डी कॉक से करा सकती है। रहाणे नंबर तीन पर बैटिंग के लिए आ सकते हैं। वेंकटेश अय्यर और रिंकू सिंह की के अलावा टीम को आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। टीम के लिए मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतर पैदा कर सकते हैं। उनके अलावा टीम के पास नरेन जैस स्पिनर भी है जो विरोधी पारी को ध्वस्त करने में सक्षम है। वहीं दूसरी ओर आरसीबी के पास विराट, रजत और देवतत्त जैसे बल्लेबाज हैं। पारी की शुरुआत के लिए उसके पास साल्ट जैसा आक्राम बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी की बात करें तो उसके पास जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार जैसे गेंदबाज हैं।

आंकड़ों पर नजर डालें तो केकेआर और आसीबी के बीच अभी तक कुल 34 मैच खेले गए हैं। इसमें से 20 मैचों में केकेआर जीती है जबकि 14 में आरसीबी को जीत मिली है।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सुनील नरेन, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा/वरुण चक्रवर्ती

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर :** रजत पाटीदार (कप्तान),फिलिप साल्ट, विराट कोहली , देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा/रसिक डार सलाम

# ऋषभ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें : रैना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल से ठीक लखनऊ सुपर जायंट्स के नये कप्तान ऋषभ पंत को सलाह दी है कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें। रैना का मानना है कि इससे ऋषभ को बेहतर तरीके से पारी समाप्त करने का अवसर मिलेगा। रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि यह सत्र ऋषभ के लिए काफी अहम होगा। इसमें बेहतर प्रदर्शन कर वह छोटे प्रारुप के लिए भी भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अपनी दावेदारी मजबूत करना चाहेंगे। रैना ने कहा कि अगर आप उनकी कप्तानी देखेंगे, तो वह काफी खुशमिजाज और काफी इनोवेटिव हैं। उनमें वह शांति और चतुर नेतृत्व क्षमता जो कप्तानी के लिए जरुरी है। मैं वास्तव में चाहता हूं कि वह तीसरे नंबर पर खेलें। लेकिन उनकी टीम को देखें, उनके पास निकोलस पूरन, डेविड मिलर और एडेन मार्करम हैं जैसे बल्लेबाज है। ऐसे में मुझे लगता है कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, क्योंकि तब उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप में काफी गहराई होगी। मैं वास्तव में चाहता हूं कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें, क्योंकि तब शायद वह टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभा सकेंगे।

इस क्रिकेटर को पिछले साल की मेगा नीलामी में लखनऊ ने रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पहले 43 मैचों में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी। रैना को यह भी लगता है कि उनके लिए राह आसान नहीं है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव, अवेश खान, आकाश दीप और मोहसिन खान अभी तक फिट नहीं हुए हैं। पास हालांकि रवि बिश्नोई जैसा अच्छा स्पिनर है।

# सचिन सहित पूर्व क्रिकेटरों को पेंशन दे रही बीसीसीआई




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) खेल से संन्यास लेने वाले खिलाड़ियों की देखभाल और उनके योगदान के प्रति सम्मान देने के लिए खिलाड़ियों को पेंशन भी देती है। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सहित सभी खिलाड़ियों को ये पेंशन दी जाती है। ये पेंशन खिलाड़ियों द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की संख्या पर भी निर्भर करती है। यानी, जितने अधिक टेस्ट मैच खेले गए होंगे, पेंशन उतनी ही ज्यादा होगी। यह योजना क्रिकेटरों की लंबी सेवा और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए लागू की गई है।

सचिन को बीसीसीआई की ओर से हर महीने 70,000 रुपये की पेंशन दी जाती है। यह राशि उनकी क्रिकेट यात्रा और उनकी उपलब्धियों को देखते हुए तय की गई है। सचिन के अलावा कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों को भी बीसीसीआई की ओर से पेंशन दी जाती है। जैसे कि युवराज सिंह को हर महीने 60,000 रुपये की पेंशन मिलती है, जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली को हर महीने 52 हजार की राशि मिलती है। यह पेंशन योजना उन खिलाड़ियों के लिए एक सम्मान के रूप में देखी जाती है, जिन्होंने अपने करियर में भारत के लिए खेलते हुए अहम योगदान दिया है। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी बीसीसीआई अपने पूर्व खिलाड़ियों की आर्थिक सुरक्षा तय करने के लिए जारी रखे हुए हैं। इसका कारण है कि कई पूर्व क्रिकेटर आर्थिक तौर पर सक्षम नहीं है। बीसीसीआई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के अलावा रणजी खेलने वाले क्रिकेटरों को भी ये सुविधा देता है।

# आईपीएल मुकाबले यहां देखे जा सकेंगे, कई नये रिकार्ड बनने की संभावना


**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 18 वां सत्र शनिवार से शुरु हो रहा है। इसमें शुरुआती मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और उपविजेता रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा। दोनो ही टीमों इस मैच में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करने उतरेंगी। प्रशंसक भी पिछले काफी समय से आईपीएल का इंतजार कर रहे हैं। वे इसे देश में स्टार स्पोर्ट्स पर देख सकेंगे। इन मुकाबलों की कमेंट्री हिंदी और अंग्रेजी के अलावा स्टार स्पोर्ट्स चैनल पर कई क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी। वहीं डिजिटल स्ट्रीमिंग की बात करें तो जियोहॉटस्टार पर इन मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग देखी जा सकती है। आईपीएल 2025 के ये मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे जबकि डबल हेडर (एक ही दिन में दो मैच) जिस देन होंगे। उस दिन दूसरा मैच दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर शुरु होगा।




आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च, 2023 को होगी और इसका खिताबी मुकाबला 25 मई, 2025 को खेला जाएगा। इस सत्र में 10 टीमों के बीच 13 जगहों पर 74 मैच होंगे। अहम बात ये है कि कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरुआती मैच के अलावा फाइनल भी होगा। आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह 22 मार्च यानी शनिवार को शाम 6 बजे से शुरु होगा। इसमें श्रेया घोषाल, दिशा पाटनी जैसी मशहूर बॉलीवुड हस्तियां अपना कार्यक्रम पेश करेंगी। उद्घाटन समारोह का प्रसारण भी टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए देखा जा सकता है।

आईपीएल में हर सत्र में नये रिकार्ड बनते हैं। इस बार भी ऐसा ही होने की संभावना है। अभी तक इस लीग में सबसे बड़े स्कोर का रिकार्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है। साल 2013 सत्र में गेल ने 66 गेंदों पर ही नाबाद 175 रन बनाये थे। वहीं इससे पहले साल 2008 में बैंडन मैकुलम ने 73 गेंदों पर नाबाद 158 रन बनाए थे, ये इस लीग का दूसरा सबसे अधिक व्यक्तिगत स्कोर है। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो 2020 के सीजन में केएल राहुल ने 69 गेंदों पर 132 रनों की नाबाद पारी खेली थी, जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वाधिक स्कोर है। गेंदबाजी में अब तक स्पिनर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 205 विकेट लिए हैं। इस बार आईपीएल 2025 में भुवनेश्वर कुमार 181 विकेट, सुनील नरेन 180 विकेट और रविचंद्रन अश्विन 180 विकेट के पास 200 विकेटों का आंकड़ा हासिल करने का अच्छा अवसर है।

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 पैनल में नये अंपायरों को अवसर दिया



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के नए सत्र के लिए अंपायरिंग पैनल घोषित कर दिया है। इस बार बोर्ड ने सात नए अंपायरों को स्वरूपानंद कन्नूर, अभिजीत भट्टाचार्य, पाराशर जोशी, अनीश सहस्रबुद्धे, केयुर केलकर, कौशिक गांधी और अभिजीत बेंगरी को अवसर दिया है। वहीं अनुभवी अंपायर एस रवि और सीके नंदन मेंटॉर की भूमिका निभाएंगे। आईपीएल का पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डस स्टेडियम में केकेआर और आरसीबी के बीच होगा। बीसीसीआई ने नए अंपायरों को अवसर इसलिए दिया है जिससे कि उन्हें दवाब वाले मैचों का अनुभव मिले। अंपायरों में शामिल कौशिक गांधी तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर हैं। कौशिक ने 34 फर्स्ट क्लास मैच भी खेले हैं। अंपायर के तौर पर ये उनका यह दूसरा ही सत्र है। अभी तक कौशिक ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों और महिला प्रीमियर लीग में अंपायरिंग की है। अंतर्राष्ट्रीय अंपायरों में इस बार श्रीलंका के कुमार धर्मसेना आईपीएल नजर नहीं आएंगे। इसके अलावा आईपीएल 2024 में अंपायरिंग करने वाले अनिल चौधरी भी इस बार नहीं दिखेंगे।

# आईपीएल में इस बार ओपनिंग करना चाहते हैं नरेन

मुम्बई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार खिलाड़ी सुनील नरेन ने कहा है कि वह इस सत्र में पारी की शुरुआत करना चाहते हैं। नरेन टीम में गेंदबाज के तौर पर काफी पहले से जुड़े थे पर वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी को लेकर भी चर्चाओं में रहते हैं। रहस्यमी गेंदबाज के तौर पर चर्चित नरेन ने कई आक्रामक पारियां भी खेली हैं। गौतम गंभीर के कोच रहते नरेन लगातार पारी शुरु करते रहे हैं। आईपीएल में सुनील नरेन ने बतौर ओपनर 180 की स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए हैं। नरेन ने संकेत दिए कि वह इस सत्र में पारी शुरु करना चाहेंगे। आईपीएल 2024 तक नरेन टीम के लिए पिंच हिटर की भूमिका निभाते रहे हैं पर गंभीर के कार्यकाल में नरेन ने फिल साल्ट के साथ कई यादगार पारियां खेली हैं। नरेन ने कहा कि मैं अपनी टीम की जरूरत और हालात के मुताबिक खेलने को तैयार हूं पर मुझे बतौर ओपनर के तौर पर खेलना काफी पसंद है। बतौर ओपनर 2024 में नरेन ने 56 गेंदों पर 109 रन की पारी खेली। नरेन ने कहा कि वह टीम की जरूरत के अनुसार उतरेंगे पर इस बात में कोई दो राय नहीं कि मुझे पारी शुरु करना पसंद है। खासकर, पिछला साल मेरे लिए बतौर ओपनर अच्छा रहा, लेकिन मैं अपनी टीम की जरूरतों के हिसाब से बल्लेबाजी क्रम बदलने को तैयार हूं। नरेन लंबे समय से केकेआर का हिस्सा हैं। अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 बार टाइटल अपने नाम किया है. कोलकाता नाइट राइडर्स की सफलता में नरेन का बड़ा योगदान माना जाता है। वह आईपीएल इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें तीन बार प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब मिला है। उनकी यह सफलता उनकी अद्भुत गेंदबाजी और शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन को साबित करती है।




# फ्रेजर को आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा : गिलक्रिस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर एडम गिलक्रिस्ट ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलने वाले युवा बल्लेबाज जैक फेजर मैक्गर्क से कहा है कि उन्हें टीम में बने रहने बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गिलक्रिस्ट ने कहा कि अगर फेजर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो वह अधिक दिन आईपीएल नहीं खेल पायेंगे। इस युवा क्रिकेटर ने पिछले साल आईपीएल में डेब्यू किया था और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया पर इस बार ऑस्ट्रेलियाई घरेलू क्रिकेट में बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं। गिलक्रिस्ट ने बड़े ही स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आईपीएल यह बर्दाश्त नहीं करता कि आप परिणाम नहीं दे रहे हैं।

गिलक्रिस्ट ने कहा कि दिल्ली ने फ्रेजर मैक्गर्क के ऊपर बहुत भरोसा जताया है। इसलिए यह बहुत अहम हो जाता है कि वह अग टीम को अच्छी शुरुआत दें। पूर्व ऑस्ट्रेलियन विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहाकि जहां तक मैं जानता हूं आईपीएल में मालिक और कोच इतना मेहरबान नहीं होते। अगर आप बहुत लंबे समय तक असफल रहते हैं तो आपको सहन नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि हालिया खराब फॉर्म के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने फेजर-मैक्गर्क पर भरोसा जताया है। ऐसी उम्मीद है कि वह फाफ डू प्लेसिस के साथ टीम के लिए पारी की शुरुआत करेंगे।

गिलक्रिस्ट ने कहा कि अरुण जेटली स्टेडियम की बल्लेबाजों के अनुकूल पिच मैक्गर्क के लिए सहायक हो सकती है। पिछले साल उन्होंने जिन पिचों पर बल्लेबाजी की थी वो बल्लेबाजी पिचें थीं। इस बार भी हालात वैसे ही रहेंगे। अब उनके पास अवसर है कि वह किस तरह का प्रदर्शन करते हैं। गौरतलब है कि इस आक्रामक बल्लेबाज को शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की टीम में सीमित मौके मिले हैं। ऐसे में उनका फर्स्ट क्लास करियर भी बहुत आगे नहीं बढ़ पाया है।

वहीं पिछले आईपीएल सत्र की बात करें तो फ्रेजर ने अच्छी बल्लेबाजी की थी। उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया था। इस बल्लेबाज ने अवसर का फायदा उठाते हुए नौ पारियों में 234.04 की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए थे। हालांकि आईपीएल 2024 के बाद टी20 में उनके आंकड़े उतने प्रभावी नहीं रह गए।



# शुभमन बोले, कप्तानी को बल्लेबाजी से मिलाना ठीक नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि कप्तानी में सफलता के लिए इसके साथ बल्लेबाजी को कभी भी मिलाना नहीं चाहिये। इन्हें अलग रखना ही टीम के लिए फायदेमंद रहता है। शुभमन के अनुसार अगर आप कप्तानी और बल्लेबाजी को मिला देते हैं तो वह नुकसानदेह साबित होता है। शुभमन पिछले सत्र में ही हार्दिक पांड्या की जगह गुजरात टाइटंस के कप्तान बने। इस युवा कप्तान ने अभ्यास सत्र से पहले कहा, ''कप्तानी और बल्लेबाजी को जितना अलग रखेंगे, उतना ही अच्छा है। मेरा अनुभव यही है कि अगर मैं बल्लेबाजी करने जा रहा हूं तो बल्लेबाजी पर ही ध्यान दूं। उस समय एक बल्लेबाज के तौर पर जो फैसले मैं लेता हूं, वह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ होते हैं। वहीं, जब हम फील्डिंग कर रहे होते हैं तब मैं कप्तानी से ज्यादा जुड़ता हूं। बल्लेबाजी करते समय बल्लेबाज के रूप में रहना ही मेरे लिए अच्छा है।''

उन्होंने साथ ही कहा, ''बतौर कप्तान आप प्रतिदिन कुछ नया सीखते हैं, खिलाड़ियों के बारे में या अपने बारे में। अच्छा कप्तान बनने के लिए इन चीजों पर काम करना जरूरी है।'' शुभमन ने 2023 सीजन के दौरान 890 रन बनाए थे, लेकिन अगले सीजन जब वे कप्तान बने तो उनके रनों की संख्या आधे से ज्यादा घटकर 426 रन रह गई थी। यहां तक कि स्ट्राइक रेट भी 157.70 से घटकर 147.40 रह गया था। टीम की हालत भी अच्छी नहीं रही थी और वह प्लेऑफ की दौड़ से भी दूर रही थी। गिल ने क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी और मुख्य कोच आशीष नेहरा को रणनीतिक मामलों में उनकी सहायता करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इनके अनुभवों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला है।




# आईपीएल में इस बार नजर आयेंगे ये बदलाव

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 18 वां सत्र शनिवार से शुरु हो जाएगा। इसमें कई बदलाव भी दिखेंगे। जहां गेंदबाज गेंद पर लार लगा सकेंगे, वही दूसरी पारी में नई गेंद का इस्तेमाल और वाइड गेंदों के लिए हॉक आई का इस्तेमाल भी किया जा सकेगा। वाइड गेंद के लिए हॉक आई टेक्नीक का प्रयोग होगा। इसका इस्तेमाल करके अंपायर खिलाड़ी के ऊपर से जाने वाली गेंद और ऑफ स्टंप के बाहर जाने वाली गेंद के बारे में फैसला कर सकेंगे। वहीं लार पर लगे प्रतिबंध के हटने के बाद अब गेंदबाज लार लगाकर गेंद को चकमा सकेंगे। दूसरी पारी में दूसरी नई गेंदआईपीएल के कई मैचों में ओस एक अहम भूमिका निभाती है। इसके चलते कई बार दूसरी पारी में गेंदबाजी करने वाली टीम को नुकसान उठाना पड़ता है। गेंद ओस से गीली हो जाने के चलते गेंदबाजों का इस पर नियंत्रण नहीं रह जाता है और बल्लेबाजों को लाभ होता है। आईपीएल में अब इस परेशानी से निपटने के लिए अब दूसरी पारी के 11वें ओवर में नई गेंद के इस्तेमाल का प्रावधान किया जा रहा है। एक बीसीसीआई अधिकारी के मुताबिक यह नियमों में बदलाव नहीं हैं। यह मैच खेल रही दोनों टीमों और अंपायरों की सहमति से लिया जाने वाला फैसला होगा। दूसरी गेंद बिल्कुल नई नहीं होगी, बल्कि इसे घिसकर पुराना बनाया जाएगा। यह नियम भी रात वाले मैचों में लागू होगा। वहीं ओवर रेट के लिए कप्तानों पर प्रतिबंध नहीं लगेगा। वहीं अभी तक ओवर रेट के लिए कप्तानों पर प्रतिबंध लगता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी जगह कप्तानों को नकारात्मक अंक दिए जाएंगे।

# टाइटंस की ओर से खेलने को लेकर उत्साहित सिराज आरसीबी छोड़कर भावुक हुए

नई दिल्ली। पिछले सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की खेलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस बार आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलेंगे। सिराज को नीलामी में गुजरात ने के12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। सिराज ने कहा, 'नए सत्र से पहले गुजरात की टीम से जुड़कर अच्छा लग रहा है पर आरसीबी को छोड़ना भी मेरे लिए आसान नहीं है क्योंकि उसमे विराट भाई ने मुश्किल समय में मेरा बहुत साथ दिया था।' सिराज जब सनराइजर्स हैदराबाद छोड़कर आरसीबी से जुड़े थे तो तब कप्तान रहे विराट ने उनका काफी साथ दिया था। सिराज ने कहा, 'अगर आप गुजरात के कप्तान शुभमन गिल की बात करते हैं तो वह गेंदबाजों का कप्तान है। वह कभी आपको कुछ नया करने या अपनी रणनीति लागू करने से नहीं रोकता है। हम दोनों ने एक साथ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था और हमारे बीच अच्छी दोस्ती है।' गुजरात टाइटंस के पास तेज गेंदबाज के तौर पर कागिसो रबाडा, राशिद खान, इशांत शर्मा और गेराल्ड कोएत्जी जैसे कुछ अनुभवी तेज गेंदबाज हैं और सिराज ने कहा कि इससे उनका कुछ बोझ कम हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'यह वास्तव में बहुत अच्छी बात है क्योंकि आपके पास इतना अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है जो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा और ये टीम के लिए अच्छा है। इन गेंदबाजों को अधिक मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है और वे अपनी रणनीति को अच्छी तरह से जानते हैं।'

# स्विस ओपन : भारत के शंकर सुब्रमण्यम ने विश्व के नंबर दो खिलाड़ी को हराकर किया उलटफेर

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** बासेल = भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया।

तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।

विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी में गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं।

सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यम ने एंटोनसेन के खिलाफ सटीक खेल दिखाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी का अपने शॉट पर नियंत्रण नहीं था। शुरुआती गेम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बढ़त बार-बार बदलती रही। ब्रेक के समय एंटोनसेन केवल एक अंक की बढ़त बना सके।

बाएं हाथ से खेलने वाले सुब्रमण्यम ने स्कोर 16-14 कर दिया, लेकिन दबाव बरकरार नहीं रख सके और एंटोनसेन ने पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में स्थिति एकदम से बदल गई और सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। एंटोनसेन ने निराशा में अपने रैकेट को लात भी मारी। सुब्रमण्यम ने पहले 8-4 और फिर ब्रेक तक 11-6 की बढ़त हासिल की।

एंटोनसेन ने एक और शॉट बाहर मारा जिससे भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम के शुरू में स्कोर एक समय 3-3 से बराबर था लेकिन इसके बाद एंटोनसेन ने पूरी तरह से नियंत्रण खो दिया और कई अप्रत्याशित गलतियां कीं, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-3 की बढ़त बना ली। सुब्रमण्यम ने इसके बाद भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और मैच अपनी झोली में डाल दिया।




# चैंपियंस ट्रॉफी से नुकसान नहीं 3 अरब रुपये का लाभ हुआ : पीसीबी

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से उसे नुकसान नहीं फायदा ही हुआ है। पीसीबी ने कहा कि हाल में ये खबरें आई थी कि चैम्पियंस ट्रॉफी में 869 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी उसे कुछ नहीं मिला जो आधारहीन बात है। पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जावेद मुर्तजा ने कहा कि इस आईसीसी टूर्नामेंट से पीबीबी का राजस्व काफी बढ़ा है। पीसीबी प्रवक्त ने कहा कि उसे 3 अरब रुपये का लाभ हुआ है। मीर ने कहा, टूर्नामेंट के सभी खर्च आईसीसी ने उठाए थे। पीसीबी ने गेट मनी और टिकटों की बिक्री से राजस्व अर्जित किया और ऑडिट के बाद, हमें आईसीसी से अतिरिक्त 3 अरब रुपये मिलने की उम्मीद है। मीर ने आगे कहा कि बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी से 2 अरब रुपये की कमाई का शुरुआती लक्ष्य रखा था पर उसने इस लक्ष्य को पार कर लिया। इस टूर्नामेंट का फाइनल दुबई में खेला गया था जहां भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया था। मीर ने बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नक्वी की भी बेहतर वित्तीय स्थिति के लिए सराहना की, क्योंकि उन्होने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 40 फीसदी अधिक लाभ कमाया।

## अजमेर दरगाह इलाके में फिर पकड़ा गया अवैध बांग्लादेशी नागरिक

अजमेर(एजेंसी)।अजमेर के दरगाह इलाके में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ के लिए चल रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक और बांग्लादेशी घुसपैठिए को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी मोहम्मद अली उर्फ आशिक पुत्र मोहम्मद जफर अली की पहचान टोंगी सिटी इरशाद नगर बस्ती बांग्लादेश के मूल निवासी के तौर पर पुलिस ने की है। अली करीब 10 साल पहले भारत-बांग्लादेश की बॉर्डर क्रॉस कर भारत में घुसा था। वह अलग-अलग शहरों में पहचान छुपाकर रहा और 18 मार्च को ही अजमेर पहुंचा था। अली खानाबदोश के तौर पर दरगाह इलाके में रह रहा था। शक होने पर पुलिस टीम ने अली को डिटेन कर तफ्तीश की उसकी वास्तविकता सामने आ गई। अभियान के तहत पुलिस ने पिछले 4 महीने में दरगाह इलाके से 19 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा है। पकड़े गए सभी बांग्लादेशियों को अलवर स्थित डिटेंशन सेंटर पर भेजा गया है। पुलिस अब तक 7 को वापस बांग्लादेश भेज चुकी है।

## दिशा सालियन मामला : आदित्य ठाकरे ने कहा कोर्ट में दूंगा जवाब



मुंबई (एजेंसी)। दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर दिशा सालियन की मौत के मामले में उनके पिता सतीश सालियन ने बॉम्बे हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है। इस मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे पर आरोप लगाया गया है। अब आदित्य ठाकरे ने इस मामले में पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा दिशा सालियन की मौत का मामला पांच साल से चल रहा है और यह कोर्ट में है। वह इस बारे में कोर्ट में जवाब देंगे। आदित्य ठाकरे ने कहा कि हमने इस सरकार को बेनकाब कर दिया है। संघ ने भी सरकार को बेनकाब कर दिया है। महाराष्ट्र को कहां ले जाया गया है, आज यही सवाल है। हमने औरंगजेब, हिंदुत्व पर उन्हें बेनकाब कर दिया। हमने हर मुद्दे पर उन्हें बेनकाब कर दिया। पिछले 5 सालों से मानहानि की कोशिशें चल रही है। हम इस बारे में कोर्ट में जवाब देंगे। मैं इस पर राजनीति नहीं करना चाहता। आदित्य ठाकरे ने कहा कि विधान परिषद में विश्वास प्रस्ताव लाया गया है और यह प्रक्रिया के दृष्टिकोण से आया है। इस तरीके से काम कभी नहीं किया गया। सरकार विधान परिषद का अपमान कर रही है। हमने कई बार बोलने की कोशिश की है। हमें मुद्दे उठाने की अनुमति मिलनी चाहिए। सत्ता पक्ष ही कार्यवाही बंद करवाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि मंत्री या अधिकारी मौजूद नहीं हैं। इन मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए, ऐसा भी आदित्य ठाकरे ने कहा। आदित्य ठाकरे ने आगे कहा कि हमने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे मंत्रियों और मुख्यमंत्री को बुलाएं और मंत्रियों को समझाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि मंत्रियों को पूरी तत्परता से अपने-अपने जवाब देने चाहिए। मंत्रियों को विधान परिषद में उपस्थित रहना चाहिए। हम लोगों के सवाल उठाते हैं। हम सत्ताधारी विधायकों की तरह कार्यवाही बंद नहीं करते। आदित्य ठाकरे ने आलोचना की है कि मंत्रियों और सत्ता में बैठे लोगों को मुद्दों को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

## भाजपा विधायक के साथ पुलिस की धक्कामुक्की, कपड़े फटे

गाजियाबाद(एजेंसी)। लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र में गुरुवार को कलश यात्रा निकालने के दौरान विधायक नंद किशोर गुर्जर और उनके समर्थकों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान विधायक के कपड़े फट गए तो थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक के साथ अभद्रता हुई। हंगामे के बाद विधायक लोगों के साथ सड़क पर धरने पर बैठ गए। हंगामा होने पर पुलिस ने यात्रा को जाने दिया। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई की बात कही है तो विधायक ने अन्न-जल त्यागने की घोषणा की है। संगम विहार स्थित कन्या डिग्री कॉलेज परिसर में गुरुवार को सात दिवसीय रामकथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन विधायक नंद किशोर गुर्जर ने क्षेत्र की महिलाओं के साथ दोपहर साढ़े तीन बजे कलश यात्रा शुरू की। पुलिस ने अनुमति न लेने और गैर परंपरागत आयोजन होने के चलते कलश यात्रा रोक दी। इस पर विधायक और उनके समर्थकों की पुलिस से धक्का-मुक्की हो गई। विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने कलश यात्रा को जाने दिया। इसके बाद कलश यात्रा संगम विहार, राजीव गार्डन, लक्ष्मी गार्डन, इंद्रापुरी होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई की बात कही है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी का कहना है कि एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह को 19 मार्च को सूचना मिली कि विधायक नंदकिशोर गुर्जर के पुत्र हितेश गुर्जर गुरुवार को जुलूस निकालने वाले हैं। इस पर लोनी बॉर्डर थाना प्रभारी ने बुधवार रात को हितेश गुर्जर और उनके समर्थक को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। गुरुवार सुबह थाना प्रभारी ने विधायक नंद किशोर गुर्जर से बातकर जुलूस न निकालने का आग्रह किया।

## किसान विधानसभा घेराव करते इससे पहले मान सरकार ने बुलाई बैठक

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब सरकार ने किसानों के आगामी विधानसभा घेराव को देखते हुए अहम बैठक बुलाई है। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड़ियां आज शुक्रवार शाम 4:00 बजे चंडीगढ़ स्थित पंजाब भवन में संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब चैप्टर और भारतीय किसान यूनियन उगराहां समूह के नेताओं से बातचीत करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले 3 मार्च को हुई बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों से चर्चा के दौरान बैठक छोड़कर चले गए थे। इसके बाद किसानों को चंडीगढ़ में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। इसी के चलते शंभू और खनौरी बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों पर पंजाब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया था। 19 मार्च को पंजाब पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 महीने से धरने पर बैठे किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

# 'यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा', कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण पर भड़क गई बीजेपी, राहुल गांधी को बताया आलमगीर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस पर कर्नाटक में कॉन्ट्रैक्ट जिहाद करने का आरोप लगाया। राज्य विधानसभा ने सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण की अनुमति देने वाला विधेयक पारित किया है। भाजपा ने इसे ओबीसी, एससी और एसटी के अधिकारों का उल्लंघन बताया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य सरकार के फैसले को आगे बढ़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि वह मुस्लिम कोटे की बैसाखी का इस्तेमाल अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि इसके बिना वह कुछ नहीं कर पाएंगे।

संबित पात्रा ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा में आज कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता विधेयक में संशोधन के साथ पारित किया गया है। इसका मतलब यह है कि आज से कर्नाटक में जो सरकारी ठेके हैं, उन ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ये बताते हुए दुख हो रहा है कि ये जो मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, वो ओबीसी कैटेगरी 2बी में से दिया गया है। इसका अर्थ है कि कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने ओबीसी बंधुओं के अधिकार में सेंधमारी कर मुसलमानों को दिया है।

भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने ये जो निर्णय लिया है, यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। हमने सदैव देखा है कि कांग्रेस पार्टी व उसके घटक दलों की राजनीति परिवारवाद, तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर ही चलती है। इसलिए ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि कहीं न कहीं राहुल गांधी पॉलिटिकली अनफिट हैं, इसलिए वे तुष्टिकरण के माध्यम से अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने उर्दू में तुकांत पंक्तियों का प्रयोग करते हुए उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब पर आधारित एक नाटक में कहा, 'आलमगीर राहुल-जेब' 'जहांपनाह' बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि ऐसे ही 1947 और उससे पहले नेहरू जी की महत्वाकांक्षा के कारण जो बात केवल एक चिंगारी के रूप में आरंभ हुई थी, वो देश के विभाजन पर समाप्त हुई। 'मुझे राष्ट्राध्यक्ष बनना है...' उसके लिए भारत के टुकड़े किए गए। आज राहुल गांधी उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए, जो आज 4 प्रतिशत पर शुरू हुआ है, कल वो 100 प्रतिशत करने की मंशा इन लोगों में है।

## किसानों के मुद्दे पर मुखर हुए बजरंग पूनिया, अपना हक मांग रहे, क्या बुरा कर रहे

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान और कांग्रेस नेता बजरंग पूनिया इस बार किसानों के मुद्दे पर मुखर हुए है। किसानों को लेकर पुनिया ने अपनी निराशा व्यक्त की है। पंजाब के शंभू बॉर्डर से कई किसानों को हटाया गया है, इस पर पूनिया दुखी हो गए है। घटना के बाद कांग्रेस नेता पुनिया ने पोस्ट किया है। उन्होंने प्रतिक्रिया देकर कहा कि शंभू और खनौरी बॉर्डर पर बीते 13 माह से किसान आंदोलनरत थे। इस दौरान किसानों पर कई अत्याचार हुए। सरकार ने किसानों को गोली चलवाने से भी परहेज नहीं किया। किसान शुभकरण को गोली तक मारी गई। कांग्रेस नेता पूनिया ने कहा कि किसान जो भी मांग कर रहे हैं, वे उचित है। किसान सिर्फ अपनी मेहनत का उचित मूल्य मांग रहे है। लेकिन सरकार किसानों के साथ मारपीट हो रही है। उनका हौसला तोड़ने के लिए उन्हें तरह तरह की यातनाएं दी जा रही है। पूनिया का कहना है कि मोदी सरकार धोखे से किसानों के साथ बैठक करती है और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लेती है। धरना स्थल को बुलडोजर से नष्ट किया जाता है। उन्होंने इस कदम की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के दबाव में आकर क्या पंजाब सरकार भी आ गई है। वर्तमान स्थिति भी जल्द ही साफ होगी। किसानों का समर्थन करते हुए पुनिया ने कहा कि किसान झुकेगा नहीं।



## राहुल गांधी पर मानहानि मामला: होली मिलन के चलते नहीं हो सकी सुनवाई

**-अब 3 अप्रैल को कोर्ट करेगी सुनवाई, राहुल के वकील गवाह से करेंगे जिरह**

**सुल्तानपुर (एजेंसी)।** यूपी के सुल्तानपुर में राहुल गांधी के मानहानि मामले में सुनवाई टल गई। दीवानी न्यायालय में होली मिलन कार्यक्रम को लेकर वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे जिसके चलते लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई एमपी/एमएलए कोर्ट में नहीं हो सकी। उक्त मामले में कोर्ट ने 3 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की है। अब 3 अप्रैल को राहुल गांधी के वकील अगले गवाह से करेंगे जिरह। दरअसल नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई होनी थी। लेकिन दीवानी न्यायालय में होली मिलन कार्यक्रम के आयोजन की वजह से सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे जिसकी वजह से सुनवाई टल गई। अब परिवादी की ओर से अगले गवाह से जिरह के लिए 3 अप्रैल की तारीख कोर्ट ने तय की है। बता दें बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी की थी, इससे वह आहत हुए हैं। कोर्ट में 5 साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 के दो मुचलके पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। दर्जनों तारीखों के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे थे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया और कहा था उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। इसके बाद कोर्ट में वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस साल 2 जनवरी को जिरह पूरी नहीं होने पर कोर्ट ने 10 जनवरी व 22 जनवरी की तारीख नियत की थी लेकिन इन दोनों ही तिथियों पर अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते सुनवाई टल गई थी।

# राष्ट्रगान के दौरान हिलते-डुलते, हंसते और हाथ जोड़ते नजर आए सीएम नीतीश

**-विधानसभा में हंगामा, विपक्ष ने कहा-राष्ट्रगान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) समेत अन्य विपक्षी दलों ने शुक्रवार को विधानसभा में हंगामा किया। सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश के वीडियो पर निशाना साधते हुए कार्य स्थगन का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

इसके बाद विपक्षी विधायक वेल में उतरकर हंगामा करने लगे। इस दौरान कुछ विधायक रिपोर्टर टेबल पर चढ़ गए। स्पीकर ने दोपहर दो बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। पहली पाली में सदन की कार्यवाही मात्र 8 मिनट ही चल सकी।

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी विधायकों ने विधानसभा पोर्टिको में भी सीएम नीतीश के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। तेजस्वी समेत अन्य विपक्षी सदस्य हाथों में पोस्टर लेकर विधानसभा पहुंचे। इससे पहले आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को सीएम नीतीश का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें सीएम नीतीश एक कार्यक्रम में राष्ट्रगान के दौरान हिलते-डुलते, हंसते और हाथ जोड़ते दिख रहे हैं। अब इस वीडियो पर विधानसभा में हंगामा हो गया।



वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि सीएम नीतीश कुमार बड़े हैं। हम उनका सम्मान करते हैं, लेकिन जिस तरह हमारे सीएम ने राष्ट्रगान का अपमान किया है, बिहारी होने के नाते हम शर्मिंदा हैं। नीतीश ने बिहारियों का सिर शर्म से झुका दिया है। देश के इतिहास में पहली बार किसी राज्य के सीएम को राष्ट्रगान का अपमान करते देखा गया है। नीतीश कुमार को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

बिहार विधान परिषद की कार्यवाही शुरू होने के 10 मिनट के अंदर स्थगित कर दी गई। परिषद में विपक्ष के सदस्यों द्वारा खेल कार्यक्रम में सीएम नीतीश द्वारा राष्ट्रगान का अपमान किए जाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह ने शुक्रवार को सदन में कार्यस्थगन प्रस्ताव पेश किया। जिसे सभापति ने नियम विरुद्ध बताकर अस्वीकृत कर दिया। इसके बावजूद विपक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। परिषद में नेता विपक्ष राबड़ी देवी ने राष्ट्रगान के अपमान को देश का अपमान बताया है। इस पर सभापति ने कहा कि यह बोलकर बिहार का अपमान किया जा रहा है। कोई भी बात इस संबंध में कार्यवाही में दर्ज नहीं होगी। वहीं, जदयू के नीरज कुमार ने भी विपक्ष के सदस्यों का विरोध किया। शोर के बीच औपचारिक कार्य निबटाए गए और सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# मणिपुर में शांति बहाली के लिए संघ ने किए विशेष प्रयास : मुकंदा

**-आरएसएस प्रतिनिधि सभा की बैठक : मनमोहन सिंह समेत जाकिर हुसैन और श्याम बेनेगल को भी दी गई श्रद्धांजलि**



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक बेंगलुरु में आयोजित की गई, जिसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सहित संगठन के शीर्ष पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, प्रख्यात तबलावादक जाकिर हुसैन, गायक श्याम बेनेगल, अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय, केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रधान और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आरएसएस के सह-सरकार्यवाह सीआर मुकंदा ने बैठक में मणिपुर की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में शांति बहाली के लिए संघ ने विशेष प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा, कि मणिपुर में हालात अब भी सामान्य नहीं हैं। सरकार ने भी कदम उठाए हैं, लेकिन आरएसएस की ओर से भी वहां शांति के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। संघ की बैठक में परिसीमन मुद्दे पर भी चर्चा की गई। सीआर मुकंदा ने स्पष्ट किया कि परिसीमन को लेकर जो अनुपात तय किया गया है, वही आगे भी लागू रहेगा। इस पर लगाए जा रहे आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

**मातृभाषा सर्वोपरी लेकिन अन्य भाषाएं भी सीखें**

भाषा विवाद पर आरएसएस का स्पष्ट रुख सामने आया। संगठन ने कहा कि मातृभाषा सर्वोपरि है, और हर नागरिक को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ कामकाज और रोजगार के लिए अन्य भाषाएं भी सीखनी चाहिए। आरएसएस ने यह भी कहा कि स्थानीय भाषाओं में रुपये के प्रतीक को मान्यता दी जानी चाहिए।

**राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय पहचान पर जोर**

बैठक में देश के सांस्कृतिक और सामाजिक विकास पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय पहचान और नागरिकों के पंजीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए सीआर मुकंदा ने कहा कि हर नागरिक की पहचान और रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। इस बैठक में हिंदू प्रतिनिधियों और इस्कॉन प्रमुखों ने भी हिस्सा लिया। इस बैठक में आरएसएस ने भाषा, परिसीमन, मणिपुर संकट और राष्ट्रीय पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। संगठन ने राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# बंगले में लगी आग तो खुला राज कि जज साहब तो हैं धनकुबेर

**-कैश का भंडार मिलने के बाद कॉलेजियम ने की तबादले की सिफारिश**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले की सिफारिश की है। यह निर्णय तब आया जब उनके सरकारी बंगले में आग लगने के बाद भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने उन्हें वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने की अनुशंसा की है।

सूत्रों के अनुसार, जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास में अचानक आग लग गई थी। जब दमकल कर्मियों ने आग बुझाई, तो बंगले के अंदर भारी मात्रा में नकदी पाई गई। इसके बाद यह मामला न्यायपालिका के उच्चतम स्तर तक पहुंचा, और सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने आपात बैठक बुलाकर जस्टिस वर्मा के तबादले का निर्णय लिया। बताया गया है कि आग लगने के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली में मौजूद नहीं थे। उनके परिवार के सदस्यों ने पुलिस और



दमकल विभाग को सूचित किया था। आग बुझाने के बाद जब सरकारी रिकॉर्ड में बेहिसाब नकदी दर्ज हुई, तो सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद आपात बैठक में उनके ट्रांसफर की सिफारिश की गई। सूत्रों की मानें तो सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के कुछ सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है। उनका मानना है कि केवल तबादला करने से न्यायपालिका की छवि प्रभावित हो सकती है। कुछ सदस्यों का सुझाव है कि जस्टिस वर्मा से इस्तीफा लिया जाना चाहिए, अन्यथा उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की जाए।

**इन-हाउस जांच की प्रक्रिया**

संविधान के अनुसार, किसी भी न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितता या कदाचार के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 1999 में एक इन-हाउस प्रक्रिया स्थापित की थी। इस प्रक्रिया के तहत, सीजेआई पहले संबंधित न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगते हैं। यदि जवाब संतोषजनक नहीं होता, तो एक विशेष समिति गठित की जाती है, जो जांच के आधार पर निर्णय लेती है।

**कपिल सिबल की आई प्रतिक्रिया**

इस मामले पर वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने कहा, कि मुझे इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार का मुद्दा बेहद गंभीर है। अब समय आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाए।

इस पूरे घटनाक्रम को जानकार न्यायपालिका की साख पर गंभीर प्रश्न खड़ा करने वाला बता रहे हैं। अब देखना यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम आगे क्या कदम उठाता है और क्या जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू होती है या नहीं।

# सुनीता वापस आई, अब अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने को तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 286 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने के बाद बुधवार सुबह स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के द्वारा धरती पर सुरक्षित लौट आई हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन यान की सफल वापसी के बाद अब दुनिया की नजर आगामी एक्सियम मिशन 4 (एएक्स-4) पर टिकी है, इसमें भारत की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। वसंत 2025 में लांच होने वाले निजी अंतरिक्ष मिशन में पहली बार भारतीय वायुसेना के टेस्ट पायलट और गगनयान मिशन से जुड़े अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जाएगा। यह मिशन नासा के केनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से स्पेसएक्स के ड्रैगन यान के जरिए रवाना होगा और करीब 14 दिनों तक चलेगा।

एएक्स-4 मिशन में शुक्ला के अलावा, नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन कमांडर की भूमिका निभाएंगी। उनके साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के अंतरिक्ष यात्री सावोश उजनांस्की-विस्नीवस्की (पोलैंड) और तिबोर कापू (हंगरी) भी शामिल रहने वाले है। यह टीम अंतरिक्ष में विभिन्न वैज्ञानिक रिसर्च, शैक्षिक गतिविधियां और व्यावसायिक परियोजनाओं में शामिल होगी। यह पहली बार होगा जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री निजी मिशन के तहत आईएसएस पर जाएगा। भारत और निजी अंतरिक्ष अभियानों के लिए बड़ी उपलब्धि एएक्स-4 मिशन न केवल अंतरिक्ष में निजी कंपनियों की बढ़ती भागीदारी को दिखाता है, बल्कि यह भारत और अमेरिका के बीच इसरो और नासा के सहयोग को मजबूत करता है। नासा की आईएसएस प्रोग्राम मैनेजर डाना वेइगेल ने कहा, निजी अंतरिक्ष मिशन माइक्रोग्रैविटी रिसर्च के लिए नए मौके पैदा करने के साथ-साथ मानव अंतरिक्ष उड़ान की पहुंच को भी व्यापक बना रहे हैं।

क्योंकि इससे मिलने वाले अनुभवों को भारत के गगनयान मिशन में भी इस्तेमाल किया जाएगा। भारत की यह ऐतिहासिक भागीदारी भविष्य में अंतरिक्ष अन्वेषण और व्यावसायिक अंतरिक्ष यात्रा के दरवाजे खोल सकती है। एशिया का पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना एक्सियम स्पेस कंपनी भविष्य में दुनिया का पहला निजी स्पेस स्टेशन विकसित करने की योजना बना रही है और एएक्स-4 मिशन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एएक्स-4 मिशन की तैयारियां जोरों पर हैं और भारत के शुक्ला की ऐतिहासिक यात्रा को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है। यह मिशन वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष अभियानों में भारत की भागीदारी को एक नई ऊंचाई पर ले जाने वाला साबित हो सकता है।



सुनीता की वापसी और शुभांशु शुक्ला की आगामी यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में नए अध्याय जोड़ रही हैं। जहां सुनीता ने अपनी अद्भुत अंतरिक्ष यात्रा के साथ एक मिसाल कायम की है, वहीं शुभांशु भारत के अंतरिक्ष सपनों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**